नवबिहार टाइम्स
निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1975:** भारत के राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की थी।

**1983:** भारत पहली बार क्रिकेट विश्व कप का विजेता बना।

**1950:** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर हमला किया था।

**2005:** ईरान के राष्ट्रपति चुनावों में कट्टरपंथी माने जाने वाले महमूद अहमदी नेजाद की जीत हुई।

• बोकारो, बुधवार, 25 जून 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 39 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## हथियारबंद अपराधियों ने सड़क निर्माण कंपनी के कैंप पर किया हमला

# रोड रोलर समेत सात वाहन फूंके

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के बड़कगांव प्रखंड अंतर्गत जोरकाट इलाके में सोमवार देर रात अपराधियों ने भारी उत्पात मचाया। करीब 35 हथियारबंद अपराधियों के एक गिरोह ने सड़क निर्माण स्थल पर धावा बोलते हुए रोड रोलर, जेसीबी और ट्रकों सहित कुल सात वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। जानकारी के अनुसार, यह सड़क निर्माण कार्य एनटीपीसी की बादाम कोल परियोजना के तहत एमएस पूजा इंटरप्राइजेज कंपनी द्वारा किया जा रहा था। अपराधियों ने दो जेसीबी मशीन, दो हाईवा ट्रक, एक ग्रेडर, एक टैंकर और एक पिकअप वैन को पूरी तरह फूंक डाला। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, अपराधियों ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों को और गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी है। आशंका जताई जा रही है कि यह हमला लेवी नहीं देने के कारण किया गया है। अक्सर विकास कार्यों में लगे संवेदकों पर अपराधी दबाव बनाते हैं और धमकी देकर लेवी वसूलते हैं।



घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि अब किसी भी समय हत्या, अपहरण या लूट की आशंका बनी रहती है। लोगों का यह भी आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक निष्क्रियता के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अपराधियों की इन गतिविधियों से क्षेत्रीय विकास कार्यों पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। संवेदकों में भय का माहौल है और कई बार सुरक्षा के अभाव में निर्माण कार्य बाधित हो जाता है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। हालांकि, लोगों को अब ठोस कार्रवाई की प्रतीक्षा है ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल हो सके।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार ससुर-दामाद की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना हुई है। घटना में बाइक सवार दामाद-ससुर चपेट में आ गए। मौके से दोनों को बगोदर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। घटना के बाद पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर सरिया पुलिस भी पहुंची है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतकों में गौरव कुमार रजक उर्फ टिंकू और सहदेव मंडल बैठा शामिल हैं। लोगों ने बताया कि दोनों ससुर-दामाद थे। इसमें गौरव कुमार रजक सरिया के कलाली रोड के पास का रहने वाला था। वे अपने ससुर बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बेड़ो कला निवासी सहदेव मंडल के साथ बाइक पर सवार होकर बगोदर की तरफ जा रहा था। इसी बीच बगोदर-सरिया अनुमंडल कार्यालय के निकट खड़े ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक इलाज के लिए बगोदर लाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे भाकपा माले नेता सोनू पांडेय ने घटना को दुखद बताया है। उन्होंने कहा है कि आउट सोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शवों के पोस्टमार्टम में देरी हो रही है। मौके पर पहुंचे बगोदर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। शवों के पोस्टमार्टम के लिए पहल की जा रही है।

## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा-गुमला एनएच-143 पर तपकरा डैम के पास सोमवार की देर शाम बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक सवारों की एक ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे ने अस्पताल जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान कोलेबिरा थाना क्षेत्र के लचरागढ़ पंचायत के कोंबाकेरा निवासी सूरज बाधवार, अमृत बाधवार और कोलेबिरा पहाड़ टोल निवासी मानु टेटे के रूप में की गई। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर गुमला स्थित तपकरा डैम से वापस कोलेबिरा लौट रहे थे तभी गुमला-कोलेबिरा नेशनल हाईवे-143 पर सिमडेगा सीमा पर सामने से आ रहा ट्रक टकरा गए। इस हादसे में सूरज और अमृत ट्रक के नीचे जा फंसे और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, तीसरा मानु उछलकर ट्रक के साइड में जा गिरा। इससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मानु को रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन रिम्स जाने के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वहीं, सूचना पर कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह घटनास्थल पहुंचकर गुमला से क्रेन मंगा कर कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

## पांच लाख का इनामी उग्रवादी गिरफ्तार

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** गुमला पुलिस ने जेजेएमपी के पांचलाख रुपए के इनामी उग्रवादी फिरोज अंसारी को गिरफ्तार किया है। घाघरा के जंगल से पकड़े गए 35 वर्षीय अंसारी लोहरदगा जिले के रुबेद गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गुमला के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने मंगलवार को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के सुप्रीमो रबिन्द्र यादव अपने दस्ते के साथ घाघरा के जंगल में बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। पुलिस ने फिरोज के पास से एक .303 राइफल और 200 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके अलावा 7.62एमएम के 150 जिंदा कारतूस, तीन स्मार्टफोन, दो कीपैड मोबाइल, दो डायरी, एक मोबाइल चार्जर, एक जिओ राउटर और एक पिट्टू बैग भी जब्त किया गया। एसपी के अनुसार पुलिस को देखते ही उग्रवादियों का दस्ता भाग गया, लेकिन फिरोज अंसारी को पकड़ लिया गया। झारखंड सरकार ने आत्मसमर्पण नीति के तहत उस पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। फिरोज पहले भी जेल जा चुका है। लातेहार, गुमला और लोहरदगा में उस पर कुल 11 मामले दर्ज हैं।

## पत्नी की हत्या कर पति फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन के पास स्थित कुम्हारटोली में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव को कमरे में बंद कर फरार हो गया। मंगलवार को पुलिस ने शव बरामद किया। महिला का चेहरा कुचला मिला है। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा आरोपी की तलाश में जुट गई है। मृतका की पहचान पूनम देवी (25) के रूप में की गई है। सदर थाना क्षेत्र के लहसुनिया की रहने वाली पूनम और चौरा बांसडीह निवासी अशोक यादव ने परिजनों के मर्जी के खिलाफ दो साल पहले प्रेम विवाह किया था। इसके बाद से दोनों के बीच आपस में विवाद होता रहता था। दंपति कुम्हारटोली में कुमार अनूप सिंह के घर के एक कमरे में छह माह से किराए पर रह रहे थे। दोनों मजदूरी करते थे। सोमवार की रात पूनम की हत्या कर अशोक कमरे में बाहर से ताला लगाकर भाग निकला। पूनम के मर्डर की जानकारी मंगलवार को दोपहर दो बजे हुई। मौके पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योतिलाल रजवार पुलिस टीम के साथ पहुंचे। कमरे का ताला तोड़कर महिला का शव निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए एमएमसीएच भेजा। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए तलाश की जा रही है। इधर, दंपीी के बगल के कमरे में किराए पर रहने वाली महिला गीता देवी ने बताया कि पति-पत्नी के बीच पैसे को लेकर हमेशा लड़ाई होती थी। घटना वाली रात 11 बजे तक दोनों लड़े थे। सुबह उठने पर उन्होंने देखा कि कमरे के दरवाजे पर ताला लगा हुआ है।




**संक्षिप्त समाचार**

## वन विभाग गांव में जाकर दे रहे कृषि वानिकी योजना का लभ

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** तिरहुत वन प्रमंडल की ओर से चलाए जा रहे कृषि वानिकी योजना के अंतर्गत गांव में जाकर विभाग की टीम किसानों से आवेदन ले रहे हैं और उन्हे पौधरोपण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। तिरहुत वन प्रमंडल पदाधिकारी नरीन्दर पाल सिंह ने बताया कि इस अभियान से गांव के लोगों में जागरूकता आएगी ओर पौधरोपण की गति में तेजी आएगी। इसमे जन प्रतिनिधिगण भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। विभाग के अधिकारी ने बताया कि पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा तीन हजार पौधे के लिए आवेदन किए हैं। छपरा के महंत राज किशोर दास दो हजार पौधे के लिए आवेदन किए हैं। चकिया दरबार के कृष्णा ने तीन हजार पौधे के लिए आवेदन दिए हैं। भाजपा नेता देवांशू किशोर ने भी किसानों को जागरूक किया और कई किसानों से आवेदन दिलाया। पूर्व जिला परिषद सदस्य अमित कुमार ने अपने गांव नरसिंहपुर में कई किसानों से आवेदन करवाया। मनीका विशुनपुर चांद में मुखिया विजय के सहयोग से स्थानीय किसानों द्वारा अच्छी संख्या में किसानों से आवेदन कराया। इस अभियान में प्रमुख रूप से रेस्क्यू टीम के प्रभारी नवरत्न कुमार झा, रजनीश कुमार, शशि शेखर, राजू कुमार झा लगातार किसानों के घर जाकर पौधरोपण के लिए जागरूक कर रहे हैं।--

## सोख्ता का निर्माण नहीं करानेवालों पर कड़ी कार्रवाई होगी : नगर आयुक्त

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नगर आयुक्त विक्रम विरकर ने नगर निगम इलाके में चल रहे वाहन सर्विसिंग केंद्रों के संचालकों एवं जल व्यवसायियों के साथ सोमवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी व्यवसायियों एंव सर्विस सेंटर संचालाकों को जल संरक्षण के लिए सोख्ता बनाए जाने की कड़ी चेतावनी दी। कहा कि एक सप्ताह के अंदर अपशिष्ट जल का पुनर्भरण के लिए निर्धारित मानक के अनुसार सोख्ता बनाएं। ऐसा नहीं करनेवालों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। विरकर ने शहरी इलाकों मे गिरते भू जल स्तर पर गहरी चिंता जताई। हाल के दिनों में कराए गए सर्वे में इसके लिए वाहन सर्विसिंग सेंटरों और जल संयंत्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण माना गया। कहा कि अधिकांश वाणिज्यिक इकाइयों द्वारा जल का बेतहाशा उपयोग तो किया जा रहा है, किंतु उसके संरक्षण या पुनर्भरण की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। साथ ही इनके द्वारा सोख्ता निर्माण और निगम से निबंधन नहीं कराना काफी गंभीर मसला है। इसलिए बैठक में उनको स्पष्ट रूप से जल का न्यूनतम उपयोग सुनिश्चित करने और सोख्ता का निर्माण कराने के लिए कहा गया। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम प्रशासन जल्द ही इसको लेकर एक सघन छापेमारी अभियान शुरू करेगा। इसमें उन सभी वाहन सर्विसिंग सेंटर्स एवं जल व्यवसायियों की जांच की जाएगी, जिन्होंने अभी तक न तो निगम से निबंधन कराया है एवं न ही निर्धारित मानकों के अनुसार जल पुनर्भरण हेतु कोई संरचना विकसित की है। अभियान के दौरान पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध आर्थिक दंड सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**अभी तक सिर्फ 3 जगहों पर ही हुआ काम**

# नालंदा में लोकायन नदी के जलस्तर में गिरावट बाढ़ से टूटे तटबंधों की मरम्मत अधूरी



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले में लोकायन नदी के उफान के चलते बनी बाढ़ की स्थिति अभी भी पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं आई है। चार दिन पहले नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि के कारण कई स्थानों पर तटबंध टूटने से व्यापक क्षति हुई है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, लेकिन अभी तक पांच में से केवल तीन स्थानों पर ही काम पूरा हो सका है।

### हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न

एकंगरसराय के केशोपुर, हिलसा के धूरी बिगहा, आंकोपुर, मुर्गियाचक, बड़की घोषी, करायपरसुराय के कमरथु, बेरमा छिलका, छितर बिगहा और पकरी के पास तटबंधों के टूटने से हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। केशोपुर, छितर बिगहा और पकरी के तटबंधों को दुरुस्त करने में सफलता मिली है, लेकिन शेष स्थानों पर अभी भी कार्य जारी है।

इन क्षेत्रों में बाढ़ का पानी अभी भी खेत-खलिहानों में जमा है। जिससे फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि गरमा धान, मक्का, मूंग और सब्जी की फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

### जलस्तर में गिरावट से मिली राहत

लोकायन नदी के जलस्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। करायपरसुराय प्रखंड में सोमवार को नदी के जलस्तर में करीब पांच फीट की कमी दर्ज की गई है। उदेरा स्थान बराज से पानी की आमद कम होने के कारण यह स्थिति संभव हुई है। बेरथू-डियावां मुख्य मार्ग पर बाहापर पुल के समीप पानी का स्तर घट गया है, लेकिन मुसाढी, कमरथु, फतहपुर और मकरौता गांव अभी भी बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की मकरौता पंचायत में स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### राहत कार्यों में तेजी

प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर लगाया गया है। जिससे स्थानीय लोगों को कुछ राहत मिली है। अधिकारियों का कहना है कि मंगलवार तक अधिकांश तटबंधों की मरम्मत का कार्य पूरा होने की उम्मीद है। जैसे-जैसे बाढ़ का पानी कम हो रहा है, तबाही का पूरा मंजर सामने आ रहा है। लोगों में राहत के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों की चिंता भी बढ़ रही है।

### महामारी का बढ़ता खतरा

पानी निकलने के बाद जगह-जगह गड्ढों में जमा पानी से महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। इस स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से ब्लीचिंग का छिड़काव कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ के बाद पेट की बीमारी, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए निवारक उपायों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### कृषि और पशुपालन पर प्रभाव

बाढ़ का सबसे ज्यादा प्रभाव कृषि क्षेत्र पर पड़ा है। किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। गरमा धान, मक्का, मूंग और सब्जियों की खेती को भारी नुकसान हुआ है। यह नुकसान न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करेगा बल्कि स्थानीय खाद्य आपूर्ति पर भी असर डालेगा। पशुपालन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हरे चारे की भारी किल्लत के कारण किसानों को केवल सूखे चारे पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इसका सीधा प्रभाव दुग्ध उत्पादन पर दिख रहा है।

## भभुआ में शिक्षा विभाग के दफ्तर के पास सरेआम फायरिंग, युवक को गोली मारकर भागे बदमाश

**भभुआ, एजेंसी।** बिहार के भभुआ शहर में मंगलवार सुबह शिक्षा विभाग के कार्यालय के सामने फायरिंग हो गई। बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार दी और वहां से भाग निकले। गोलीबारी में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में बीएचयू में ट्रॉमा सेंटर ले गए। सरकारी कार्यालय के पास हुई वारदात से शहर में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गोलीबारी में घायल हुए युवक का नाम अभिषेक कुमार है। वह भभुआ शहर की जायका गली का रहने वाला है। उसकी उम्र 22 साल है। जानकारी के अनुसार अभिषेक सुबह अपने किसी मिलने वाले को अखलासपुर बस पड़ाव पर छोड़कर बाइक से वापस घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान एनएच 219 पर शिक्षा विभाग के कार्यालय के पास उस पर हमला कर दिया गया। बदमाशों ने अभिषेक पर फायरिंग कर दी। उसके हाथ में गोली लगी है। फायरिंग कर बदमाश मौके से फरार हो गए। प्राथमिक उपचार के दौरान सदर अस्पताल में उसने पुलिस को बयान दिया जिसमें दो बदमाशों के नाम लिए हैं।

# गोपालगंज में मेंटेनेंस कर्मी की करंट लगने से मौत

### टेलीकॉम टावर पर काम करते समय हादसा, 5 माह की गर्भवती पत्नी हुई अकेली



**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज में टेलीकॉम टावर पर काम करते समय मेंटेनेंस कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना बरौली थाना क्षेत्र के दंगसी गांव की है। मृतक की पहचान दंगसी गांव निवासी रामनिवास राम के बेटे कन्हैया कुमार(25) के रूप में हुई है। सोमवार की देर शाम कन्हैया टेलीकॉम टावर पर मरम्मत का काम कर रहा था। इसी दौरान वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल रेफर किया। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पांच माह की गर्भवती है पति :** थानाध्यक्ष पप्पू कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि काम के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। परिजनों ने बताया कि कन्हैया की शादी दो साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी पांच माह की गर्भवती है। तीन भाइयों में मझला कन्हैया घर का एकमात्र सहारा था। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुटी है।



## धमदाहा में अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी : पुलिस ने टेंपो से 64 लीटर अंग्रेजी शराब की जब्त, तस्कर फरार

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के धमदाहा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नीरपुर गोरियारी गांव से बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने एक टेंपो से 64 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की। थाना अध्यक्ष सरोज कुमार के अनुसार, शराब की सप्लाई की गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम नीरपुर गांव पहुंची। पुलिस को देखते ही तस्कर टेंपो छोड़कर भाग गया। जब्त की गई शराब में रॉयल स्टैग की 3 बोतल (750 एमएल), इंपीरियल ब्लू की 42 बोतल (750 एमएल), हारवर्ड 5000 बियर के 26 केन और अन्य शराब के 80 पाउच शामिल हैं।

पुलिस टेंपो के नंबर के आधार पर मालिक की तलाश कर रही है। इस क्षेत्र में अंग्रेजी और देसी महुआ शराब का अवैध कारोबार चल रहा है। लंबे समय बाद पुलिस को इतनी बड़ी मात्रा में शराब पकड़ने में सफलता मिली है।

# उत्तर बिहार से चलने वाली कई ट्रेनों का मार्ग 27 जून से बदल जाएगा



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** उत्तर बिहार से पंजाब के अमृतसर जाने वाली दर्जनभर ट्रेनों का मार्ग 27 जून से बदल जाएगा। पंजाब के जंडियाला में लांगर लूप लाइन पर 26 जून से 14 जुलाई तक एनआई वर्क होगा। इसको लेकर कर्मभूमि, सरयू यमुना, शहीद, जनसाधारण, जननायक सहित 27 ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। इनमें 11 मेल-एक्सप्रेस व स्पेशल ट्रेनें मुजफ्फरपुर से गुजरने वाली हैं। उत्तर रेलवे की अधिसूचना के मुताबिक अमृतसर-व्यास के बदले ट्रेनें अमृतसर तरण तारण-व्यास होकर चलेंगी।

### ट्रेनों के नंबर व नाम तारीख

12408 कर्मभूमि एक्सप्रेस - 27 जून
12407 कर्मभूमि एक्सप्रेस - 2 व 9 जुलाई
04652 जयनगर-अमृतसर - 27, 29 जून व 2, 4, 6, 9, 11 व 13 जुलाई
14650/14674 अमृतसर-जयनगर - 27 से 30 जून, 01, 02, 05 व 14 जुलाई
14603 सहरसा-अमृतसर एक्स. - 27 जून
14673/14649 जयनगर अमृतसर एक्स. - 30 जून, 2 से 10 जुलाई
04651 जयनगर-अमृतसर एक्स. - 4, 6 व 8 जुलाई
04653 न्यूजलपाई गुड़ी से अमृतसर - 4 जुलाई
15707 कटिहार अमृतसर एक्स. - 10 से 12 जुलाई
15531 सहरसा-अमृतसर एक्स. - 13 जुलाई
15211 दरभंगा-अमृतसर एक्स. - 26 से 30 जून, 2, 7, 8 व 10 जुलाई

# रेलवे सामग्री चोरी करते 2 युवक गिरफ्तार

### किशनगंज के तौहीद हॉल्ट स्टेशन की घटना, सिग्नलिंग केबल और पेंड्रोल क्लिप बरामद

**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज के तौहीद हॉल्ट स्टेशन के पास से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे सामग्री चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राहुल कुमार(24) और मोहम्मद सज्जाद(19) के रूप में हुई है। आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर एम.के. बैरवा के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। तौहीद



हॉल्ट और हावड़ा-कटिहार रेलखंड के बीच चलाए गए संयुक्त अभियान में दोनों आरोपी ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन के पास संदिग्ध अवस्था में मिले।

**फेरीवालों को बेचने की बना रहे थे योजना :** आरपीएफ टीम को देखकर दोनों ने भागने की कोशिश की। उनके बैग से 12 कोर सिग्नलिंग केबल के छह टुकड़े और 14 पेंड्रोल क्लिप बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इस सामान को फेरीवालों को बेचने की योजना बना रहे थे। राहुल कुमार खगड़ा बीएसएफ कैंप का रहने वाला है। वहीं मोहम्मद सज्जाद माछमारा का निवासी है। दोनों के पास बरामद सामग्री के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। RPF ने रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय पुलिस और रेलवे प्रशासन के सहयोग से मामले की जांच जारी है।

# जनरेटर विस्फोट में 10 साल के बच्चे की मौत

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के जामो थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में सोमवार शाम जनरेटर में विस्फोट हो गया। हादसे में आकाश कुमार(10) की मौत हो गई। उसके पिता अजीत साह और सहयोगी हरिकिशोर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब अजीत साह और हरिकिशोर सिंह जनरेटर की मरम्मत कर रहे थे। दोनों पेशे से जनरेटर मैकेनिक हैं। मरम्मत के बाद जब उन्होंने जनरेटर चालू किया तो अचानक विस्फोट हो गया। पास में



खेल रहा आकाश इस हादसे की चपेट में आ गया। विस्फोट में अजीत साह का हाथ बुरी तरह घायल हो गया। हरिकिशोर सिंह को भी गंभीर चोटें आई।

**दोनों घायल को पटना किया रेफर :** घायलों को पहले स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उन्हें सीवान सदर अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने दोनों को पटना रेफर कर दिया। जामो थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# गोल्ड लोन लिया, चुकाने का दबाव बना तो बैंक लूटा

### 10 करोड़ बैंक डकैती में मास्टरमाइंड समेत 4 गिरफ्तार; लूट के पैसों से दिल्ली-जालंधर घूमा



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में 7 मई को बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुए 10 करोड़ के लूटकांड का पुलिस ने सोमवार (23 जून) को खुलासा कर दिया है। लूटकांड के मास्टरमाइंड रमेश झा ने पहले सोना गिरवी रखकर बैंक से 23 लाख रुपए का गोल्ड लोन लिया।

इसके बाद जब बैंक की ओर से लोन चुकाने के लिए दबाव बनाया गया तो रमेश ने अपराधियों के साथ मिलकर बैंक ही लूट लिया। मामले में पुलिस ने 2 महिला समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही सभी के पास से गहने भी बरामद हुए हैं। आरोपियों की पहचान वैशाली के महनार निवासी दीपक कुमार मुंशी, रमेश कुमार झा, फुलपरी देवी, उनकी बेटी अनुराधा कुमारी और अखिलेश राय उर्फ गोलू। फुलपरी आरोपी अखिलेश राय की सास है। हालांकि, गोलू अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। बदमाशों के पास से लूट के सोने में करीब 45 लाख रुपए के गहने बरामद हुई है।

दीपक के पास से एक देसी पिस्टल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद रमेश अपने वकील दोस्त दीपक मुंशी के साथ रजरप्पा मंदिर गया। वहां पूजा करने के बाद दिल्ली और जालंधर घूमने चला गया था।

### 7 मई को बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई थी लूटपाट

दरअसल, 7 मई को जिले के घटना काशीपुर मोहल्ले में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 10 करोड़ के सोने की लूट हुई थी। जानकारी के मुताबिक, बदमाश 15 लाख कैश भी लेकर भागे हैं। बैंके के मैनेजर ने बताया, 5 से 6 बदमाशों ने 45 मिनट तक लूटपाट की। गन पॉइंट पर लॉकर खुलवाए। करीब 15 लाख कैश और 10 करोड़ के गोल्ड लेकर फरार हो गए। सभी अपराधी ग्राहक बनकर बैंक के अंदर घुसे थे।

### 23 लाख का लोन लिया, गोल्ड कम दिया

दीपक ने बताया कि रमेश ने बैंक के चेकर से मिलीभगत कर 23 लाख का गोल्ड लोन लिया, जबकि सोना कम दिया। उसने ज्वेलरी का मूल्य बढ़ाकर लोन लिया था। इसी कारण रमेश कुमार झा ने अपने आदर्शनगर आवास पर बैंक से जुड़ी सारी जानकारी अपराधियों के साथ साझा की। सदर एसडीपीओ के अनुसार रमेश झा युवाक्रांतिकारी मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष है।

### पहले दीपक मुंशी को बताया मास्टरमाइंड और अब रमेश झा का नाम

पुलिस ने पहले दीपक मुंशी को इस घटना का मास्टरमाइंड बताया था, वहीं अब रमेश झा को मुख्य साजिशकर्ता बता रही है। पुलिस के अनुसार, दीपक मुंशी ने पुलिस को बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में डकैती की रमेश कुमार झा की प्लानिंग के अनुसार हुई है। रमेश ने उस बैंक से सोना जमा कर अपनी पत्नी और बच्चे के नाम से 23 लाख रुपए का लोन ले रखा था। बैंक उसे चुकाने के लिए दबाव बना रही थी।

## सीतामढ़ी के व्यक्ति का मुजफ्फरपुर में कट गया चालान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सीतामढ़ी जिला के बेलसंड थाना क्षेत्र के भंडारी गांव निवासी चंदन कुमार के बाइक की मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र में चालान कट गया। मामला सामने आने के बाद वह हैरान हो गए। इस संबंध में पीड़ित ने सोमवार को नगर थाने में शिकायत दी है। इसमें पुलिस को बताया है कि मेरा ग्लैमर बाइक 17 जून को भंडारी गांव स्थित मेरे पास में था। इसके बावजूद भी मेरे गाड़ी का चालान नगर थाना क्षेत्र में कट गया है। जिसका चालान नंबर भी उन्होंने आवेदन में संलग्न किया है। पीड़ित वाहन मालिक ने बताया है कि मेरे गाड़ी का नंबर प्लेट डीटीओ कार्यालय सीतामढ़ी से निर्गत किया गया है। चालान में जो फोटो है। उसमें हाथ से लिखा हुआ नंबर प्लेट लगाया गया है।

# ससुराल में विवाद के बाद महिला दो बच्चों के साथ लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के मई बिगहा गांव से एक महिला दो बच्चों के साथ लापता हो गई है। लापता महिला की पहचान गोह थाना क्षेत्र के बाजार वर्मा निवासी टुनटुन यादव की पुत्री सीता देवी के रूप में हुई है। पीड़िता के पिता ने रफीगंज थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2019 में दुखन यादव के साथ हुई थी। 20 जून 2025 को सुबह सीता देवी का अपने पति दुखन यादव, ससुर विनोद यादव और सास के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ ससुराल से निकल गई, लेकिन तब से अब तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी




मिलते ही परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, परंतु कोई सफलता नहीं मिली। मामले को लेकर पीड़िता के पिता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और महिला की तलाश में पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## होटल में काम करने वाले युवक के लापता होने का मामला, पत्नी ने होटल मालिक पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के तिवारी बिगहा से एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। लापता व्यक्ति की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के लहगिंया गांव निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में उनकी पत्नी शकुंती देवी ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर होटल संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि उनके पति मुकेश कुमार तिवारी बिगहा स्थित संजीत कुमार के होटल में कार्यरत थे। इस दौरान संजीत द्वारा अक्सर उनके पति के साथ गाली-गलौज की जाती थी, जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने उक्त होटल का कार्य छोड़ दिया और बगल में स्थित पिंटू कुमार के होटल में काम करने लगे। शकुंती देवी के अनुसार, 20 जून 2025 को दोपहर करीब 3 बजे उनके पति अचानक लापता हो गए। काफी खोजबीन के बावजूद अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** मंगलवार को पटना पुलिस ने गोह थाना क्षेत्र के टकौरा गांव में इश्तेहार चिपकाया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस के सहयोग से पटना के बहादुरपुर थाना कांड संख्या 161/ 25 में आर्म्स एक्ट के नामजद अभियुक्त गोह थाना क्षेत्र के टकौरा गांव निवासी राकेश कुमार के पुत्र अनुराग ठाकुर उर्फ सौर्ज के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। इसके बावजूद भी अभियुक्त अगर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी कैलेंदर कुमार मौजूद थे।

# जिसे मिलेगा राजद का टिकट, उन्हें करेंगे हम सहयोग : अनुज सिंह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राजद के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुखिया शहजाद शाही की तबीयत खराब होने की सूचना पर मंगलवार को पूर्व विधान पार्षद अनुज कुमार सिंह एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव ने उनके आवास पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। इस दौरान रफीगंज विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति और आगामी रणनीति को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। पूर्व एमएलसी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि शहजाद शाही को हार्ट ब्लॉकेज की समस्या होने के कारण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया था। अब वे स्वास्थ्य लाभ लेकर अपने निवास पर लौट आए हैं। अनुज सिंह ने उन्हें राजद का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि पार्टी जिसे भी टिकट देगी, वे उसके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार बिहार में राजद की सरकार बनेगी। इस मौके पर डॉ. संजय यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा रफीगंज विधानसभा सीट पर जिसे टिकट मिलेगा, उसे विधानसभा तक पहुंचाने के लिए पूरी ताकत झोंकी जाएगी। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष लालमोहन यादव, फहद शाही, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोइलवां मिडिल स्कूल में शिक्षक-शिक्षिका के बीच विवाद ग्रामीणों ने सभी शिक्षकों को हटाने की मांग की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के कोईलवां मिडिल स्कूल में मंगलवार को शिक्षक और शिक्षिका के बीच हुए विवाद ने विद्यालय को एक बार फिर चर्चा में ला दिया। कक्षा 5 के एक छात्र को बाहर निकालने की बात को लेकर शिक्षिका पुष्पांजलि कुमारी और शिक्षक चन्द्रदीप पासवान के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जो मारपीट की स्थिति तक पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, प्रभारी बीईओ अशोक कुमार और स्थानीय पुलिस विद्यालय पहुंचे और दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने की कोशिश की, लेकिन बात



नहीं बनी। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षिका पुष्पांजलि कुमारी की तैनाती के बाद से विद्यालय में लगातार विवाद की स्थिति बनती रही है। इससे पहले भी उनके कारण तीन बार विवाद हो चुका है, जिसके चलते उन्हें एक बार डिपुटेशन पर भेजा गया था और तीन शिक्षकों को निलंबित किया गया था।

गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलते ही एक बार फिर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में स्थानीय शिक्षकों के कारण गुटबाजी और राजनीति हावी है, जिससे पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी और प्रभारी बीईओ अशोक कुमार ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में 9 शिक्षक कार्यरत हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी शिक्षकों को अलग-अलग विद्यालयों में स्थानांतरित करने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा गया है।

## लोन वसूली के लिए एसबीआई ने चलाया अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा द्वारा लोन वसूली अभियान चलाया गया है। इस दौरान बकायेदारों से लाखों रूपये वसूले गए। यह जानकारी फिल्ड आफिसर दीपक कुमार ने दी है। बैंक शाखा प्रबंधक प्रदुम्न कुमार ने बताया कि स्टेट बैंक के लोन धारकों को जागरूक करने एवं सरकार की योजना के लाभ से लाभान्वित कराने के उद्देश्य से एक जागरूकता सह लोन वसुली अभियान चलाया गया है जिसमें गांव-गांव घर घर जाकर ऋणियों लोन राशि जमा कर योजना का लाभ उठाएं, ताकि लोन मुक्त हों। उन्होंने बताया कि बैंक गरीब मध्यम वर्गीय लोगों एवं व्यवसायियों को ऋण देकर उनकी व्यवसाय को बढ़ावा देना चाहती है। लोन के माध्यम से उनका आर्थिक विकास करना मकसद है।

# 22 करोड़ रुपए की लागत से सात सड़कों का होगा निर्माण : विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जगदीशपुर (भोजपुर)। भोजपुर के जगदीशपुर विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया ने अपने किए गए अनुशंसा से 22 करोड रुपए की लागत से सात सड़कों का निर्माण होगा। ये सड़क मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बनेगा। जिन सड़कों का निर्माण होना है उनमें अंधारी बाग से महादलित टोला तक 3 करोड़ 54 लाख रुपये, एयार से यादव टोला तक 2 करोड़ 71 लाख,पीडब्ल्यूडी पीरो बिहिया पथ से शिवनाथ टोला तक 92 लाख रुपये, कुनई, दलित टोला से रजापुर पुल तक एक करोड़ 80 लाख रुपये, वैना सामुदायिक भवन एनएच 30 छपरपुर तक एक करोड़ 32 लाख, हाड़पोखर एनएच 30 से भोराही पथ से भटौली भिकारी डेरा तक 5 करोड़



38 लाख व गोकुल टोला से सनेया यादव टोला एक करोड़ 19 लाख रुपये से जल्द सड़क का निर्माण होगा। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है टेंडर प्रक्रिया में है। विधायक लोहिया ने कहा कि सात सड़कों के निर्माण में कुल 22 करोड रुपए खर्च होंगे। यह वैसे सड़के हैं, जहां आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान तक नहीं दिया। मैंने सदन में आवाज उठाने से लेकर विभागीय पत्राचार करने के बाद मेरे अर्थक प्रयास से यह सभी सड़क का निर्माण मेरे अनुशंसा से होगा। इससे पहले भी 71 सड़कों का निर्माण 100 करोड रुपए की लागत से अनुशंसा किया था जो सड़कों का निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि 750 करोड रुपए की लागत से अपने कार्यकाल में सड़कों का निर्माण कराया है। बिना जात-पात बिना भेदभाव की हर जगह विकास का कार्य करा रहे है। सरकार में नहीं रहने के बावजूद हमने जगदीशपुर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा। सड़क नाली-गली, सामुदायिक भवन, छठ घाट,पुल-पुलिया सहित अनेकों विकास के कार्य कराए हैं। हमने अपने कार्यकाल में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कराया। वहीं उन्होंने कहा कि जगदीशपुर में कुछ ऐसे जनप्रतिनिधि है मेरे कराए गए कार्यों को श्रेय लेते हैं लेकिन जनता हकीकत जानती है। आगे विधायक ने कहा कि अभी और सड़कों का अनुशंसा हुआ है जो प्रशासनिक स्वीकृति मिलने वाला है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि 2025 में तेजस्वी यादव की सरकार बनाए और जगदीशपुर को पर्यटक स्थल घोषित करने के साथ-साथ बड़े-बड़े उद्योग लगाने का मेरा प्रयास रहेगा। क्योंकि बिहार में उद्योग और बिहार का विकास तभी होगा जब तेजस्वी सीएम बनेंगे। मैंने कहा कि जो 17 माह में मेरे नेता ने कार्य किया वह देश में चर्चा किया जाता है।

# अश्विनी तिवारी 7वीं बार बने भाजपा औरंगाबाद के जिला प्रवक्ता, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद जिला इकाई के लिए एक बार फिर गर्व का क्षण आया है। वरिष्ठ नेता अश्वनी कुमार तिवारी को सातवीं बार जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के बाद जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। अश्वनी तिवारी की नियुक्ति पर जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह टैगोर, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राकेश पांडे, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, नीरज पांडे, मुकेश मिश्रा, गोपाल



शरण सिंह, संजय गुप्ता, जय गोविंद प्रसाद, सुनील दुबे, आलोक दुबे, श्रीराम तिवारी, भास्कर तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, राजेश तिवारी, राजकुमार शर्मा, नागेंद्र शर्मा, अनुप मनोहर, नीतीश कुमार, राम पुकार पांडे सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया और प्रेस के माध्यम से बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री तिवारी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक मजबूती के लिए हर स्तर पर कार्य करता रहूंगा। यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक संकल्प भी है कि मैं पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक सशक्त रूप से पहुंचाऊं। श्री तिवारी को पार्टी के प्रखर वक्ता के रूप में जाना जाता है और उनका यह सातवां कार्यकाल पार्टी के लिए एक नई ऊर्ज़ा और दिशा प्रदान करेगा, ऐसी उम्मीद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जताई है।

## अकौनी में गिरे विशाल पेड़ से आवागमन ठप, बच्चों की पढ़ाई पर भी संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अकौनी-भदवा मुख्य पथ पर स्थित अकौनी गांव में कुछ दिन पूर्व आए तेज आंधी-तूफान के दौरान एक विशाल पीपल का पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे इस महत्वपूर्ण मार्ग से जुड़े दर्जनों गांवों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इस मार्ग के बंद होने से टिकरी, कोना, भदवा, गोपालपुर, गांधार सहित कई गांवों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बच्चों की शिक्षा पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, क्योंकि स्कूल जाने वाली गाड़ियां गांव में नहीं पहुंच पा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पेड़



गिरने से गांव का एक घर भी क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक न तो वन विभाग और न ही कोई अन्य संबंधित पदाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग अविलंब पेड़ को हटवाकर रास्ता सुचारु रूप से चालू कराए, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और आम जनजीवन सामान्य हो सके।

# बाइक की टक्कर में एक युवक व किशोर जख्मी , रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** दो बाइक की टक्कर में सवार एक युवक व किशोर जख्मी हो गए। घटना सोमवार की देर रात सलैया थाना क्षेत्र के मदनपुर - कासमा रोड़ में महुलान के समीप की हैं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों जख्मियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के खजुअतिया निवासी राजवल्भ भुईयां के 19 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार एवं विजय यादव के 15 वर्षीय पुत्र अजय कुमार के रुप में की गई है। बताया जाता है कि अरुण कुमार की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक अरुण खिरियावां से बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में दोनों उस जगह हादसे में जख्मी हो गए।

# लोटस इंटरनेशनल स्कूल पिरौंटा ने ब्लूमफिल्ड धरहरा को हराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम आरा में प्रथम अंतर विद्यालय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भोजपुर जिला के 16 विद्यालयों ने हिस्सा लिया है। मंगलवार को लोटस इंटरनेशनल स्कूल पिरौटा बनाम ब्लूमफिल्ड स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच का उद्घाटन बिहार सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के सचिव कुमार विजय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। लोटस इंटरनेशनल स्कूल पिरौटा एवं ब्लूम फिल्ड धरहरा के बीच क्रिकेट लीग मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पहले टॉस जीतकर ब्लूम फील्ड की टीम ने बैटिंग किया और 10 ओवर



में 90 रन बनाया। उसके बाद लोटस इंटरनेशनल स्कूल पिरौटा की टीम ने 8 ओवर में ही 91 रन मार कर मैच जीत लिया। लोटस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने टॉस जीत कर पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर के इस मैच में ब्लूम फील्ड ने 8 विकेट खोकर 90 रन बनाया। ब्लूम फील्ड की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आदित्य कुमार ने 24 रन, हनी ने 23 रन, हार्दिक 6 रन, आदित्य राज 5 रन एवं अंकुर ने 6 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए लोटस इंटरनेशनल स्कूल के तरफ से विवेक कुमार ने सर्वाधिक तीन विकेट, रुद्राक्ष ने दो विकेट, आयुष एवं अजय ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोटस इंटरनेशनल स्कूल ने दो विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति किया लोटस इंटरनेशनल स्कूल की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुद्रांश ने नवाद 42 रन एवं प्रिंस ने नवाद 8 रन बनाया। इस प्रकार लोटस इंटरनेशनल स्कूल इस मैच 8 विकेट से विजयी हुआ। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए रुद्रांश को मैच मैन ऑफ द मैच लोटस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर शैलजा सिंह ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मैच के निर्णायक वरुण कुमार एवं हर्ष स्कूल की भूमिका में मोहित सिंह थे। इस मौके पर कोच मोनू मिश्रा, पिरौटा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू राय, अखिलेश बाबा, राजवीर पांडेय, कुंदन राज सिंह, अमर कुमार, निलेश, निखिल मौजूद थे।

## 26 जून को छात्र-युवा संसद में जगदीशपुर से 500 युवा जाएंगे पटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** राजद नेता सह पूर्व विधायक भाई दिनेश ने मंगलवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 26 जून को छात्र-युवा संसद में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के 36 पंचायत और जगदीशपुर नगर पंचायत से 500 की संख्या में युवा पटना जाएंगे वहीं जदयू एमएलसी भगवान सिंह कुशवाहा द्वारा लालू यादव और तेजस्वी यादव पर दिए गए बयान पर पूर्व विधायक भाई दिनेश ने पलटवार किया। उन्होंने भगवान सिंह कुशवाहा पर कई आरोप लगाए और कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार में अप्रत्याशित विकास हुआ है। आगे भाई दिनेश ने तेजस्वी यादव की उपलब्धियों को गिनाया।

# निर्माणाधीन नाला एवं सड़क मरम्मत कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** डीएम तनय सुल्तानिया के आदेश पर स्टेट हाइवे-102 पर बिहिया धरहरा के पास जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर निर्माणाधीन नाला एवं सड़क मरम्मत कार्य का मंगलवार को एसडीएम संजीत कुमार अधिकारियों संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने तथा तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का



स्पष्ट निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया जलजमाव से निपटने के लिए नाला का निर्माण हो रहा। उसी कार्यो को देखा गया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय पर कार्य करने के साथ निर्देशित किया गया। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, नगर पंचायत बिहिया के कार्यपालक पदाधिकारी शाहिद रजा खां, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रांति कुमार, अंचलाधिकारी विश्वजीत निलांकर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण की मांग को ले पुतला फूंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनएच-139 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर मंगलवार को ओबरा प्रखंड मुख्यालय के बेल मोड़ पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री का पुतला फूंका गया। सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में सैकड़ों लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने उच्च स्कूल के पास से नारेबाजी करते हुए बेल मोड़ तक मार्च निकाला। लोगों ने कहा कि एनएच-139 झारखंड के पलामू से बिहार के पटना को जोड़ता है। यह सड़क व्यापारिक और सामरिक दृष्टि से बेहद अहम है। इस पर रोजाना 20 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े वाहन चलते हैं।



भारी ट्रैफिक के कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोग जान गंवा रहे हैं। इसके बावजूद विभाग और जनप्रतिनिधि चुप हैं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि एनएच - 139 बिहार झारखंड बॉर्डर स्थित संडा से लेकर दाउदनगर के ठाकुर बिगहा तक 60 किलोमीटर लंबी है। सड़क पर रोज कहीं ना कहीं दुर्घटना होती है और लोगों को जान माल का नुकसान हो रहा है। यह सड़क मौत का कुआं बन गई है। प्रतिदिन लोग मर रहे हैं। कई घरों का चिराग बुझ गया। कितने मां की गोद सूनी हो गई। कितने ही महिलाओं का सुहाग उजड़ गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 15 जून को हजारों लोगों ने नितिन गडकरी को ई-मेल भेजकर सड़क चौड़ीकरण की मांग की थी। लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला। मजबूरी में पुतला दहन करना पड़ा। अब 29 जून को सड़क बंदी की जाएगी। यह बंदी औरंगाबाद से नौबतपुर तक असर डालेगी।

# अभिनेता पवन सिंह के मकान से लाखों की चोरी

## खिड़की के रास्ते घर में घुसे थे चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता व गायक पवन सिंह के आरा शहर स्थित नगर थाना क्षेत्र के मारुती नगर मकान में सोमवार की देर रात चोरी की बड़ी वारदात हुई है। चोरों ने लगभग 15 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर लिया। जहां अभिनेता की पहली पत्नी स्व नीलम के माता-पिता रहते हैं। घटना के बाद पवन सिंह के बड़े भाई रानू सिंह ने संबंधित थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बताया जा रहा कि चोर खिड़की की ग्रिल उखाड़कर मकान में घुसे जहां कोई नहीं सोया था। वहां रखे अलमारी और बक्से को तोड़कर चोरों ने रायफल के 30 गोली, सोने-चांदी के जेवरात, 15 हजार नकदी समेत अन्य सामान चुरा लिया। पवन सिंह की सास कलावती देवी ने बताया कि दो कंगन, लक्ष्मी चैन, नवाबी चैन, मंगलसूत्र, सिकड़ी, अंगूठी और नकद



मिलाकर करीब 15 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हुई है। सुबह जब उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की, तो वह नहीं खुला। तब उन्होंने अपने पति से कहा कि गली से देखिए क्या हुआ है। जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ। मामले पर पवन सिंह के भाई रानू सिंह ने बताया कि वे परिवार समेत हरिद्वार गए हुए थे और लाइसेंसी रायफल उन्होंने मकान के एक अन्य कमरे में सास-ससुर के पास रख दी थी। चोरों ने रायफल को तो नहीं चुराया, लेकिन 30 कारतूस ले गए। उन्होंने बताया कि इस घटना की जानकारी पवन सिंह को दे दी गई है और उन्होंने भोजपुर एसपी से भी बात की है। एसपी मिस्टर राज के निर्देश पर एफएसएल और डीआईयू की टीम जांच में जुट गई है। टाउन थाना इंस्पेक्टर और अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 24-06-2025 22:05 Page 1



# डीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** प्रभारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में निर्वाचन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को आगामी विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के क्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय एवं निर्वाचन विभाग स्तर से की जाने वाली कार्रवाई आदि से अवगत कराते हुए प्रमुख निर्देश से संबंधित विभागीय पत्र की प्रति उपलब्ध कराई गई।

इस क्रम में बताया गया कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों यथा मतदान केंद्रों के युक्तिकरण हेतु नए भवनों की पहचान आदि की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत निर्वाचकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1200 निर्वाचकों के मानक के आधार पर मतदान केंद्र का गठन प्रावधानों के अंतर्गत किया जाना है।

इस क्रम में निर्वाचक सूची में पंजीकृत मतदाताओं, प्राप्त प्रपत्रों के निष्पादन, दावा आपत्ति की जानकारी दी गई। सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को की नियुक्ति हेतु अनुरोध किया गया तथा उनसे इछअ के फोटो एवं मोबाइल नंबर आदि से संबंधित विभागीय दिशा निर्देश का अनुपालन किए जाने की जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को मंथली पुलिंग डाटा अपलोड रहने संबंधी जानकारी दी गई।मतदान प्रतिशत बढ़ोत्तरी के प्रयास हेतु किए जा रहे कार्यो तथा इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंच पथ आदि के संबंध में की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

वहीं विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में आज जिले के ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार द्वारा किया गया। बताया गया कि आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के लिए हाल ही में संपादित ईवीएम एफएलसी ओके मशीनों को भंडारित रखा गया है। इस क्रम में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं पुलिस उपाधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया डॉ राम बाबू कुमार, सहित संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

अतिक्रमणकारी और राहगीरों के बीच हाथापाई

# 72 घंटे के अंदर बाजार को अतिक्रमणमुक्त करने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य बाजार में अतिक्रमणकारी और राहगीरों के बीच हुई सोमवार की रात हुई हाथापाई व मारपीट से सितुहार के ग्रामीणों के बीच आक्रोश दिखा। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को खड़गपुर थाना पहुंचकर सारे घटनाओं से पुलिस पदाधिकारी व मुख्य पार्षद को अवगत कराया है।

बता दें कि सोमवार की देर शाम सब्जी खरीदने के क्रम में अतिक्रमणकारियों और राहगीर सितुहार गांव के अजित कुमार के बीच तूतू मैंमैं व हाथापाई हो गई थी। सूचना पर खड़गपुर पुलिस ने सोमवार की देर शाम को लालू एकता पार्क चौक से काली मंदिर चौक तक सड़क के बीचों बीच बेरिकेडिंग लगाया था, ताकि मुख्य बाजार मार्ग में जाम की स्थिति नहीं बन सके।

इधर, राहगीर के साथ हुए दूर्व्यवहार के बाद दोनों पक्षों को हवेली खड़गपुर थाना बुलाया गया। जहां मुख्य पार्षद प्रभु शंकर, थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने सारी बातों की जानकारी लेकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया है। साथ ही सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने की बात अस्थाई दुकानदारों से कहीं।

मुख्य पार्षद ने कहा कि वाहन से प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। 72 घंटे के अंदर अतिक्रमणकारी स्वयं सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर दें नहीं तो प्रशासन द्वारा बल पूर्वक अतिक्रमण मुक्त कराएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी को पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा।

इधर, कई समाजसेवियों ने भी इंटरनेट मीडिया के माध्यम से गए बेरिकेडिंग की सराहना करते हुए पुलिस को बधाई दी। मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग प्रशासनिक पदाधिकारियों से की है, ताकि आवाजाही के क्रम में जाम की समस्या से निजात मिल सके।

# गायक पवन सिंह के मकान से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुरी सिनेमा अभिनेता सह गायक और पावर स्टार के नाम से मशहूर पवन सिंह के मकान में सोमवार की देर रात चोरी हुई है। चोरों ने करीब 15 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चुराई है। यह घटना आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा, मारुति नगर मकान में हुई है। इसे लेकर सिने अभिनेता के बड़े भाई राणू सिंह ने संबंधित थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है।

वारदात के बाद एसपी राज के निर्देश पर संबंधित थाना के अलावा डीआईयू और एफएसएल की टीम जांच में जुट गई है। दरअसल, सिनेमा अभिनेता पवन सिंह का आरा शहर में पकड़ी और मारूति नगर दो मोहल्लों में मकान है।

## राइफल छोड़ 30 कारतूसों सहित जेवरातों की हुई चोरी

मारुति नगर मोहल्ले के मकान में सिनेमा स्टार की पहली पत्नी स्व. नीलम देवी के माता-पिता रहते हैं, जो उनके बड़े भाई के भी सास-ससुर हैं। सोमवार की देर रात अज्ञात चोर मकान की खिड़की की ग्रील उखाड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर गए। जिस कमरे में चोर घुसे उस कमरे में घटना के समय कोई नहीं सोया था। चोरों ने कमरे में अलमारी और बक्से को तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान चुरा लिया। इस दौरान किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी।

इधर, अभिनेता पवन सिंह की सास कलावती देवी ने बताया कि 15 हजार नकद दो कंगन, लक्ष्मी चैन, एक नवाबी चैन, एक मंगलसूत्र, दो सिकड़ी, दो अंगूठी, चार जोड़ा छागल मिलाकर करीब 15 लाख की चोरी की गई है। जब सुबह मैंने दरवाजा खोला तो, दरवाजा नहीं खुल रहा था। जिसके बाद मैंने अपने पति से बोला कि जाकर के गली से देखिए क्या हुआ है। तब जाकर के पता चला कि चोरों ने खिड़की खोलकर चोरी की घटना का अंजाम दिया है। जिसके बाद मैं पवन सिंह के बड़े भाई रानू सिंह को फोन कर सारी घटना बताई।

इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। टाउन थाना इंस्पेक्टर से लेकर एसपी से बात की गई। खबर यह भी आ रही है कि मकान में चोरी को लेकर पवन सिंह ने खुद भोजपुर एसपी राज से बात की है।

इधर, पवन सिंह के बड़े भाई राणू सिंह ने बताया कि वे परिवार समेत हरिद्वार गए थे। अपनी लाइसेंस रायफल दूसरे मकान के कमरे में सास और ससुर के पास रखे थे। गनीमत यह रही की रायफल को चोरों ने नहीं चोरी किया, लेकिन 30 कारतूस चुराकर ले गए हैं।

# बिना प्राथमिकी और वारंट के घर से उठाया गया पत्रकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में पुलिस तंत्र की कार्यशैली एक बार फिर कठघरे में है। मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र के फुलहर गांव निवासी पत्रकार हरि शम्भू की गिरफ्तारी और थाने में उनके साथ कथित अमानवीय व्यवहार के खिलाफ अब पटना उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। पत्रकार ने कुछ सप्ताह पूर्व रिश्वत लेते हुए थाना के एक अधिकारी का वीडियो सार्वजनिक किया था, जिसके बाद यह पूरा मामला सामने आया।

20 जून की रात करीब 8 बजे हरलाखी थानाध्यक्ष अनूप कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार समेत 20 पुलिसकर्मियों की टीम ने पत्रकार हरि शम्भू को उनके घर से बिना किसी पूर्व सूचना, प्राथमिकी या वारंट के हिरासत में ले लिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि इस दौरान पुलिस ने पत्रकार की मां के साथ भी दुर्व्यवहार किया। पत्रकार को करीब 22 घंटे तक थाने में रखा गया, जहां उनके साथ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त कर बंदूक की नोक पर जबरन उसका डेटा फॉर्मेट कराया, ताकि रिश्वत से संबंधित डिजिटल सबूत मिटाए जा सके।

थाने से रिहा होने के बाद पत्रकार की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें मधुबनी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में शरीर पर चोट के निशान, सूजन और मानसिक तनाव की पुष्टि की गई है। घटना के बाद पुलिस महानिदेशक विनय कुमार को शिकायत सौंपी गई, जिसके आधार पर एएसआई प्रमोद कुमार और चौकीदार अजय कुमार को निलंबित कर दिया गया। साथ ही, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक एफआईआर भी हरलाखी थाना में दर्ज हुई है।

पत्रकार ने अब पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें निवर्तमान डीएसपी निशिकांत भारती, थानाध्यक्ष अनूप कुमार और अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार सहित कुल 20 पुलिसकर्मियों को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में अवैध गिरफ्तारी, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न, महिला से दुर्व्यवहार और डिजिटल साक्ष्य नष्ट करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# अस्पताल-दर-अस्पताल भटकते रहा मरीज

- स्वास्थ्य सेवा बेहाल
- रिम्स में तोड़ा दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुमारडुंगी।** झारखंड में ऐसा लग रहा है मानो आम लोगों से पहले राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को ही इलाज की जरूरत है। यहां के सरकारी अस्पतालों में संसाधनों की कमी के कारण गंभीर मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है। इसके कारण डॉक्टर रेफर-रेफर का खेल खेलते हैं। आम लोग इस खेल में फंस जाते हैं और अस्पताल दर अस्पताल भटकते हुए अपनों को खो देते हैं।

सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत छोटारायकामन गांव में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जिसमें 32 वर्षीय दार्नादन हेम्ब्रम अपनी 29 वर्षीय पत्नी मंजू हेम्ब्रम के इलाज के लिए अस्पताल दर अस्पताल भटकता रहा। डॉक्टर उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर करते रहे। चार अस्पतालों का चक्कर लगाने के बाद वह राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रांची स्थित रिम्स पहुंचा। जहां इलाज के दौरान उसकी पत्नी मंजू हेम्ब्रम की मौत हो गई। दार्नादन हेम्ब्रम का कहना है कि सभी अस्पतालों ने उसे एक ही बात कही कि उसका इलाज यहां नहीं हो सकता। उसे किसी बड़े अस्पताल में ले जाना पड़ेगा। सबकी बात सुनकर मैं धीरे-धीरे अपनी पत्नी को बड़े अस्पताल ले गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

आगे दार्नादन हेम्ब्रम बताते हैं कि शुक्रवार की सुबह करीब 2 बजे से उनकी पत्नी मंजू हेम्ब्रम को अचानक पेट में दर्द होने लगा। इस दौरान उनके शरीर में खिंचाव होने लगा। यह उनका सातवां महीना था। इसलिए उन्होंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। सुबह जब उनकी पत्नी को ज्यादा परेशानी हुई तो वे गांव की सहिया को बुलाने गए। तब तक उनकी पत्नी ने घर में ही नवजात शिशु को जन्म दे दिया था। जब वे वहां पहुंचे तो देखा कि जन्म के दौरान शिशु का सिर अंदर फंसा हुआ था और शिशु सांस नहीं ले रहा था। वे तुरंत अपनी पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारडुंगी ले गए। जहां डॉक्टर ने शिशु को बाहर निकाला।

उसके बाद उन्होंने पुष्टि की कि शिशु मृत है। जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उनकी पत्नी का ब्लड प्रेशर लो है। इसी वजह से खिंचाव हो रहा है। इसके इलाज के लिए उन्हें आगे अस्पताल ले जाना पड़ेगा। उसके बाद उन्हें सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया गया। वहां भी डॉक्टर उनकी पत्नी को ठीक नहीं कर सके। उन्हें एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां कुछ समय तक इलाज चलता रहा लेकिन वह अपनी पत्नी को ठीक नहीं कर



सका।

बड़े अस्पताल ले जाने की बात कह कर उसे वहां से रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस तरह अलग-अलग अस्पतालों का चक्कर लगाने के बाद हम लोग शनिवार की शाम करीब छह बजे रिम्स अस्पताल पहुंचे। वहां करीब 40 घंटे तक मेरी पत्नी का इलाज चला। वहां सोमवार की सुबह करीब 10 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पति दानार्दन हेम्ब्रम ने बताया कि करीब एक साल पहले भी उसकी पत्नी मंजू हेम्ब्रम ने दो बच्चों को जन्म दिया था। जिसमें एक बच्चे की मौत घर पर ही प्रसव के कारण हो गई थी। दूसरे बच्चे की मौत अस्पताल में जन्म लेने के बाद हो गई थी। लेकिन इस बार बच्चे के साथ मेरी पत्नी की भी मौत हो गई। फिलहाल हम दोनों और हमारी चार साल की बेटी रह गई है। लगातार रो-रो कर मेरी बेटी का बुरा हाल है।

# शुल्क से अधिक वसूली के आरोप में हेडमास्टर निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** नामांकन में अधिक पैसा लेना और विद्यार्थी को धमकाना हेडमास्टर साहब को महंगा पड़ा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना इंद्र कुमार कर्ण ने हेडमास्टर कौशल किशोर प्रसाद को निलंबित कर दिया। मामला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कफेन का है। कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा अधिकारी बोचहां की जांच रिपोर्ट के आधार निलंबन की कार्रवाई की गई है। इस अवधि में प्रखंड शिक्षा अधिकारी मोतीपुर को मुख्यालय बनाया गया है। इनके खिलाफ आरोप पत्र अलग से जारी किया जाएगा।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बोचहां को शिकायत मिलने के बाद लेखा सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर राजीव रंजन को जांच का आदेश दिया गया। 13 जून को स्कूल के प्रधानाध्यापक को बुलाया गया। पूर्व सूचना के बाद भी वह उपस्थित नहीं हुए।

जांच में मौजूद छात्र-छात्राओं व अभिभावकों द्वारा प्रसारित वीडियो को सत्य बताते हुए प्रधानाध्यापक द्वारा नामांकन में निर्धारित राशि से अधिक की वसूलने का आरोप लगाया। विद्यार्थी व अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार करने, नामांकन रद करने व पुलिस को बुलाने की धमकी दी गई।

विद्यार्थियों ने जांच पदाधिकारी से कहा कि पैसा नहीं देने पर नामांकन रद कर पुलिस के हवाले करने की धमकी दी गई है।

जांच रिपोर्ट में कहा कि मामले की गंभीरता व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कफेन, बोचहां में कक्षा 11वीं में नामांकन के समय निर्धारित राशि से अधिक अवैध वसूली, विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार एवं भयादोहन का आरोप सहीं पाया गया है। बीईओ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की। इसके बाद डीपीओ स्थापना ने हेडमास्टर को निलंबित किया है।

# झाड़ी से महिला की अधजली लाश बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पुलिस ने झाड़ी से एक महिला का अधजला शव बरामद किया है। फिलहाल लाश की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। शव पीपला थाना क्षेत्र के बसियावा, लोदीपुर सिक्स लेन के पास से बरामद हुई है। मृतका महिला की उम्र करीब 30 वर्ष की बताई जा रही है। झाड़ी में शव मिलने की सूचना के बाद आस-पड़ोस के गांव में इस बात की खूब चर्चा हुई। पुलिस ने शव को बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। घटना को देखकर प्रतीत होता है कि हत्या की घटना करने के बाद महिला के शव को आग से जलाकर जल्दीबाजी में साक्ष्य को छुपाने के नियत से उसे लाकर झाड़ी में फेंक कर बदमाश फरार हो गए हैं।

घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि पिपरा थाना क्षेत्र के बसियावा लोदीपुर सिक्स लेन के पास ग्रामीणों से पुलिस को सूचना दी कि एक अधजला हुआ महिला का शव झाड़ी के पास फेंका हुआ है। मामले की जानकारी मिलते ही पिपरा थाना अध्यक्ष राजकुमार पाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद मृतक का महिला के अधजला शव को बरामद किया। घटनास्थल के आसपास पुलिस ने सुराग खोजने की भी कोशिश की, लेकिन साक्ष्य के तौर पर पुलिस को घटनास्थल से कुछ नहीं मिल पाया।

अधजले शव के संबंध मे पिपरा थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक महिला साड़ी पहनी हुई है। और आधा से अधिक जल जाने की वजह से महिला की पहचान नहीं हो पा रही है। वही घटना की जानकारी के बाद लोग मौके पर जुट गये, लेकिन उस भीड़ में किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। मृतक महिला के अधजला शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। डॉग स्क्वायड टीम के द्वारा बताया गया कि महिला की कहीं दूसरी जगह पर हत्या की गई है। उसके बाद साक्ष्य और पहचान छुपाने के लिए महिला के अधजले शव को झाड़ी में फेंक कर आरोपी फरार हो गए। वही मसौढ़ी एसडीपीओ कन्हैया सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

## किशोर की डूबने से मौत

**जमुई।** जिले के बरहट प्रखंड स्थित धोबी घाट नदी में नहाने गए एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मलयपुर बस्ती मोहल्ला निवासी भास्कर मिश्रा के 19 वर्षीय बेटे उमंग कुमार के रूप में हुई है। एनडीआरएफ की टीम ने करीब 19 घंटे की मशक्कत के बाद मंगलवार को उसका शव नदी से बरामद किया। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह करीब 11 बजे उमंग अपने दो दोस्तों के साथ घर से निकला था। शाम 5 बजे वह धोबी घाट नदी में नहाने गया, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटा।

## योजनाओं की हुई समीक्षात्मक बैठक

**अररिया।** उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अररिया रोजी कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद में चल रही जन उपयोगी योजनाओं में प्रगति लाने हेतु समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये, ताकी योजनाएं ससमय पूर्ण हो सके। बैठक ससमय पीसीसी सड़क निर्माण सुनिश्चित करने, पेयजल की उपलब्ध सुनिश्चित करने के क्रम में चापाकल अधिष्ठापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए जिले में बन रही उप स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज प्रखंड, पलासी प्रखंड तथा कुसाकाँटा प्रखंड में जल्द कार्य पूर्ण किये जाने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद अररिया, जिला अंकेक्षक प्रबंधक डीआरडीए अररिया, आंतरिक अंकेक्षक, कनीय अभियंता, तकनीकी सहायक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## कुख्यात अजय वर्मा की संपत्ति होगी जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कुख्यात अजय वर्मा और उसके गुर्गे विरोधी गुट के सदस्य का अपहरण कर हत्या करने की फिराक में थे। इसके बाद राजधानी में गैंगवार शुरू होने की आशंका थी, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान-माल भी प्रभावित हो सकती थी। अजय वर्मा के करीबी नंदकिशोर उर्फ पुटन सिंह के घर से पुलिस ने जर्मन और भारतीय आयुध फैक्ट्री में निर्मित दो रिवाल्वर, पिस्टल, दो मैग्जीन, 98 चक्र कारतूस, डोंगल, चार मोबाइल और कार जब्त की। इसकी जानकारी एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने मंगलवार को दी।

उन्होंने बताया कि एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अजय वर्मा और उसके तीन गुर्गे दबोच लिए गए। अजय वर्मा ने पटना सिटी इलाके में वर्चस्व कायम कर रखा था। लंबे समय से उसका गिरोह भूमि पर अवैध कब्जा और रंगदारी वसूली में लगा था। इससे अजय वर्मा ने अकूत संपत्ति बनाई है। बीएनएस 107 के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। जेपी सेतु मोड़ पर कार से दबोचा गया साबिर एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली कि अजय वर्मा के विरोधी गुट के सदस्य को वैशाली जिले से अगवा करने का प्लान है।

# हेमंत सरकार में आमजन हाशिए पर, बिचौलिया हैं हावी : पुष्पा देवी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । झारखंड की हेमंत सरकार में आमजन हाशिए पर हैं लेकिन बिचौलिए हावी हैं। आम जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। उक्त बातें छतरपुर की पूर्व विधायक पुष्पा देवी ने कही। वे पंडवा भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अधिकारियों पदाधिकारी व अपने पार्टी शाहिद गठबंधन के नेताओं व मंत्रियों को लूट की छूट दे रखी है। हम लोग का विकास बाधित हो गया है। योजनाएं जस की तस पड़ी हुई हैं। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि बिना पैसा दिए किसी का काम नहीं हो रहा है। आम लोग सरकार के नीतियों से त्रस्त हैं।कार्यक्रम के प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा हेमंत सरकार के कार्यकाल में बालू की कालाबाजारी व अपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। सरकार के मंत्री व अफसर शराब नीति बनाने में व्यस्त हैं। अपराध चरम सीमा पर पहुंच गया है। हर क्षेत्र में अपराधियों ने लूट मचा रखा है।मौके पर सह प्रभारी ओमप्रकाश पप्पू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नीत रघुवर सरकार में झारखंड के लोग अमन चैन से थे। हर क्षेत्र में विकास लगातार हो रहा था। लेकिन साढ़े पांच वर्षों के हेमंत सरकार में जनता त्राहिमाम कर रहे है। बिना पैसे के कोई भी काम कार्यालय में नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता जनहित में संघर्ष करते हुए सरकार की गलत नीतियों का



विरोध करते रहेंगे। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात 14 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार को सौंपा गया। प्रखंड व जिले से संबंधित सभी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए तत्काल निदान करने की मांग की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंड़वा मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय व संचालन सत्येंद्र मेहता ने किया।कार्यक्रम में राजेश्वर शर्मा, नागेंद्र पाल, रामलाल मेहता, मुरली राम, कुलदीप मेहता व मनोज कुमार शर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने प्रदर्शन किया। पलामू जिले के पड़वा प्रखंड मुख्यालय में भी आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पाटन छतरपुर की पूर्व विधायक पुष्पा देवी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कार्यक्रम के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा व सह प्रभारी जिला मंत्री ओमप्रकाश प्रसाद पप्पू ने प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

# रविशंकर पांडे का आमरण अनशन चौथे दिन भी जारी, विधायक प्रदीप प्रसाद ने की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हजारीबाग।जनसेवक रविशंकर पांडे द्वारा ह्रसंजीवनी सेवा कुटीरह्ल की पुनः बहाली और स्थानीय अस्पताल व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर किया गया आमरण अनशन आज चौथे दिन में प्रवेश कर गया है। लगातार स्वास्थ्य गिरावट के बावजूद वे अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं।

उनके इस आंदोलन को अब राजनीतिक और सामाजिक समर्थन भी मिलने लगा है। आज सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अनशन स्थल पर पहुंचे और रविशंकर पांडे से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। विधायक ने कहा कि उनकी मांगें जायज हैं और वे इस विषय को विधानसभा में भी उठाएंगे। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की।

रविशंकर पांडे ने स्पष्ट किया कि



जब तक संजीवनी सेवा कुटीर को बहाल नहीं किया जाता और स्थानीय अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर नहीं की जातीं, तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा।

अनशन स्थल पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की भीड़ बढ़ती जा रही है, और लोग एक स्वर में स्वास्थ्य सेवा की बहाली की मांग कर रहे हैं।

प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

इस आंदोलन ने स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया है और जनचेतना का विषय बन चुका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सरकार जल्द कोई निर्णय नहीं लेती, तो यह आंदोलन व्यापक रूप ले सकता है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का सीओ ने किया उद्घाटन

चौपारण (हजारीबाग)। मंगलवार को चौपारण प्रखंड स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। टूर्नामेंट में प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीओ ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास व नेतृत्व कौशल का भी विकास करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल भविष्य संवारने का सशक्त माध्यम बन सकता है। टूर्नामेंट का सफल संचालन प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा किया गया। टूर्नामेंट प्रबंधन में बीपीएम मोहम्मद आरिफ की भूमिका सराहनीय रही। आयोजन में शिक्षक डॉ. प्रदीप साहू, जनार्दन प्रसाद वर्मा, कमलेश कुमार कमल, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार दास, कैसर आलम, मृत्युंजय सिंह, बदीउज्जमा, सुबोध सिंह, सौरव सिंह, किशन कुमार, प्रदीप कुमार, निशु कुमारी, राजेश राम, बसंत कुमार, दिलीप कुमार और जमुना कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने खो-खो में रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के चेडरा स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 18 जून को दारू के बीडी जयसवाल कॉलेज में आयोजित अंडर-18 खो-खो टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया।

खो-खो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 16 विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में आदर्श डीएवी की टीम ने मेजबान बी०डी० जयसवाल कॉलेज की टीम को कड़े संघर्ष में पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इस शानदार जीत के साथ पूरे विद्यालय में जश्न का माहौल है।

टीम कैप्टन मन्नु कुमारी, सोनाली सिंह, अक्षरा सिंह, खुशी कुमारी, खुशबू कुमारी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी,





चाहत कुमारी, एंजेल रानी और लक्ष्मी कुमारी। सभी विजयी छात्राओं को विद्यालय समिति की ओर से मेडल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य दिविजय नारायण और प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, मजबूत संकल्प और उत्कृष्ट खेल भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जीत अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विद्यालय की सलाहकार कुमारी रीता, उपप्राचार्या (एकेडमिक) प्रतिभा अंसारी, उपप्राचार्य (अनुशासन), खेल शिक्षक रवि कुमार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विजेता छात्राओं की सराहना की।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राणा इकबाल खान ने कहा कि यह जीत सिद्ध करती है कि हमारे छात्र न केवल पढ़ाई बल्कि खेल-कूद और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता हासिल कर सकते हैं। विद्यालय समिति के सभी सदस्यों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि उनके परिवार, समाज और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-67-25-26 (ओपन), दिनांक: 20.06.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **केस संख्या: ओ-एसी-टी-67-25-26। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/ आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में टीआरआर (पी), टीआरआर(एस), सीटीआर(पी), टीएफआर एवं टीटीआर (एफएस + टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) तथा अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,92,95,996.23। **बयाना राशि:** ₹ 4,46,500। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 18 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-94/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

C M Y K

# तेलहन फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए बिहार सरकार का बड़ा कदम

## बिहार के किसानों को शत-प्रतिशत अनुदानित दर पर मिल रहा सोयाबीन बीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित खाद्य तेल-तेलहन योजना के तहत बिहार में तेलहन फसलों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य न केवल तेलहन फसलों के आच्छादन क्षेत्र में वृद्धि लाना है, बल्कि किसानों की आय में भी स्थायी रूप से सुधार करना है।
उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खरीफ 2025 के दौरान सोयाबीन फसल को विशेष रूप से बढ़ावा देने के लिए तीन जिलों बेगूसराय, लखीसराय और खगड़िया को चिन्हित किया गया है। इन जिलों में 5000 एकड़ भूमि पर फसल प्रत्यक्षण कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत किसानों को 4,000 रुपये प्रति एकड़ अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही 355 क्विंटल प्रमाणित सोयाबीन बीज 100 प्रतिशत अनुदानित दर पर वितरित किए जा रहे हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य में सोयाबीन बीज उत्पादन को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार द्वारा 100 क्विंटल प्रजनक बीज उपलब्ध कराया गया है जिसका उत्पादन राज्य के बीज गुणन प्रक्षेत्रों में कराया जा रहा है। इससे न केवल बीज की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि भविष्य में किसानों को स्थानीय स्तर पर बीज सुलभ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को नवीनतम तकनीक से जोड़ने और उत्पादन की दक्षता बढ़ाने के लिए फार्मर्स फील्ड स्कूल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में एक क्लस्टर का निर्माण कर वैल्यु चेन पार्टनर्स के माध्यम से योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन से राज्य में तेलहन फसलों की उत्पादकता में वृद्धि, कृषकों की आत्मनिर्भरता और आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी जिससे राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम पर शिक्षकों का ऑनलाइन उन्मुखीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के नेतृत्व में तथा मंत्रा 4 चेंज के सहयोग से, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जून माह का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित हुआ जिसमें सभी जिला से जिला शिक्षक शिक्षा समन्वयक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं गणित व विज्ञान विषय के शिक्षक / शिक्षिका, तथा जिला एवं प्रखंड तकनीकी टीम के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. रश्मि प्रभा ने शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीबीएल परियोजनाएं न केवल विद्यार्थियों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों का विकास करती हैं, बल्कि शिक्षकों की पेशेवर दक्षताओं और दृष्टिकोण को भी समृद्ध बनाती हैं।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. दिग्विजय सिंह की 15वीं पुण्य तिथि के अवसर पर जमुई जिला के गिद्धौर के नया गांव में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व. दिग्विजय सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, स्व0 दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद पुतुल सिंह, स्व0 दिग्विजय सिंह की पुत्री एवं विधायक श्रेयषी सिंह अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जेपी, लोहिया, कर्पूरी के गुनाहगार हैं लालू यादव : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि आज से 50 साल पहले 1975 में 24 और 25 जून की मध्यरात्रि में ही देश में आपातकाल लगाकर तत्कालीन कांग्रेस की निरंकुश सरकार ने भारतीय लोकतंत्र को लहूलुहान किया था। इसके प्रतिरोध में जेपी के हुंकार पर पूरा देश उबला और तानाशाही के विरोध में तन कर खड़ा हुआ। मगर दुर्भाग्य है कि इसी आंदोलन की कोख से जन्मे लालू जी ने बाद में कुर्सी बचाने के लिए देश के लोकतंत्र और संविधान को कुचलने वाली उस कांग्रेस से समझौता कर लिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि जेपी के कथित 'क्रान्तिपुत्र लालू' ने कांग्रेस से सत्तालोलुप्ता में न केवल अपनी जमीर का सौदा किया बल्कि जेपी, लोहिया और कर्पूरी के गैर कांग्रेसवाद के सिद्धांतों की भी तिलांजलि दे दी। लालू जी सही मायने में लोकनायक जय प्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर के असली गुनाहगार है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वंशवाद की बुनियाद पर खड़ा लालू जी का समाजवाद एक ढोंग और दिखावा था। श्री पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की असली हत्यारी कांग्रेस से आज भी गलबहियां कर बिहार की सत्ता हथियाने का सपना देख रहे लालू जी और उनके कुनबे को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# बिहार के 165 पर्यटक स्थलों की जानकारी अब सिर्फ एक क्लिक पर

## मंत्री राजू कुमार सिंह ने किया नई और आधुनिक विभागीय वेबसाइट का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के 165 प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी अब बस एक क्लिक पर मिलेगी। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने मंगलवार को मुख्य सचिवालय स्थित पर्यटन निदेशालय सभागार में नई विशेषताओं से परिपूर्ण वेबसाइट का शुभारंभ किया। नए सिरे से तैयार इस वेबसाइट पर पर्यटकों, पर्यटन क्षेत्र के शोधकर्ताओं और पर्यटन विभाग की योजनाओं की सभी जानकारी हिंदी और अंग्रेजी भाषा में मिलेगी।

**पर्यटन विभाग का मोबाइल एप भी जल्द**

कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटक वेबसाइट से पर्यटन स्थल और मानचित्र को नहीं बल्कि जियोविजर डाउनलोड कर इसके जरिए पूरे स्थल जायजा सीधे तौर पर ले सकते हैं। इससे लोगों को पर्यटक स्थल तक पहुंचने में सहूलियत होगी। वेबसाइट पर विभाग से संचालित नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि आने वाले दिनों में बिहार पर्यटन नीति के आवेदन के फॉर्म्स, मुख्यमंत्री होमस्टे बेड टू ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना, होटल एवं टूर ऑपरेटर के मान्यता से संबंधित आवेदन भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही पर्यटन विभाग का मोबाइल ऐप भी बन रहा है। वहीं पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि विभाग वेबसाइट पर लोग भी अपना सुझाव दे सकते हैं।

**वेबसाइट पर महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की जानकारी मिलेगी**

पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर प्रमुख पर्यटन सर्किट जैसे बुद्ध सर्किट, जैन सर्किट, सिख सर्किट, रामायण सर्किट, इको सर्किट, सूफी सर्किट और गांधी सर्किट से संबंधित स्थलों की विस्तृत जानकारी दी गई है। प्रत्येक सर्किट के अंतर्गत आने वाले स्थलों के इतिहास, धार्मिक महत्ता और वहां उपलब्ध पर्यटक सुविधाओं का विवरण भी उपलब्ध है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग से आयोजित सभी वार्षिक कार्यक्रमों को इस वेबसाइट पर दर्शाया गया है जिससे पर्यटक इन आयोजनों की पूर्व जानकारी लेकर अपनी यात्रा की योजना बना सके। इसके साथ ही वेबसाइट पर मान्यता प्राप्त पर्यटन गाइडों, टूर ऑपरेटर्स और होटलों की सूची भी है।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों, यात्री सुविधा, माल लदान में बढ़ोत्तरी, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

# कर्मचारियों को आर्टिफिसियल इन्टेलिजेंस की चार दिवसीय बेसिक व एडवांस ट्रेनिंग दिलायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पर्षद् की अगली पीढ़ी को प्रौद्योगिकियों के साथ बिहार के पर्यावरण संरक्षण कार्य को कुशलतापूर्वक आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमता प्रशिक्षण प्रदान करने में देश की अग्रणी संस्था ''एच.सी.एल-जी.यू.वी.आई'' के साथ साझेदारी की गयी है जो आई.आई.टी मद्रास और आई.आई.एम., अहमदाबाद द्वारा विकसित एडटेक में प्रवीण है। संस्था द्वारा सरकारी क्षेत्र के कर्मियों को डिजीटल उपकरणों और कृत्रिम बुद्धिमता में कुशल बनाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। बिहार में प्रथम बार इस तरह का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसी सोच के तहत बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अधिकारियों व कर्मचारियों को आर्टिफिसियल इन्टेलिजेंस की चार दिवसीय बेसिक व एडवान्स ट्रेनिंग ''एच.सी.एल-जी.यू.वी.आई'' द्वारा दिलायी गयी है। दो दिवसीय प्रशिक्षण के पश्चात निर्धारित अंक प्राप्त करने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को पुनः दो दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राज्य पर्षद् की इस पहल से पर्षद् के करीब 100 अधिकारियों /कर्मचारियों में से वैसे कुल 25 प्रशिक्षु जिन्हें 50 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त हुए हैं को आज पर्षद् अध्यक्ष डॉ. डी.के.शुक्ला, सदस्य-सचिव नीरज नारायण, भा.व.से. तथा प्रशिक्षण टीम के प्रशिक्षकों द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार अरुण रंजन का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे वरिष्ठ पत्रकार अरुण रंजन का निधन हो गया। उन्होंने सोमवार रात दिल्ली में आखिरी सांस ली। बता दें कि अरुण जी 'नवभारत टाइम्स' पटना के पूर्व रेजीडेंट एडिटर के अलावा दिल्ली संस्करण के ब्यूरो प्रमुख भी रह चुके थे। उनके निधन पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने शोक जताया। अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष कमल किशोर, विष्णुकांत मिश्र आदि ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# बिहार में महिलाओं, बच्चियों पर बढ़े अत्याचार पर खामोश क्यों सरकार : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गयाजी जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र के बांके बाजार में 9 साल की नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना के बाद बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम दल-बल के साथ गयाजी पहुंचकर सिटी एसपी से शिष्टमंडल के साथ मुलाकात कर नाबालिग बच्ची को न्याय दिलाने के लिए कल देर शाम मुलाकात की। साथ ही उन्होंने प्रेस के माध्यम से परिजनों को हर संघर्ष में साथ देने की बात कह कर ढांढ़स बढ़ाया और उनके लिए न्याय की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का समर्थन दिया। गयाजी पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार में अपराध और अपराधी नीतीश भाजपा सरकार के नियंत्रण से बाहर जा चुके हैं। रोजाना सूबे में आपराधिक घटनाएं हो रही है। पुलिस और कानून व्यवस्था का कोई खौफ अपराधियों में नहीं रह गया है और यह सरकार के गिरते इकबाल का परिचायक है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचेतावस्था में चले गए हैं और बिहार को भयाक्रांत कर रख दिया है। प्रदेश में आपराधिक घटनाओं पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है और महिलाएं, बच्चियों तक की अस्मिता खतरे में आ गई है। रोजाना बलात्कार और महिला अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि प्रदेश में गुंडाराज स्थापित हो चुका है और रोजाना स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने ट्रैवल एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि अमेरिकी नागरिक भारत में अकेले न घूमें और भारत को बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद से ग्रस्त देश बताया जिसमें बिहार को लेकर विशेष तौर पर यात्रा की मनाही की गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश की जगहंसाई कराने वाले भाजपा और नीतीश कुमार को कम से कम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही ढंग से करना चाहिए और राज्य में कानून का राज अपने बचे कार्यकाल में स्थापित करके आराम से रिटायरमेंट लेना चाहिए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ कांग्रेस का शिष्टमंडल जिसमें जिलाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, रजनीश कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी, पूर्व उप महापौर, गया नगर निगम मोहन श्रीवास्तव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष कोंच रिया कुमारी शामिल रहीं, ने सिटी एसपी से मिलकर बच्ची को उचित न्याय और दोषियों को स्पीडी ट्रायल चला कर सजा देने के साथ पीड़िता के परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

# बिहार सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ का अधिवेशन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ का अधिवेशन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के अंतिम चरण में नई कार्यकारिणी के गठन हेतु मतदान हुआ जिसकी गिनती देर रात 11:30 बजे संपन्न हुई। चुनाव में अध्यक्ष पद पर शशि सिंह, महामंत्री पद पर शशि भूषण कुमार (निवर्तमान अध्यक्ष) और कोषाध्यक्ष पद पर अमृतेश कुमार विजयी घोषित हुए। इस प्रक्रिया में 700 से अधिक सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया। अधिवेशन में संगठन की भावी दिशा और सहकारिता विकास पर गंभीर विमर्श हुआ।

# मंत्री ने किया प्रवासी श्रमिकों की स्थिति विषयक नीतिगत दस्तावेज का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत में कोविड -19 के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव के आलोक में नागरिक सामाजिक संगठनों का क्षमतावर्धन को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन घोघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ (जी पी एस वी एस) द्वारा वेल्ट हंगर हिल्फ एवं द यूरोपियन यूनियन के सौजन्य से पटना के अनुग्रह नारायण सिन्हा इंस्टीट्यूट में किया गया। इस राज्यस्तरीय कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। जीपीएसवीएस के अध्यक्ष रमेश कुमार ने मंत्री संतोष कुमार सिंह को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। बिहार में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति विषयक नीतिगत दस्तावेज का विमोचन मंत्री द्वारा किया गया। मौके पर श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा मजदूरों के हित में अनेकों योजना चलाई जा रही है। बिहार प्रवासी मजदूरों को सुविधा दिलाने में अग्रणी राज्य है। उन्होंने जीपीएसवीएस द्वारा प्रवासी मजदूरों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यशाला में बेल्ट हंगर हिल्फे की प्रोजेक्ट हेड अपर्णा लाल ने बिहार में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति विषयक नीति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रवासी मजदूरों की जिंदगी बेहतर बनाने हेतु कार्य करना चाहिए ताकि उनका जीवन खुशहाल हो सके। कार्यशाला में सुपौल से आए प्रवासी श्रमिक वंश नारायण मेहता ने बताया कि संस्था द्वारा उन्हें कोविड काल में जो कौशल विकास का प्रशिक्षण मिला उससे आज वे आत्मनिर्भर और खुशहाल है। आज वे ट्रेनर बनकर अन्य लोगों को मदद कर रहे हैं। वही अन्य प्रवासी श्रमिक मुनचुन, दीपेश राय ने मंत्री के समक्ष संस्था द्वारा मुख्य उपलब्धि को रखा जिसे श्रम संसाधन मंत्री ने ध्यान पूर्वक सुना और संस्था के कार्यों की सराहना की। पटना विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अविरल पाण्डेय द्वारा प्रवासी मजदूरों की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुति की गई। मौके पर मिल ऑफिसर अर्चना कुमारी, अजय झा, प्रशांत कुमार सिंह, मो.अताउल्ला, अंजू रेमी, सुनील कुमार, चंद्रभूषण सिंह, साकिव आलम, मोनी कुमारी, साधना, शोभा कुमारी सहित समाजसेवी, बुद्धिजीवी के अलावे सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# एचएमएसआई ने अपना पहला इवी कॉन्सेप्ट स्टोर किया उद्घाटित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में अपना पहला इवी कॉन्सेप्ट स्टोर बेंगलुरु के मल्लेश्वरम स्थित मंत्री स्क्वायर मॉल में उद्घाटित किया। यह अनोखा स्टोर ग्राहकों को होंडा की मोबिलिटी, तकनीक और नवाचार की दुनिया का अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसी मौके पर एचएमएसआई ने एक्टिवा ई के लिए नया बैटरी-एज-ए-सर्विस लाइट प्लान भी पेश किया जिसमें ग्राहक सिर्फ 678 रुपये में 20 किलोवाट-घंटा तक की एनर्जी उपयोग कर सकते हैं। स्टोर का मुख्य आकर्षण एक बड़ा एलईडी डिस्प्ले है जो इंटरैक्टिव कंटेंट, ब्रांड स्टोरीटेलिंग और प्रोडक्ट हाइलाइट्स के माध्यम से आगंतुकों को आकर्षित करता है। इस अनोखे स्टोर में ग्राहकों को एक्टिवा इ और क्यूसी1 जैसे इलेक्ट्रिक मॉडलों को करीब से देखने, उनकी तकनीकी खूबियों को समझने और होंडा की बैटरी स्वैपिंग तकनीक का डेमो देखने का मौका मिलेगा। यह प्लान खासकर उन उपयोगकर्ताओं के लिए बनाया गया है जिनकी दैनिक यात्रा कम होती है और जो कम लागत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनाना चाहते हैं। लाइट प्लान (रुपये 678 - 20 किलोवाट-घंटा प्रति माह), बेसिक प्लान (रुपये 1,999-35 किलोवाट-घंटा प्रति माह) और एडवांस (रुपये 3,599-87 किलोवाट-घंटा प्रति माह) यह नया लाइट प्लान, होंडा के मौजूदा बेसिक और एडवांस प्लानों के अतिरिक्त उपलब्ध होगा।

# आइजीआइएमएस में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया विस्तार : मंगल पांडेय

## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया मरीज हित में कई अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री, बिहार-सह-अध्यक्ष, शासी निकाय, आईजीआईएमएस पटना मंगल पाण्डेय एवं विधायक दीघा विधान सभा संजीव चौरसिया के द्वारा मंगलवार को संस्थान में चार अतिमहत्वपूर्ण सुविधाओं का उदघाटन किया। पेडियेट्रिक्स ऑनकोलोजी वार्ड, 02 मॉडयूलर ओटी, एससीआई में रोबोटिक संचालित फिजियोथेरेपी एवं मॉलेक्यूलर फार्मोकोलॉजी रिसर्च लैब का फॉर्माकोलॉजी विभाग में लोकार्पण किया गया। इन अतिरिक्त सुविधाओं की कुल राषि करीब आठ (08) करोड़ है। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पेडियेट्रिक्स ऑनकोलोजी वार्ड के उदघाटन पर प्रकाश डाला एवं बताया कि 12 बेड का उदघाटन किया गया जो अभी 10 है। ये वार्ड बच्चों के लिए बहुत पारिवारिक माहौल के अनुसार बनाया गया है। उसमें उपचार करा रहे बच्चों के लिए सभी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है जिसमें उनका इलाज हो, वे खेले, पढाई करें एवं हर प्रकार से स्वास्थ्य सेवाओं का भी ध्यान रखा गया है। साथ - साथ चिकित्सकीय सेवाओं का भी ध्यान रखा गया है। उपचार करवाने आये बच्चों की सुविधा के लिए चाइल्ड फिजियोलाजिस्ट डायटिशियन को नियुक्त किया गया है। ये वार्ड संक्रमण से सुरक्षित एवं बच्चों के अनुकुल बनाया गया है जिससे कि बच्चों को सुरक्षित एवं साकारात्मक वातावरण मिल सकेगा जो कि बिल्कुल पारिवारिक लगेगा। स्वास्थ्य मंत्री एवं डॉ संजीव चौरसिया, विधायक ने कैंसर से विजय पाये हुए सैकड़ों बच्चों से मुलाकात की एवं उनका कुशलक्षेम पूछा जिस कैंसर संस्थान की नींव बिहार के मुखिया नीतीश कुमार एवं स्वास्थ्य मंत्री ने इसका शिलान्यास किया था। आज अतिरिक्त सुविधाओं से इतने सारे बच्चों को एक नई जिंदगी मिल रही है उस पर हर्ष प्रकट किया गया। श्री पांडेय ने कैंसर विभाग में उदघाटन होने वाले आधुनिक मॉडयूलर ओटी 03 एवं 04 के बार में प्रकाश डाला एवं बताया कि आज इस ओटी की शुरुआत की गई। जिससे कि स्टेट कैंसर केन्द्र के मरीजों को सर्जरी के दौरान एवं बाद में संक्रमण नियंत्रण हेतु उच्च गुणवत्ता वाले वेनटिलेशन एंड फिल्टरेशन सिस्टम शामिल है। इस ओटी के चालू हो जाने से कैंसर के खिलाफ लड़ाई में हम और अधिक प्रभावी साबित होंगे।

# जरूरतमंद बच्चों को साइकिल एवं महिलाओं को दी सिलाई मशीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** रोटरी चाणक्य प्राइड एवं पटना ऑब्स्ट्रेक्ट्रिक और गाइनेकोलॉजिकल सोसाइटी की शाखा ब्रेस्ट एण्ड प्यूरपिरल कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में राजेंद्र नगर स्थित मोदी क्लिनिक में जरूरतमंद बच्चों के बीच साइकिल एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस मौके पर दोनों संस्था की ओर से 10 स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच साइकिल एवं दानापुर की महिला शोभा जी के सिलाई प्रशिक्षण केंद्र को पांच सिलाई मशीन दिया गया। इस मौके पर रोटरी चाणक्य प्राइड के अध्यक्ष श्वेता मोदी ने बताया कि उनकी संस्था का प्रयास है कि हर जरूरतमंद लोगों को उनके उपयोग की सामग्री मिले ताकि वह भी अपना जीवन अन्य लोगों की तरह सही ढंग से जी सकें। उन्होंने कहा स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए साइकिल बहुत ही उपयोगी है उतना ही एक घर गृहस्थी चलाने वाले महिला के लिए सिलाई मशीन जरूरी। इस मौके पटना आब्सट्रेट्रिक एण्ड गाइनेकोलॉजिकल सोसाईटी के ब्रेस्ट एंड प्युरपेरल हेल्थ कमिटी की चेयरपर्सन डॉ चारू मोदी ने कहा कि बच्चे अगर साइकिल से स्कूल जाएंगे तो उनको बिना किसी खर्च का स्कूल जाने में सहूलियत होगी और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। डॉ मोदी ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार साइकिल से स्कूल जाने वाले बच्चों का स्वास्थ्य बस या अन्य साधनों से स्कूल जाने वाले बच्चों से बेहतर होता है। साथ ही सिलाई मशीन से भी कामकाजी महिलाओं का व्यायाम होता है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पाब्स की पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रमिला मोदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रोटरी चाणक्य प्राइड की सचिव वीनू भरतिया ने किया। इस मौके पर डॉ गौतम मोदी, निधि बजाज, खुशबू अग्रवाल, निखिल भारतीया, उद्धव मोदी, साकेत सुरेका, सहित बड़ी संख्या में रोटरी चाणक्य प्राइड के सदस्य एवं बच्चों के माता-पिता मौजूद थे।

## संपादकीय

# उपभोक्ताओं की सुनवाई कहां

राजमार्गों के जाल और साथ ही बढ़ते टोल नाके। इन टोल नाकों पर फास्टैग प्रणाली का समूचा ढांचा संचालन की खामियों के कारण सवालों के घेरे में है। सरकार ने फास्टैग आधारित तीन हजार रुपए वाले वार्षिक पास की योजना का एलान किया है और दावा किया है कि इससे कई तरह के झंझटों से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। इस पास में पूरे साल टोल टैक्स देने की जरूरत नहीं है, लेकिन शर्तें भी लगाई गई हैं। इस योजना के तहत एक साल में दो सौ चक्कर लगा सकते हैं। यह योजना अभी सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों एवं पूर्वोत्तर के टोल प्लाजा पर ही मान्य होगी। राज्य मार्गों के अंतर्गत आने वाले टोल नाकों पर यह नया पास नहीं चलेगा।यह केंद्र सरकार की योजना है और इसमें राज्यों को जोड़ने की कवायद दुरुह है। इसके लिए ढांचा तैयार करना आसान नहीं होगा। यह तो नई योजना की बात हुई। दरअसल, फास्टैग की पूरी प्रणाली को लेकर ही उपभोक्ताओं की ढेरों शिकायतें हैं। उन शिकायतों की न तो कहीं सुनवाई हो रही है और न ही किसी स्तर पर चीजें ठीक करने की कोशिश दिख रही है। आम उपभोक्ता खामियाजा भुगत रहा है। फास्टैग के पूरे तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही का घोर अभाव दिखता है। इसके लिए कोई विनियमन नहीं है, न तो कोई नियामक। देश में 39 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को फास्टैग जारी करने का अधिकार दिया गया है। क्या ये लोग अपनी जिम्मेदारी निभा पा रहे हैं। जब कोई उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर बैंक के पास जाता है तो उसे यह कहकर टाल दिया जाता है कि काम 'तीसरी पार्टी' के पास है। अब उपभोक्ता तीसरी पार्टी को कहां ढूंढने जाए। खराब हुआ फास्टैग स्टीकर, खाते में से बार-बार राशि कट जाना, दोगुना टोल भुगतान, सर्वर की गड़बड़ी, इस तरह की खामियों की आखिर कौन लेगा जिम्मेदारी।

कैसे उपभोक्ता को अपनी परेशानियों से निजात मिलेगी। सरकार के टोल संग्रह के आंकड़े में बढ़ोतरी हो रही है। यह अच्छी बात है, लेकिन बढ़िया सेवा की उम्मीद तो उपभोक्ता करेगा ही। इसमें दो राय नहीं कि ढांचा अच्छा है। इससे किसी को इनकार नहीं हो सकता। लेकिन खामियां भी हैं, जिनसे आम उपभोक्ता परेशान हो रहा है। इस योजना का लाभ तभी मिल सकता है, जब सड़कें दुरुस्त हों और लोगों को अपनी यात्रा में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। लेकिन हैरत की बात है कि फास्टैग प्रणाली से पांच हजार करोड़ का राजस्व जमा करने वाली कंपनी का कोई ऐसा दफ्तर नहीं, जहां कोई उपभोक्ता पहुंच सके और अपनी बात रख सके। टोल नाकों पर लोग दिखते हैं, लेकिन वे उपभोक्ताओं के प्रति कितने जिम्मेदार होते हैं इसको लेकर सवाल हैं। उन लोगों के लिए जटिलता और बढ़ जाती है, जो पहली बार फास्टैग ले रहे हैं या जिन्हें इसकी प्रक्रिया के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। अनधिकृत विक्रेता आसानी से अपने चंगुल में फांस लेते हैं।

**जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भारतीय हिंदू समाज की एकता का आह्वान करते हुए यह कहा है कि भारत को इतनी सैन्य और आर्थिक शक्ति से संपन्न बनाया जाए कि दुनिया की कई शक्तियां मिलकर भी उसे जीत न सकें, तो पहला सवाल यही उठता है कि क्या भारत के पास पावरफुल बनने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है? क्या भारत, रूस-अमेरिका-चीन के प्रेम और युद्ध त्रिकोण में अपनी अव्यवहारिक नीतियों-सामरिक रणनीतियों की वजह से बुरी तरह से घिर चुका है, जो उसके पाकिस्तान-बंगलादेश सरीखे जलनशील पड़ोसियों को उकसाते रहते हैं?**

# क्या भारत के पास शक्तिशाली बनने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचा है?

(कमलेश पांडे )

आरएसएस के शताब्दी वर्ष में अपने संदेश में मोहन भागवत ने कहा है कि, हमारा संकल्प है- सारे हिंदू समाज को एकजुट करना और भारत को गौरव-शिखर पर पहुंचाना, फिर इस ट्रांसफॉर्मेशन को पूरे विश्व तक विस्तारित करना। इसलिए हिंदुत्व आधारित धार्मिक मूल्यों पर चलें।

जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भारतीय हिंदू समाज की एकता का आह्वान करते हुए यह कहा है कि भारत को इतनी सैन्य और आर्थिक शक्ति से संपन्न बनाया जाए कि दुनिया की कई शक्तियां मिलकर भी उसे जीत न सकें, तो पहला सवाल यही उठता है कि क्या भारत के पास पावरफुल बनने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है? क्या भारत, रूस-अमेरिका-चीन के प्रेम और युद्ध त्रिकोण में अपनी अव्यवहारिक नीतियों-सामरिक रणनीतियों की वजह से बुरी तरह से घिर चुका है, जो उसके पाकिस्तान-बंगलादेश सरीखे जलनशील पड़ोसियों को उकसाते रहते हैं?

ऐसा इसलिए कि चीन-पाकिस्तान-बंगलादेश की शह पर कभी श्रीलंका, कभी मालदीव, कभी म्यामांर, कभी नेपाल, कभी अफगानिस्तान, कभी भूटान आदि पड़ोसी देश भी भारत विरोधी एजेंडे के तहत कार्य करते हुए देखे सुने जाते हैं। कभी लोकतंत्र की आड़ में अमेरिका अंडरवर्ल्ड को, माओवादी वामपंथ के नाम पर चीन नक्सलियों को और गजवा-ए-हिन्द के नाम पर पाकिस्तान-बंगलादेश अपने अरब देशों या दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के शह पर आतंकवादियों को मदद देते रहते हैं, जो भारत में नशा के कारोबार, फार्मा ड्रग्स के धंधे और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा देने के साथ-साथ यहां कत्लेआम मचाते रहते हैं, ताकि हिन्दू समाज भयभीत और कमजोर होता रहे।

वहीं, तमाम विदेशी ताकतें विविधता में एकता की मिसाल समझे जाने वाले हिंदुओं के खिलाफ कभी जातीय युद्ध और कभी धार्मिक युद्ध के हालात पैदा करते रहते हैं। इसके लिए ये लोग यहां के बहुदलीय लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बेजा इस्तेमाल करने से भी गुरेज नहीं करते और यहां की क्षेत्रीय और भाषाई भावनाओं को भी भड़कवाते रहते हैं। वहीं, दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि भारतीय प्रशासन के पास इन स्थितियों से निबटने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं है, क्योंकि वह इस्लामिक और ब्रिटिश नीतियों को ही थोड़े फेरबदल के साथ लागू करके चलने को अभिशप्त है।

### आखिर क्यों और कैसे?

देखा जाए तो इसके लिए विभाजनकारी सोच वाली भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति और उस पर बना हुआ संविधान भी कम जिम्मेदार नहीं है। आलम यह है कि कभी जिन नीतियों के लिए जनसंघ, भाजपा, आरएसएस व उसके मातहत संगठन कांग्रेसियों, वामपंथियों, समाजवादियों आदि को कोसा करते थे, आज एनडीए की आड़ में उन्हीं नीतियों को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति 'कमजोर' हुई है और वैश्विक, राष्ट्रीय और सूबाई अंतर्विरोध बढ़े हैं।

इन सब बातों के दृष्टिगत जब कभी भी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत मुंह खोलते हैं और गौ हत्या, आरक्षण, जातीय जनगणना, राष्ट्रवाद, स्वदेशी, हिंदुत्व आदि सुलगते हुए मुद्दों पर बोलते हैं तो आरएसएस की विवशता और दिशाहीनता उजागर हो जाती है। क्योंकि जिन मुद्दों को लेकर उसका गठन 100 साल पहले किया गया था, उसके राजनीतिक मुखौटों ने कॉन्वेंट एजुकेटेड भारतीय नौकरशाहों-न्यायविदों-उद्योगपतियों की सलाह पर उसे भटका दिया है। ऐसे में जब वह ईसाइयों और मुस्लिमों के बाद दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी वाले हिंदुओं को लक्षित करके यह कहते हैं कि जब हिंदू ताकतवर होंगे, तभी दुनिया उनकी परवाह करेगी, तो कुछ गम्भीर सवाल का उठना लाजिमी जाता है।







पहला, भारतीय राष्ट्रवाद को जब देशी पूंजीपतियों के माध्यम से विदेशी पूंजीपतियों के यहां गिरवी रखा जा रहा था तो इसकी मुखालफत आरएसएस ने क्यों नहीं की? दूसरा, पिछली तीन पारियों से केंद्र में भाजपा काबिज है, फिर भी हिन्दू समाज को मजबूत करने वाले जाति-भाषा-क्षेत्र विरोधी कानून क्यों नहीं बनवाए गए? तीसरा, मोहन भागवत के बहुतेरे ऐसे बयान गिनाए जा सकते हैं, जिससे उनके वैचारिक अंतर्विरोधों का खुलासा होता है और स्पष्ट प्रतीत होता है कि वह विशाल हिन्दू समुदाय के हित की भाषा नहीं, बल्कि कथित तौर पर धर्मनिरपेक्ष भारत सरकार के लिए सत्ता संतुलन बनाने और जन असंतोष को दूर करने के लिए सेफ्टी वॉल्व का काम कर रहे हैं।

आखिर कभी कांग्रेस भी तो गोरे अंग्रेजों के लिए ऐसा ही किया करती थी और आज भागवत भी काले अंग्रेजों के पक्ष में ऐसा ही करने के दोषी समझे जा रहे हैं। यह बात उन्हें या उनके चमचों को बुरी लग सकती है, लेकिन साँच को आंच क्या? वहीं, जिस तरह से हाल ही में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शक्ति के साथ सगुण और धर्म-निष्ठा भी जुड़ी होनी चाहिए, क्योंकि सिर्फ क्रूर बल दिशाहीन होकर अंध हिंसा में बदल सकता है।

बता दें कि भागवत ने आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर को दिए एक इंटरव्यू में कहा है कि, देश की सीमाओं पर दुष्ट शक्तियों की कुटिलता हम लगातार देख रहे हैं, इसलिए भारत के पास शक्तिशाली बने रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उससे आगे उन्होंने यह भी कह दिया कि हिंदू जब ताकतवर होंगे, तभी दुनिया उनकी परवाह करेगी। ऐसे में सवाल उठता है कि हिंदुओं को ताकतवर बनाने के लिए उन्हें अनिवार्य सैन्य शिक्षा देने की पहल उन्होंने क्यों नहीं करवाई! उन्होंने हिंदुओं को उद्यमी बनाने के सार्थक प्रयत्न क्यों नहीं करवाए। क्योंकि जाति-भाषा-क्षेत्र विहीन हिन्दू समाज की वकालत आखिर क्यों नहीं की? और कि भी तो उसपर उसकी सरकारों ने अमल क्यों नहीं किया? उनकी सरकारों ने हिंदू विरोधी पाकिस्तानियों-बंगलादेशियों के अस्तित्व क्यों नहीं समाप्त करवाए, जो पूरी दुनिया में हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करते रहते हैं।

हालांकि, देर आयद दुरुस्त आयद की तरह मोहन भागवत ने यह कहा है कि, हमें शक्ति के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। जैसा कि हम अपनी दैनिक प्रार्थना में गाते हैं-'अजय्यां च विश्वस्य देहीश शक्तिम्' यानी हमें ऐसी शक्ति दीजिए कि संसार में हम अजेय रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत को अपनी रक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं होना चाहिए। सच्ची शक्ति अंतःस्थ होती है। हमें अपनी रक्षा स्वयं करने में सक्षम होना चाहिए। कोई भी हमें जीत न सके, चाहे कई शक्तियां एक साथ क्यों न आ जाएं। जैसा कि उन्होंने चेताया है कि, दुनिया में ऐसी दुष्ट शक्तियां हैं जो स्वभाव से ही आक्रामक हैं। इसलिए शक्ति के साथ धर्म का समन्वय जरूरी है। सिर्फ ताकत होगी तो वह दिशाहीन होकर अंध हिंसा में बदल सकती है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा है कि, हमें सदृण और शक्ति- दोनों की पूजा करनी चाहिए। सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हमारी शक्ति का यही स्वभाव होना चाहिए। जब कोई विकल्प न बचे तो दुष्टता को बलपूर्वक नष्ट करना ही पड़ता है। हमारा उद्देश्य विश्व व्यापार पर प्रभुत्व जमाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई शांतिपूर्ण, स्वस्थ और समर्थ जीवन जी सके।

# इस पल को जी ले ज़रा

**हमारे आसपास बहुत से ऐसे लोग थे, जो उस बेशकीमती नज़ारे को निहारने के बजाय मोबाइल के कैमरों में कैद करने में ज्यादा इंटरेस्टेड थे। वे हिमालय की तरफ पीठ कर अपनी फोटो खिंचवा कर वहां से चले जा रहे थे। अरे भाई, जो खूबसूरती आपके सामने है, उसे जी भरकर अपनी आंखों से तो देख लो। उसकी फोटो या विडियो तो इंटरनेट पर भी मिल जाएंगे।**

(अक्षय शुक्ला)

पिछले हफ्ते उत्तराखंड की यात्रा पर थे। दिल्ली में सूरज आग उगल रहा था, पर पहाड़ों पर रिमझिम बरसात से मौसम एकदम सुहावना था। पहाड़ की ऊंची चोटी से हम हर रोज़ टकटकी लगाए रहते थे कि शायद हिमालय के दर्शन हो जाएं। आखिरकार यात्रा के अंतिम दिन चार घंटे की ज़बरदस्त बरसात के बाद जब बादल छंटे तो हमारे सामने बदरीनाथ से लेकर नेपाल तक बर्फ से ढकी विशाल हिमालय पर्वतमाला का अद्भुत नज़ारा था।

गढ़वाल, कुमाऊं स्थित नंदा देवी, कामत, त्रिशूल और पांच पर्वत चोटियों के समूह पंचाचूली से लेकर अन्नपूर्णा रेंज को एक साथ देखने का रोमांचकारी अनुभव शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमारी तो नज़रें ही नहीं हट रही थीं। मन कर रहा था कि कुदरत की इस बेमिसाल खूबसूरती को बस यूं ही निहारते रहें। दोपहर से लेकर अंधेरा होने तक हम वहां से हिले नहीं।



हालांकि, हमारे आसपास बहुत से ऐसे लोग थे, जो उस बेशकीमती नज़ारे को निहारने के बजाय मोबाइल के कैमरों में कैद करने में ज्यादा इंटरेस्टेड थे। वे हिमालय की तरफ पीठ कर अपनी फोटो खिंचवा कर वहां से चले जा रहे थे। अरे भाई, जो खूबसूरती आपके सामने है, उसे जी भरकर अपनी आंखों से तो देख लो। उसकी फोटो या विडियो तो इंटरनेट पर भी मिल जाएंगे। वापस लौटकर क्या कुछ भी याद कर पाएंगे कि वहां क्या-क्या देखा? घर जाकर भी अपने फोन में ही देखेंगे जो वहां भी फोन के ज़रिए ही देखा। उन लोगों की दिलचस्पी अपने इंस्टा और फेसबुक अपडेट के लिए बेहतरीन शॉट लेने में अधिक थी।

यही हाल पैराग्लाइडिंग और ज़िपलाइनिंग जैसी एक्टिविटीज़ के दौरान भी दिखा। इन दोनों एडवेंचर एक्टिविटिज़ का मज़ा ही है हवा में बातें करते हुए नीचे घाटी के सुंदर मनोरम दृश्यों का लुत्फ उठाना। लेकिन जितने भी लोग ये एक्टिविटी कर रहे थे, उनका पूरा ध्यान अपने सेल्फी कैमरे पर ही था। ऊपर से वादियां कितनी हसीन लग रही थीं, उन्होंने एक बार भी देखा तक नहीं। उन्हें देख पहलगाम अटैक वाले दिन के विडियो की याद आ गई, जिसमें ज़िपलाइनिंग करने वाले शख्स का भी पूरा ध्यान कैमरे पर था, उसने यह देखा तक नहीं कि नीचे क्या चल रहा है।

यह हाल सिर्फ पर्यटन स्थलों का ही नहीं, हर जगह का हो गया है। लोग जहां भी जाते हैं, वहां बस मोबाइल से विडियो बनाने लग जाते हैं। किसी बड़े सिंगर का स्टेज शो हो, कोई सिलेब्रिटी या बड़ा नेता आपके सामने से गुज़र रहा हो, तो उसे लाइव देखने के बजाय मोबाइल उठाकर विडियो बनाने लगते हैं। जिस मशहूर हस्ती को आपने अभी तक सिर्फ तस्वीरों में या टीवी पर ही देखा है, वह आपके सामने है तो उसे सीधे ही देखो ना। उसकी फोटो और विडियो तो आपको कहीं भी मिल जाएंगे।

दरअसल, हर कोई यह बताना चाहता है कि वे उस सिलेब्रिटी के कितने करीब थे। पर करीब होकर भी क्या उन्हें वाकई देख पाए?

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद पाकिस्तान की 'नोबेल डिप्लोमेसी' पर गिरी गाज

**पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर को अपने अमेरिका दौरे पर इतराते हुए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किये हुए 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि पाकिस्तान एक बड़े राजनयिक संकट में फंस गया और उसे ऐसा डिप्लोमेटिक यूटर्न लेना पड़ा जोकि राजनय के इतिहास में हमेशा के लिए हास्यास्पद घटना के तौर पर देखा जायेगा। हम आपको बता दें कि जैसे ही पाकिस्तान ने 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए डोनाल्ड ट्रंप को नामांकित करने की घोषणा की उसके कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर बंकर बलास्टर बम बरसवा कर मध्य पूर्व में युद्ध का खतरा पैदा कर दिया।**

(नीरज कुमार दुबे )

हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान के कुछ नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के हमले के बाद सरकार से 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है।

पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर को अपने अमेरिका दौरे पर इतराते हुए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किये हुए 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि पाकिस्तान एक बड़े राजनयिक संकट में फंस गया और उसे ऐसा डिप्लोमेटिक यूटर्न लेना पड़ा जोकि राजनय के इतिहास में हमेशा के लिए हास्यास्पद घटना के तौर पर देखा जायेगा। हम आपको बता दें कि जैसे ही पाकिस्तान ने 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए डोनाल्ड ट्रंप को नामांकित करने की घोषणा की उसके कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर बंकर बलास्टर बम बरसवा कर मध्य पूर्व में युद्ध का खतरा पैदा कर दिया। ऐसे में पाकिस्तान के लिए सिर मुंडाते ही ओले पड़ने वाली स्थिति पैदा हो गयी। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का मजाक ऐग आन युअर फेस वाली अंग्रेजी कहावत का संदर्भ देकर भी उड़ाया जाने लगा। हम आपको बता दें कि इस कहावत का हिंदी में मतलब है शर्मिंदा होना या मूर्ख दिखना। ईरान पर अमेरिकी हमलों से पहले डोनाल्ड ट्रंप को विश्व का शांति दूत करार दे रहे पाकिस्तान ने अमेरिकी बमवर्षक विमानों के हमले की निंदा वाला बयान जारी करते हुए कहा कि ये हमले 'अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन' हैं। पाकिस्तान ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट चार्टर के तहत ईरान को आत्मरक्षा का वैध अधिकार है।

हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान के कुछ नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के हमले के बाद सरकार से 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है। इसलिए देखना होगा कि क्या पाकिस्तान सरकार नोबेल पुरस्कार समिति से की गयी अपनी सिफारिश को वापस लेती है या नहीं? हालांकि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के हस्ताक्षर वाला अनुशंसा-पत्र नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार समिति को भेजा जा चुका है। लेकिन अमेरिका द्वारा ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले किए जाने के बाद इस फैसले को लेकर पाकिस्तानी नागरिकों, संगठनों और मीडिया की ओर से आपत्तियां आने लगी हैं।



पाकिस्तान के कई प्रमुख राजनेताओं ने शहबाज शरीफ सरकार से नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर अपने फैसले की समीक्षा करने की मांग की है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख वरिष्ठ नेता मौलाना फजलुर रहमान ने मांग की है कि सरकार अपना फैसला वापस ले। फजल ने पार्टी की एक बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप का शांति का दावा झूठा साबित हुआ है; नोबेल पुरस्कार के लिए प्रस्ताव वापस लिया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि ट्रंप की हाल में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ बैठक और दोनों के साथ में भोजन करने से 'पाकिस्तानी शासकों को इतनी खुशी हुई' कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित करने की सिफारिश कर दी। फजल ने सवाल किया, ''ट्रंप ने फलस्तीन, सीरिया, लेबनान और ईरान पर इजराइल के हमलों का समर्थन किया है। यह शांति का संकेत कैसे हो सकता है?'' उन्होंने कहा, ''जब अमेरिका के हाथों पर अफगानों और फलस्तीनियों का खून लगा हो, तो वह शांति का समर्थक होने का दावा कैसे कर सकता है?''

वहीं पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर मुशाहिद हुसैन ने 'एक्स' पर लिखा, ''चूंकि ट्रंप अब संभावित शांतिदूत नहीं रह गए हैं, बल्कि एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने जानबूझकर एक अवैध युद्ध छेड़ दिया है, इसलिए पाकिस्तान सरकार को अब नोबेल पुरस्कार के लिए उनके नाम की सिफारिश पर पुनर्विचार करना चाहिए, उसे रद्द करना चाहिए!'' उन्होंने कहा कि ट्रंप इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इजराइल की 'युद्ध लॉबी' के जाल में फंस गए हैं और अपने राष्ट्रपति पद की सबसे बड़ी भूल कर रहे हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद अली मुहम्मद खान ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर ''पुनर्विचार करें'' लिखा। उन्होंने ''ईरान पर अमेरिकी हमले और गाजा में इजराइल द्वारा की गई हत्याओं के लिए निरंतर अमेरिकी समर्थन'' होने का दावा किया।

साथ ही, अमेरिका में पाकिस्तान की पूर्व राजदूत मलीहा लोधी ने अपनी सरकार के इस कदम को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया और कहा कि यह जनता के विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करता है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार मारियाना बाबर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'आज पाकिस्तान भी बहुत अच्छा नहीं दिखता है'। उन्होंने ट्रंप के नाम की सिफारिश वाली पाक सरकार की पोस्ट को साझा करते हुए यह बात कही। इसके अलावा, लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता फातिमा भुट्टो ने कहा, क्या पाकिस्तान नोबेल शांति पुरस्कार के लिए उनके (ट्रंप के) नाम की सिफारिश वापस लेगा?

## संक्षिप्त समाचार

### नये ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ड्राइविंग टेस्ट ली गई

**गिरीडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी श्री शैलेश कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में आज नये ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए हुए कैंडिडेट को बारवाडीह ग्राउंड,गिरिडीह में ड्राइविंग टेस्ट लिया गया एवं साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया । हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया की सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट कि भी वितरण कि गई। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी श्री शैलेश कुमार प्रियदर्शी एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्द वाज़िद हसन उपस्थित रहे।

### डीएसओ ने किया बेंगाबाद खाद्य आपूर्ति विभाग के गोदाम का निरीक्षण

**बेंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित खाद्य आपूर्ति विभाग के गोदाम का निरीक्षण करने जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी पहुँचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को कई दिशा-निर्देश दिए और गोदाम में अनाज के रखरखाव, साफ-सफाई व्यवस्था एवं शेड निर्माण को लेकर आवश्यक जानकारी ली पदाधिकारी ने मौके पर मौजूद कर्मियों को गोदाम की नियमित सफाई, अनाज के सुरक्षित भंडारण और उचित व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी ने बताया कि गोदाम का जल्द ही आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके तहत गोदाम की दीवारों की मरम्मत, शेड निर्माण और अनाज भंडारण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा उन्होंने कहा कि अनाज के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मियों को निर्देशित किया गया कि गोदाम में स्टॉक की समय-समय पर जांच और साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करें इस दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य विभागीय कर्मी भी उपस्थित रहे।

### थैलीसिया पेशेंट के लिए एक यूनिट खून को ले हंगामा

**आक्रोशित परिजनों ने रेड क्रॉस के बल्ड बैंक में लगाया ताला**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया पेशेंट के लिए एक यूनिट महीने में ब्लड निर्धारित किए जाने को लेकर आज रोगी के परिजनों ने हंगामा किया। आक्रोश में ब्लड बैंक में ताला जड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि पिछले 15 से 20 साल से हमें यहां से थैलेसीमिया पेशेंट के लिए ब्लड मिलता रहा है। लेकिन जब से नई कमेटी आई है तब से महीने में एक यूनिट ब्लड देने का प्रावधान किया गया है। जिस कारण पेशेंट को सरवाइव करना मुश्किल हो रहा है। हम लोगों के पेशेंट को महीने में दो से चार यूनिट ब्लड लगता है। ऐसे में डोनर भी मिल पाना मुश्किल है। सरकार का भी निर्देश है कि सभी को ब्लड उपलब्ध कराना है। बावजूद इसके यहां हम लोगों को तंग किया जा रहा है और परेशान किया जा रहा है। इसी को लेकर हम लोगों ने इस तरह ताला बंद करने का काम किया है। क्योंकि हमें अपने मरीज को बचाना है। वही रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक के पदाधिकारी का कहना है कि यह सिर्फ साजिश है। कमेटी को बदनाम करने के लिए इस तरह का काम किया जा रहा है ।हम लोग महीने में एक यूनिट ब्लड पहले देते हैं उसके बाद जरूरत पड़ने पर हम उपलब्ध कराते हैं। लोगों को परेशानी है तो अधिकारियों को इसका शिकायत कर सकते हैं लेकिन ताला मरना,कहीं से उचित नहीं है।

### भाजपाइयों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलों के सभी प्रखंड कार्यालय परिसर में राज्य की गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार एवं सरकारी योजनाओं की विफलताओं के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी का जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया,इसी कड़ी में पीरटांड़ प्रखण्ड कार्यालय में भी विरोध प्रदर्शनकिया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश प्रसाद यादव ,चुन्नू कांत, विभाकर पांडेय एवं ने किया। इस मौके पर पीरटांड प्रखण्ड मुख्यालय में भाजपा नेताओं ने राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वंही इस सभा के जरीए तमाम भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार की जमकर खिंचाई की और उनकी विफलताओं को गिनवाया। वहीं प्रखंड में भाजपा नेताओं द्वारा इस कार्यक्रम उपरांत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जिले के उपायुक्त को 10 सूत्री मांगों से सम्बंधित मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर वरिष्ठ भाग फर्नीचर भाजपा नेता दिनेश प्रसाद यादव अधिवक्ता चुनुकांत ,विभा कर पांडे सहित श्याम प्रसाद, सिकंदर हेंब्रम अजय सिंह, शरद भक्त, अरविंद राय, बबलू साहू, प्रदीप सिंह ,शमशाद आलम, संतोष राणा, बुधन हेंब्रम सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के साथी गण मौजूद थे।

### हिमालया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को एसबीटीई, बिहार से तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मिली संबद्धता

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर हिमालया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इब्राहीमपुर, अवधारा, पटना को शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। संस्थान को बिहार राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत डिप्लोमा स्तर के तकनीकी पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु संबद्धता प्राप्त हो गई है। इस संबद्धता के तहत सिविल इंजीनियरिंग में 180 सीटें, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 60 सीटें, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60 सीटें तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 60 सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मान्यता छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है । उन्होंने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी शिक्षकों तथा उद्योगों से जुड़ी प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से छात्रों को एक सशक्त भविष्य के लिए तैयार करेगा। इस पहल से बिहार के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। नामांकन प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी।



### व्यवसायियों में पुलिस के विरुद्ध आक्रोश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार की शाम चास थाना क्षेत्र स्थित आस्था ज्वेलर्स में हुई करोड़ों रुपए की लूट मामले को लेकर व्यवसाईयों में आक्रोश देखा जा रहा है। आक्रोश को देखते हुए बोकारो के एसपी हरविंदर सिंह खुद चास थाना में बैठकर मामले की मॉनीटरिंग करते देखे गए। फॉरेंसिक टीम दुकान में पहुंचकर अपराधियों के फिंगरप्रिंट को फॉरेंसिक एविडेंस जुटाने में लगी रही। इस दौरान पीड़ित दुकानदार के साथ सैकड़ो की संख्या में स्वर्ण व्यवसाई चास थाना पहुंचे और एसपी से मुलाकात की। एसपी ने व्यवसाईयों को सुरक्षा और जल्द मामले का उद्वेदन करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने की बात कही। दुकानदारों ने कहा कि जल्द अगर अपराधियों को पकड़ते हुए लूट गए माल का हंड्रेड परसेंट रिकवरी नहीं होता है तो हम लोग धरना प्रदर्शन करेंगे अपनी दुकानों को बंद करेंगे और रांची में जाकर धरना देने का काम करेंगे ।एसपी हरविंदर सिंह ने इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि सभी दुकानदारों को आश्वासन दिया गया है जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर थोड़ी सी भी पुलिस को घटना के तुरंत बाद भनक लग जाती तो मामला अभी कुछ अलग होता।

### जिला प्रशासन खूंटी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच उरफअंतर्गत 'MoA समारोह' का आयोजन

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जिला प्रशासन खूंटी को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय स्थित सभागार में एक 'टङ्कअ (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त आर. रॉनिटा (भा.प्र.से) की अध्यक्षता में जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच सहयोगात्मक पहल पर औपचारिक सहमति बनी। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के निदेशक श्री आर.आर. मौर्या एवं जिला प्रशासन की ओर से जिला योजना पदाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा टङ्कअ पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते के तहत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा ₹25 लाख की राशि से 3 एम्बुलेंस प्रदान किए गए, जो जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से मरीजों को अस्पताल तक लाने के कार्य में सहायक सिद्ध होंगे। उपायुक्त ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस साझेदारी से जिले को सामाजिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए एक जीवनदायिनी सेवा साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त श्री आलोक कुमार, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के निदेशक आर.आर. मौर्या, सिविल सर्जन डॉ. एन. मांझी, जिला योजना पदाधिकारी कुंदन कुमार, सीएसआर नोडल पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार शुक्ला समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने किया जरीडीह प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश-प्रदर्शन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, बलात्कार, धवस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली-पानी, बालू पत्थर-कोयला की लूट और बेरोजगारी लव जिहाद, लैंड जिहाद के विरोध मे भारतीय जनता पार्टी जरीडीह प्रखंड के द्वारा प्रखंड कार्यालय मे आक्रोश प्रदर्शन किया गया।

आक्रोश प्रदर्शन प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर के अध्यक्षता एवं संचालन मंडल महामंत्री सुनील मंडल के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता बेरमो पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है, गरीब जनता से सभी योजनाओं में पैसा वसूली किया जाता है। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने कहां प्रखंड विकास कार्यालय का नाम बदलकर भ्रष्टाचार की जननी कार्यालय रखना चाहिए प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, आय प्रमाण पत्र, सभी में पैसा वसूली किया जाता है ।भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक, संजय सिंह ने कहा प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदया के द्वारा श्यामल मंडल, रंजीत महतो, मेघनाथ गोसाई, शुभम बनर्जी, फोदार सिंह, करण नायक, मोहन महतो, वकील कुमार, हीरालाल महतो, सुमित जायसवाल, सक्षम सिंह, गौरव सिंह, प्रकाश महतो, राहुल कुमार सिंह, राजेंद्र महतो, सुनील स्वर्णकार,बबलू ठाकुर,जगत ठाकुर, एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार का नई इमारत खड़ा की गई है जितने भी योजनाएं हैं सभी में पहले कमीशन तय किया जाता है इसके बाद काम धरातल पर उतरता क्षेत्र की जनता प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदया से त्रस्त है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री सुभाष महतो, विक्रम गोस्वामी, जय नारायण मरांडी, बालेश्वर मुर्मू, जितेंद्र मुर्मू, केदार महतो, व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश राय, टीना सिंह, सुमित जायसवाल,

## भ्रष्टाचार के खिलाफ जमुआ में भाजपा का प्रदर्शन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्तमान की झारखंड सरकार, हेमंत सरकार में ब्याप्त भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, बिजली पानी, अवैध बालू, पत्थर कोयला की लूट को लेकर प्रखण्ड स्तरीय भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन जिला अध्यक्ष महादेव दुबे की अध्यक्षता में जबकि संचालन वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राय ने की कार्यक्रम को सम्बोधित करते जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने कहा ठगबंधन की सरकार अपने क्रिया कलाप में सुधार नहीं हुआ है राज्य में ब्याप्त भ्रष्टाचार से लोग त्रस्त हैं . सीओ ,बीड़ीओ , खाद्य आपूर्ति ,थाना के क्रिया कलाप पर रोष जतायी है इनलोगों के द्वारा बिना पैसा का कोई काम नहीं किया जाता है आज चेतावनी दी जा रही है सुधार करें नहीं तो आने वाले दिनों में सुधार देंगें कार्यक्रम को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राय ने कहा घर में चोर आने पर हमलोग चोर चोर हल्ला करते हैं ठीक उसी प्रकार राज्य में बैठे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार चोर है. कहा खनन पट्टा, बालू, कोयला, पत्थर की चोरी करवा रहे हैं कहा हेमंत सरकार में दम है तो जनता की अदालत में किये गए वायदे को पूरा करो कहा आतंक के राज को भाजपा ने भगाया, आज लोग तिसरी, गावां हो या पीरटांड़ डुमरी हो लोग चैन से सोते हैं. कहा ये गठबंधन लुटेरों का गठबंधन है सभी मिलकर लूट रहे हैं कहा ये राहु केतु का गठबंधन से झारखण्ड में ग्रहण लग गया है. कहा देश के प्रधानमंत्री के द्वारा 5 लाख तक की सुविधा गरीबों की दी थी .जिसे हेमंत की सरकार ने बंद कर दिया है प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने कहा जिस राज्य का मुखिया ही चोर हो तो सीओ बीडीओ का क्या दोष ये तो चोर होंगें ही . कहा जनता सब समझ चुकी है सता परिवर्तन करेगी कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, कामेश्वर पासवान, राजेन्द्र राय, किसान मोर्चा के परमेश्वर यादव, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सुनील सिंह, साहेब महतो, ऋषि पांडेय, मंडल अध्यक्ष सुमन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष नवडीहा सुधीर वर्मा, झारखण्ड धाम मंडल अध्यक्ष गंगाधर वर्मा, अमरेंद्र कुमार, संजय हाजरा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि धनेश्वर वर्मा ने सम्बोधित किया. कार्यक्रम में सैकड़ों महिला पुरुष भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे.

# जिले के सभी प्रखंडों में भाजपा ने सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सभी जिलों के सभी प्रखंड कार्यालय परिसर में राज्य की गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार एवं सरकारी योजनाओं की विफलताओं के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया।इस दौरान जहां गिरिडीह सदर प्रखंड कार्यालय के समक्ष आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महादेव दुबे तथा संचालन रणजीत कुमार राय ने किया वंही धन्यवाद ज्ञापन संगीता सेठ ने किया। इसी प्रकार पीरटांड़ प्रखण्ड कार्यालय में आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा नेता चुन्नू कांत, विभाकर पांडेय एवं दिनेश यादव ने किया। जबकि जमुआ प्रखण्ड तथा देवरी प्रखंड में इस आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम की अगुवाई प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय, लक्ष्मण स्वर्णकार एवं जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी ने की। वहीं गांडेय प्रखण्ड में भाजपा नेता दिलीप वर्मा और पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक की अगुवाई में भाजपाइयों ने आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम निकाला।इसके पूर्व सभी प्रखण्ड मुख्यालयों में भाजपा कार्यकताओं एवं नेताओं ने सड़क पर उतर कर राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। वहीं प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंच भाजपाइयों ने सभा का भी आयोजन किया। इस सभा के जरीए तमाम भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार की जमकर खिंचाई की और उनकी विफलताओं को गिनवाया। वहीं सभी प्रखंड में भाजपा नेताओं द्वारा इस कार्यक्रम उपरांत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जिले के उपायुक्त को 10 सूत्री मांगों से सम्बंधित मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर गिरिडीह सदर प्रखंड में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व मेयर प्रकाश सेठ, जिला महामंत्री संदीप डांगाईच, विनय सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, पूर्व जिला महामंत्री सुभाष सिन्हा, नगर अध्यक्ष हरिंदर सिंह बग्गा, भागीरथ मंडल, मनोहर यादव, जयशंकर सिन्हा, राजेश जायसवाल, संजीत सिंह पप्पू, शालिनी बेसिखयार, अनूप सिन्हा, मंडल अध्यक्ष खिरोधर दास, राजेश गुप्ता, सुनीत कुमार, संजीव गुड्डू, नारायण पांडेय, संतोष पांडेय, सरजू मंडल, रविंद्र मंडल, ज्योतिष शर्मा, अंकित यादव, सदानंद वर्मा, पवन कंधवें, अमित आर्य, मनोज शंघाई आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने समाहरणालय स्थित कार्यालयों का किया निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ समाहरणालय परिसर स्थित चिन्हित पार्किंग एरिया एवं कैंटीन एरिया का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नजारत, आपदा प्रबंधन, राजस्व शाखा, भूअर्जन, नीलम पत्र शाखा, जिला कल्याण कार्यालय, जन शिकायत कोषांग, सामाजिक सुरक्षा कार्यालय, जिला समाज कल्याण कार्यालय, जिला आपूर्ति कार्यालय, ट्रांजिट सेक्शन, एनआईसी कार्यालय, विधि शाखा, सामान्य शाखा, जिला निर्वाचन कार्यालय, स्थापना शाखा, विधि शाखा, जिला जनसम्पर्क कार्यालय, कोर्ट कक्ष समेत विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी कार्यालय प्रधान को कार्यालय में साफ-सफाई, पंजी के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को समयबद्धता के साथ कार्य करने, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति, नेम प्लेट और कार्यालयी दस्तावेजों की व्यवस्था समेत विभिन्न बिंदुओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ हीं उन्होंने सभी कार्यालयों में आवश्यकता अनुसार रैक निर्माण, फर्नीचर निर्माण, टेबल, कुर्सी लगाने हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल एवं नजारत उप समाहर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही वैसे सभी फर्नीचर जो प्रयोग लायक नही हैं उन्हें कार्यालय से हटाने हेतु भी दिशा निर्देश दिए गए। कार्यालय के निरीक्षण के पूर्व उपायुक्त ने एसएसपी के साथ समाहरणालय परिसर में चिन्हित पार्किंग एरिया, कैंटीन एरिया एवं वेटिंग एरिया का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्किंग एरिया में शेड निर्माण, वेटिंग एरिया निर्माण, कैंटीन एरिया निर्माण एवं पार्क गार्डन निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल एवं नजारत उप समाहर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।मौके पर निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार सभी कार्यालय के कार्यालय प्रधान एवं कर्मी मौजूद रहें।



# आक्रोश प्रदर्शन के दौरान भाजपाइयों ने तोड़ा चास प्रखंड कार्यालय का गेट



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज सभी प्रखंड मुख्यालयों में भ्रष्टाचार और कथित लचर कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी को लेकर चास प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन करने आए भाजपा के कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालय के मेन गेट को तोड़ दिया। इस दौरान कार्यालय में मौजूद सभी कर्मचारी और पदाधिकारी दहशत में आ गए। आक्रोश प्रदर्शन के दौरान भाजपा के नेता और कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नजर आये। प्रदर्शन का नेतृत्व बोकारो भाजपा के पूर्व विधायक बिरंचि नारायण और जिला अध्यक्ष जयदेव राय कर रहे थे। भाजपा के पूर्व विधायक बीरांची नारायण ने किसी भी तरह के प्रदर्शन के दौरान गेट तोड़े जाने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि आरोप कुछ भी लगा लिया जाए लेकिन जिस प्रकार से प्रदेश में भ्रष्टाचार है। इस आक्रोश का नतीजा है कि कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल हुए हैं। वही प्रदर्शन के दौरान गेट तोड़े जाने की हरकत को चास प्रखंड बीस सूत्री के पूर्व अध्यक्ष महावीर सिंह चौधरी ने आतंकी हरकत बताया है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है, लेकिन इस तरह की हरकत नहीं करनी चाहिए। चास अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर मनोज पाल ने कहा कि हम लोगों ने रोकने का काम किया लेकिन कार्यकर्ताओं ने गेट को तोड़ दिया है।

## गिरिडीह आउटडोर स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का भव्य आयोजन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक बहुखेलीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला खेल पदाधिकारी के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने ओलंपिक मूल्यों उत्कृष्टता एक्सीलेंस मैत्री फ्रेंडशिप और सम्मान रेस्पेक्ट के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त, गिरिडीह और सभी आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथियों झ डीपीएरो गिरिडीह, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गिरिडीह, एवं सचिव, झारखंड फुटबॉल संघ ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया और उन्हें प्रेरणा दी आयोजित खेल प्रतियोगिताएं एवं स्थान गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीहः क्रॉस कंट्री दौड़ क्रॉस कंट्री रेस कबड्डी कबड्डी फुटबॉल फुटबॉल एथलेटिक्स अथलेटिक्स डुमरी साइक्लिंग साइकिलिंग गिरिडीह इनडोर स्टेडियम ताइक्वांडो ताइक्वांडो बैडमिंटन बैडमिंटन प्रतियोगिता परिणाम फुटबॉल फुटबॉल प्रथम स्थानः गिरिडीह आवासीय प्रशिक्षण केंद्र गिरिडीह रेजिडेंशियल ट्रेनिंग सेंटर द्वितीय स्थानः होली क्रॉस स्कूल होली क्रॉस स्कूल कबड्डी कबड्डी प्रथम स्थान युवा कबड्डी अकादमी युवा कबड्डी अकादमी द्वितीय स्थान हनी होली स्कूल हनी होली स्कूल यह उल्लेखनीय है कि लेखन के समय तक कुछ प्रतियोगिताएं जैसे ताइक्वांडो एवं बैडमिंटन अभी भी जारी हैं और उनके परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे।

## मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी में ओलंपिक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह स्थित मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी में विश्व बंधुत्व एवं ओलंपिक आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया, मुख्य अतिथि के रुप में गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव रहे मौजूद। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि मैं मोंगिया स्टील के बारे में पहले से सुन रखा था परन्तु मोंगिया स्टील ने गिरिडीह के धरती पर मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी का इतना उत्कृष्ट वॉलीबॉल की स्थापना की, यह वास्तव में वॉलीबॉल खेल को एक नया मार्ग प्रदान करेगा।

उपायुक्त नेकहा कि आज ओलंपिक डे के अवसर पर यहाँ पहुँचकर काफी अच्छा महसुस कर रहा हूँ और यहाँ कि व्यवस्थाएँ निश्चित रुप से अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, उन्होंने कहा कि डॉ० मोंगिया द्वारा किया गया यह कार्य वाकई में सराहनीय और तारीफे काबिल है। सभा में उपस्थित एमएनवीए के चेयरमेन डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से इस अकादमी की उत्थान के लिए प्रयासरत रहूँगा और आगामी दिनों में सभी प्रकार के वैज्ञानिक पद्धितयों का उपयोग करूंगा ताकि बच्चे कम समय में अधिक प्रशिक्षण का लाभ उठा सके। उन्होंने ओलंपिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव का तहे दिल से धन्यवाद कहा गौर तलब है कि विगत कुछ वर्ष पूर्व मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी की स्थापना की गई थी जो कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग मापदंडों को पूर्ण करती है। वर्तमान में इस केन्द्र में 40 बच्चे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इन सभी बच्चों के रहने, खाने पीने, पढ़ने लिखने एवं अन्य जरुरत की सभी चीजें अकादमी में उपलब्ध है जो कि डॉ० मोंगिया अपने मद से खर्च कर रहे हैं। इस स्तर का प्रशिक्षण केन्द्र पूरे भारत वर्ष में अकेला है जहाँ इन्डोर स्टेडियम की भी व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अकादमी में जो बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वो झारखण्ड के अलावा बिहार, उड़िसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, हरियाणा आदि राज्यों से आते हैं।इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से मोंगिया स्टील के डायरेक्टर हरिंदर सिंह मोंगिया एवं बलविन्दर सिंह मोंगिया, एमएनवीए के सचिव जयदीप सरकार, एमएनवीए के सदस्य राकेश कुमार, अभय सिंह, आदिल सिद्दीकी, एलबी सिन्हा इत्यादि मौजूद थे।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा सिटी हॉक्स पेट्रोलिंग बाइक को किया रवाना



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस की नई पहल के तहत जिले में सिटी हाक्स के नाम से नई विंग स्थापित की गई है। इस विंग के तहत जिले में विधि व्यवस्था संधारण हेतु विशेष पुलिस बल की प्रतिन्युक्ति सिटी हॉक्स बाइक पेट्रोलिंग के लिए की गई है। सिटी हॉक्स अभियान का शुभारम्भ पुलिस केंद्र में किया गया। इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार व बीसीसीएल के मुख्य प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सिटी हॉक्स पेट्रोलिंग बाइक को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस केंद्र से 50 सिटी हॉक्स पेट्रोलिंग बाइक को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में पेट्रोलिंग के लिए रवाना किया गया। जल्द ही 20 नई बाइक को भी शामिल किया जाएगा। सिटी हॉक्स बाइक चौबीस घंटे गशत करेगी। तीन शिफ्ट में संचालित इस पेट्रोलिंग बाइक पर एक पुलिस पदाधिकारी के साथ एक जवान की तैनाती रहेगी। सिटी हॉक्स बाइक सायरन, ब्लिंकर, जीपीएस से लैस है। इस बाइक पर तैनात टीम को पुश टू टॉक वायरलेस वॉकीटॉकी भी मुहैया कराया गया है। इस वायरलेस के जरिये सभी सिटी हॉक्स बाइक वरीय पदाधिकारियों एवं थाना के सीधे सम्पर्क में कार्यरत रहेगी। इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि सिटी हॉक्स के जारिये असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। किसी भी घटना, दुर्घटना एवं अन्य समस्या की सूचना के बाद टीम त्वरित मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। धनबाद पुलिस बल को सशक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा ताकि जिला में विधि व्यवस्था बनी रहे।वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सिटी हॉकस को पुलिस कंट्रोल रूम व डायल 112 से कनेक्ट रखा गया है। आपात स्थिति में मिलने वाले प्रत्येक सूचना के अनुसार टीम तत्काल विभिन्न परिस्थितियों में आवश्यक मदद पहुँचाने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही नई व्यवस्था के तहत जिले के विभिन्न प्रवेश व निकासी मार्ग पर बैरियर के जारिये पुलिस की नाकेबंदी की जाएगी। चिन्हित मार्गों पर तैनात पुलिस बल द्वारा जिले में आने जाने वाले सभी वाहनों की निरंतर जांच की व्यवस्था जल्द ही लागू की जाएगी। धनबाद को अपराध मुक्त बनाने व समाज को सुरक्षा प्रदान करने के लिए धनबाद पुलिस पूरी तरह सक्षम है। जनता के सहयोग से धनबाद को पूरी तरह भय मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी है।कार्यक्रम के दौरान मौके पर ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव, बीसीसीएल के कार्मिक निदेशक मुरली कृष्णन रमैया, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## पंचायत सचिवों के साथ एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत बाल सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर गिरिडीह और डुमरी अनुमंडल के सभी पंचायत सचिवों के साथ एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल व्यापार के खतरे, इसके कारणों, और पीड़ितों की सुरक्षा के उपायों, बाल मजदूरी के खिलाफ कानूनी प्रावधानों, बाल श्रमिकों की सुरक्षा, और पुनर्वास के तरीकों, यौन शोषण से बच्चों को बचाने के लिए कानूनी प्रावधानों, बाल-अनुकूल प्रक्रियाओं, और बाल संरक्षण में अधिकारियों की भूमिका पर चर्चा की गई।

# ईरान-इजराइल युद्ध विराम से सोना हुआ धड़ाम

● एक झटके में 3,000 रुपये टूट गई कीमत



नईदिल्ली, एजेंसी। ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की खबर के बाद सोने की कीमत में भारी गिरावट आई है। एमसीएक्स पर अगस्त में डिलीवरी वाले सोने के वायदा अनुबंध में 3,000 रुपये यानी करीब 3 प्रतिशत की कमी आई। शुरुआती कारोबार में यह 96,422 रुपये प्रति 10 ग्राम तक लुढ़क गया। पिछले सत्र में यह 99388 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था और आज 98807 रुपये के भाव पर खुला। चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। जुलाई में डिलीवरी वाली चांदी के वायदा अनुबंध में 760 रुपये या 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई और इसकी कीमत 1,06,011 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। हालांकि सोमवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमत में तेजी रही। अगस्त में डिलीवरी वाला सोना 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99,388 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,06,759 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया था, जिसके बाद निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने और चांदी की खरीदारी की।

### क्यों आ सकता है उतार-चढ़ाव

पृथ्वी फिनमार्ट कमोडिटी रिसर्च के मनोज कुमार जैन ने कहा कि मध्य पूर्व में हर मिनट बदलती परिस्थितियों ने कीमती धातु खंड में अस्थिरता बढ़ा दी है। इसका मतलब है कि मध्य पूर्व में जो कुछ भी हो रहा है, उससे सोने और चांदी के दाम में उतार-चढ़ाव आ रहा है। बाद में अमेरिका के राष्ट्रपति ने अचानक आधी रात को इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा कर दी। इस वजह से सोने और चांदी के दाम में गिरावट आई। पिछले सत्रों में जो तेजी आई थी उससे मुनाफावसूली हो रही थी। डॉलर में गिरावट से भी सोने और चांदी की कीमतों को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है।

### कहां तक जा सकती है कीमत

तकनीकी रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने को 3,400 डॉलर के आसपास प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है और अगर यह स्तर टूटता है तो कीमतें 3,435 डॉलर और 3,452 डॉलर तक जा सकती हैं। एक मजबूत रैली इसे 3,500 डॉलर तक ले जा सकती है। सोने के लिए सपोर्ट लेवल 98,850–98,440 रुपये और प्रतिरोध स्तर 99,800–1,00,200 रुपये है। चांदी के लिए सपोर्ट लेवल 1,06,000–1,05,000 रुपये और प्रतिरोध स्तर 1,07,400–1,08,000 रुपये है।

## डिपॉजिट पर अधिक निर्भरता से सार्वजनिक बैंकों की लागत बढ़ी

### पर सुधार के संकेत मजबूत

नईदिल्ली, एजेंसी। देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अपनी फंडिंग जरूरतों के लिए निजी बैंकों की तुलना में जमा (डिपॉजिट्स) पर अधिक निर्भर रहते हैं। वहीं, निजी क्षेत्र के बैंक अपनी वित्तपोषण जरूरतों के लिए उधारी (बॉरोइंग) का अधिक सक्रिय उपयोग करते हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार वित्तपोषण स्रोतों में इस अंतर के चलते पीएसबी को वित्तपोषण लागत में 20 से 30 आधार अंक का नुकसान हुआ है।



बैलेंस शीट के लायबिलिटी पक्ष में, पीएसबी जमाराशियों पर लगभग 10 प्रतिशत अंक अधिक निर्भर है। इसमें बताया गया है कि वित्त वर्ष 19 से पहले यह अंतर 50 से 70 बीपीएस था, जो पुनर्पूंजीकरण प्रयासों के बाद लागत अंतर में महत्वपूर्ण कमी का संकेत देता है। पीएसबी को संरचनात्मक रूप से कमजोर माना जाता था, वे अब एक स्थायी सुधार की दिशा में बढ़ रहे हैं। बेहतर गवर्नेंस, बैलेंस शीट की सफाई, पुनर्पूंजीकरण और डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे कदमों से यह बदलाव आया है। इसके अलावा आय की गुणवत्ता और स्थिरता में भी सुधार देखा गया है। वित्त वर्ष 2025 में पीएसबी की लोन बाजार हिस्सेदारी में 52 आधार अंक की वृद्धि हुई। साथ ही, सेवा मानकों को बढ़ाया गया और रिटर्न रेशियो में भी मजबूती आई है। पीएसबी का रिटर्न ऑन एसेट 1 प्रतिशत के करीब पहुंचने के बावजूद निवेशक अब भी इसकी स्थिरता को लेकर सतर्क हैं। रिटर्न ऑन एसेट्स (आरओए) एक वित्तीय अनुपात है जो बताता है कि कोई कंपनी अपनी परिसंपत्तियों का उपयोग करके कितना लाभ कमाती है।

**सकल और नेट स्लिपेज में आई गिरावट** - रिपोर्ट में कहा गया कि पीएसबी अब निजी बैंकों की तुलना में कम ग्रॉस और नेट स्लिपेज रिपोर्ट कर रहे हैं। हालांकि, पीएसबी राइट ऑफ में अधिक आक्रामक रहे हैं, लेकिन क्रेडिट लागत काफी हद तक निजी बैंकों के बराबर आ गया है। इसके बावजूद सार्वजनिक बैंकों को रिटर्न ऑन एसेट के मामले में 80 से 90 आधार अंक का नुकसान होता है।

## ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेज गिरावट से कच्चे तेल के प्रति संवेदनशील शेयरों में उछाल

नईदिल्ली, एजेंसी। मध्य पूर्व संघर्ष में संभावित कमी की उम्मीद के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज सुधार के बाद कच्चे तेल के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों – तेल विपणन कंपनियों, विमानन, पेंट्स और एडहेसिव्स– के शेयरों में मंगलवार सुबह के कारोबार के दौरान खरीदारी दिखी। बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 5.26 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन



लिमिटेड का शेयर 4.59 प्रतिशत तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का शेयर 3.89 प्रतिशत चढ़ा। स्पाइसजेट के शेयरों में 5 प्रतिशत तथा इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 4.15 प्रतिशत की बढ़त हुई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, पश्चिम एशिया में नाटकीय घटनाक्रम, जिसकी परिणति अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा युद्ध विराम की घोषणा के रूप में हुई। इससे साबित होता है कि है कि संघर्ष का सबसे बुरा दौर समाप्त हो चुका है। कच्चे तेल और शेयर बाजारों में तीव्र प्रतिक्रियाएं यह संकेत देती हैं कि भू-राजनीतिक स्थिति सामान्य होने की ओर अग्रसर है।

## स्कूल टीचर ने ट्रैक बदल शुरू किया ये काम



नईदिल्ली, एजेंसी। मुंबई के पूर्व स्कूल टीचर अमित दमानी ने अपने परिवार के विला को 110 करोड़ रुपये के कारोबार में बदल दिया है। उन्होंने यह सफलता स्टे विस्टा के जरिये हासिल की है। अमित ने 2015 में अंकिता सेठ और प्रणव माहेश्वरी के साथ मिलकर स्टे विस्टा की शुरुआत की थी। यह कंपनी अब भारत में 50 से अधिक स्थानों पर 500 से ज्यादा लग्जरी विला की पेशकश करती है। आइए, यहां अमित दमानी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**ऐसे आया आइडिया-** अमित दमानी ने 2015 में अंकिता सेठ और प्रणव माहेश्वरी के साथ मिलकर स्टे विस्टा की शुरुआत की। पहले इस कंपनी का नाम विस्टा रूम्स था। यह छोटे होटलों और घरों के साथ साझेदारी करके किराए पर कमरे उपलब्ध कराती थी। 2017 में अमित ने विस्टा रूम्स को स्टे विस्टा में बदल दिया और लग्जरी विला पर फोकस किया। यह विचार उन्हें अपने परिवार के लोनावाला स्थित विला से आया। लोनावाला मुंबई से 83 किलोमीटर की दूरी पर है। अमित की दादी वाराणसी से हैं। शादी के बाद वह मुंबई आ गई थीं। शादी से पहले वह बड़े घरों में रहती थीं। उनमें बड़े-बड़े खुले लॉन होते थे। मुंबई में ऐसा मुश्किल था। इसलिए अमित के दादाजी ने दादी के लिए लोनावाला के खूबसूरत पहाड़ी शहर में एक विला बनवाया।

**दादी को मनाया** - जब अमित को विला किराए पर देने का विचार आया तो अमित ने अपनी दादी से बात करने का फैसला किया। उन्होंने दादी को समझाया कि संपत्ति उनके पास ही रहेगी। लेकिन, इसका साझेदारी अच्छी तरह से किया जाएगा और उन्हें कमाई भी होगी।

## पर्यटक बढ़ने से सात साल में 10 लाख होटल रूम की दरकार; 35 लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है



नईदिल्ली, एजेंसी। घरेलू स्तर पर पर्यटकों की बढ़ रही संख्या के कारण अगले सात साल में होटलों में 10 लाख रूम की जरूरत होगी। इसके लिए हॉस्पिटालिटी सेक्टर अपने आप को तैयार कर रहा है। इससे 35 लाख को रोजगार मिलेगा। इसमें 15-20 लाख नौकरियां छोटे शहरों में होगी, क्योंकि इन्हीं शहरों में फाइव स्टार होटल अपनी विस्तार की योजना बना रहे हैं। रेडिसन होटल समूह के प्रबंध निदेशक निखिल शर्मा कहते हैं, विकसित भारत के लिए ट्रैवल व टूरिज्म एक नींव बन चुके हैं। बड़े देशों की अर्थव्यवस्था में यह क्षेत्र 10 फीसदी जबकि हमारे यहां केवल दो से तीन फीसदी योगदान करता है। ब्रांडेड होटल दूसरे, तीसरे और चौथे शहरों खासकर धार्मिक व सांस्कृतिक शहरों में जा रहे हैं। डिमांड को देखते हुए रेडिसन समूह 2030 तक 300 होटल खोलने की योजना बना रहा है। इससे कुल संख्या 500 हो जाएगी। 60 फीसदी होटल दूसरे, तीसरे व चौथे स्तर के शहर में होंगे। रेडिसन ऐसा होटल समूह है जो बजट से लेकर प्रीमियम प्रापर्टी में है। यह छोटे शहरों में इस समय ज्यादा विस्तार कर रहा है।

# क्विक कॉमर्स के बढ़ते चलन के बीच किराना दुकानों की बढ़ी डिमांड, बड़ी कंपनियां रख रही हैं खयाल

नई दिल्ली, एजेंसी। आईटीसी, नेस्ले, कोका-कोला, टाटा कंस्यूमर, डाबर और पारले जैसी बड़ी कंपनियों इन दिनों आम किराना दुकानदारों और वितरकों के साथ अपने कारोबार और रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए नए सिरे से कोशिशें कर रही हैं। इसमें उन्हें ज्यादा प्रीमियम प्रोडक्ट सप्लाई करना और मार्जिन देना शामिल है। ये सब ऐसे समय में हो रहा है जब क्विक कॉमर्स में तेज ग्रोथ है, लेकिन उस पर पहले से ज्यादा नजर रखी जा रही है।



### क्या है ताकत

भारत में 1 करोड़ 30 लाख किराना स्टोर हैं। इनमें ग्रॉसरी प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों की कुल बिक्री का अभी भी 90 प्रतिशत से ज्यादा आता है। हालांकि ब्लिंकिट, ज़ेप्टो, इंस्टामार्ट और बीबी नाउ जैसे क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से होने वाली बिक्री में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

### क्या है बदलाव

यह पिछले साल के मुकाबले बिलकुल उलट है। पिछले साल जब मार्केट में लंबी सुस्ती थी, तब कंपनियों ने आम किराना दुकानों में स्टॉक कम कर दिया था। उस दौरान क्विक कॉमर्स कंपनियों ने सिर्फ सॉफ्ट ड्रिंक्स और स्नैक्स जैसे सामानों में ही नहीं, बल्कि 5 किलो और 10 किलो जैसे अनाज या जरूरी सामान के बड़े पैक में भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली थी।

### क्या है प्लानिंग

आईटीसी के ट्रेड मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूशन के डिविजनल चीफ एग्जीक्यूटिव संदीप सूले का कहना है कि किराना दुकानों के लिए हमने प्रीमियम पैक की ज्यादा बड़ी रेंज तैयार की है सूले का कहना है कि इसके लिए अपनी सप्लाई चेन और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को नए सिरे से सेट किया है। साथ ही, हमने बढ़िया दुकानों के लिए सपोर्ट के साथ बेहतर डील भी बनाए हैं।

## 2026 में 6.5 प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर, एसएंडपी रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नईदिल्ली, एजेंसी। एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को भारत की जीडीपी विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग्स एजेंसी ने इसकी वजह सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतें आदि को बताया है। हालांकि एस एंड पी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की भी आशंका जताई है। एजेंसी ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो इससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं जिसका एशिया प्रशांत महासागर क्षेत्र के आर्थिक विकास पर असर होगा।



**पिछले महीने एस एंड पी ने भारत की विकास दर को कम बताया था-** एस एंड पी ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक ऊर्जा बाजार पर लंबे समय तक असर पड़ने की आशंका कम ही है। भारत अपनी जरूरत का 85-90 प्रतिशत तेल आयात करता है और आधी प्राकृतिक गैस विदेशों से मंगवाता है। एस एंड पी ने बीते महीने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए भारत की विकास दर में 20 पॉइंट की कमी कर इसे 6.3 प्रतिशत बताया था। एजेंसी ने इसकी वजह वैश्विक अनिश्चितता और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को बताया था।

### टैरिफ से व्यापार, निवेश को होगा नुकसान

एस एंड पी का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस महीने जताए गए अनुमान से मेल खा रहा है। रिजर्व बैंक ने भी भारत की विकास दर वित्तीय वर्ष 2026 के लिए 6.5 प्रतिशत बताई थी। एस एंड पी ने अपनी रिपोर्ट में ये भी आशंका जताई है कि अमेरिका के टैरिफ प्लान से व्यापार, निवेश और वैश्विक विकास को नुकसान होगा।

## खाड़ी देशों की बदल रही हवा, पश्चिम एशिया के इस देश ने पहली बार आयकर लगाने का किया एलान

नईदिल्ली, एजेंसी। खाड़ी देशों ने कच्चे तेल से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को खूब चमकाया और दुनियाभर से निवेश को आकर्षित किया। हालांकि अब हालात बदलते दिख रहे हैं और खाड़ी देश भी अपनी अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना चाहते हैं और इस दिशा में ओमान ने पहल कर दी है। खाड़ी देशों में पहली बार ओमान ने अपने नागरिकों पर आयकर लगाने का फैसला किया है। ओमान सरकार के एलान के तहत साल 2028 से पांच प्रतिशत आयकर वसूला जाएगा।

**अभी सिर्फ एक प्रतिशत आबादी पर टैक्स लगाने की तैयारी-** हालांकि ओमान ने अभी सिर्फ उन्हीं नागरिकों पर आयकर लगाने का फैसला किया है, जिनकी सालाना आय 1,09,000 डॉलर या उससे ज्यादा है। इस तरह अभी ओमान के सिर्फ एक प्रतिशत लोगों से ही आयकर वसूला जाएगा। ओमान की सरकार ने रविवार को इस संबंध में आधिकारिक एलान जारी कर दिया। हालांकि माना जा रहा है कि ओमान के अलावा क्या अन्य खाड़ी देश भी अपने नागरिकों पर टैक्स लगाने पर विचार कर रहे हैं या नहीं।

## जमा में पांच साल से लगातार बढ़ रही निजी बैंकों की हिस्सेदारी, सरकारी में छह फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। देश के निजी बैंक पिछले पांच वर्षों से कुल जमा में अपनी हिस्सेदारी लगातार बढ़ा रहे हैं, जबकि सरकारी बैंकों का हिस्सा छह फीसदी घट गया है।यूनियन बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च, 2019 में सरकारी बैंकों के पास कुल बैंक जमा का 63.2 प्रतिशत हिस्सा था। हालांकि, मार्च, 2025 तक यह घटकर 56.3 प्रतिशत रह गया। यानी करीब 6 फीसदी की कमी आई है।

**जमाराशि में सरकारी बैंकों की तुलना में अधिक वृद्धि-** रिपोर्ट के मुताबिक, निजी बैंक कुल जमा में बाजार हिस्सेदारी को लगातार बढ़ा रहे हैं। 5 वर्षों के दौरान निजी बैंकों ने हिस्सा 28.6 से बढ़ाकर 34.8 फीसदी कर लिया। अन्य बैंकों का हिस्सा स्थिर रहा, जो 8.1 और 8.8 प्रतिशत के बीच था। निजी बैंकों की जमाराशि में सरकारी बैंकों की तुलना में अधिक वृद्धि देखी गई है।

### निजी बैंकों का प्रदर्शन बेहतर रहा है

सालाना आधार पर जमा की बात करें तो निजी बैंकों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। 2023-24 में निजी बैंकों ने 20.1 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, जबकि सरकारी बैंकों ने 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह रुझान पिछले वित्त वर्ष में भी जारी रहा। निजी बैंकों ने 12 प्रतिशत और सरकारी बैंकों ने 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

# अदाणी समूह के किसी भी व्यक्ति पर न्याय में बाधा डालने की साजिश के आरोप नहीं, एजीएम में बोले गौतम अदाणी

नईदिल्ली, एजेंसी। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने समूह की वार्षिक आम बैठक के दौरान अमेरिका में समूह के खिलाफ हुए मुकदमों और पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव पर अपनी राय रखी है। गौतम अदाणी ने कहा है कि पिछले साल अमेरिकी न्याय विभाग और एसईसी ने अदाणी ग्रीन एनर्जी से संबंधित आरोप लगाए थे, लेकिन अदाणी समूह के किसी भी व्यक्ति पर एफसीपीए के उल्लंघन करने या न्याय में बाधा डालने की साजिश रचने का आरोप नहीं लगाया गया है।

दूसरी ओर पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर बोलते हुए, गौतम अदाणी ने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष बढ़ने का असर ऊर्जा और रसद पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप में आर्थिक आत्मविश्वास डगमगा रहा है और अमेरिका के सामने अपनी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि इस शोरगुल के बीच भारत अलग खड़ा रहा और किसी भी अन्य प्रमुख देश की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### इस्राइल के हाइफा पोर्ट पर अदाणी की 70 प्रतिशत हिस्सेदारी

इस्राइल में अदाणी की मौजूदगी का केंद्र हाइफा पोर्ट है, जहां अदाणी पोर्ट्स की 70 प्रतिशत हिस्सेदारी है जिसे 2023 में इस्राइल के गैडोट ग्रुप के साथ साझेदारी में 1.2 बिलियन डॉलर में खरीदा गया है।



उत्तरी इस्राइल में रणनीतिक रूप से स्थित यह पोर्ट अदाणी पोर्ट्स के वार्षिक कार्गो वॉल्यूम में लगभग 3 प्रतिशत का योगदान देता है और इस्राइली आयात और निर्यात के लिए महत्वपूर्ण है।

**अदाणी समूह के पास बाधाओं से परे सपने देखने की हिम्मत-** हिंडनबर्ग प्रकरण और अमेरिका में हुए मुकदमों की इशारा करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि हम चुनौतीपूर्ण वर्षों में भी एक ऐसे समूह के प्रमाण के रूप में खड़े हैं जो बाधाओं से परे सपने देखने की हिम्मत रखता है।

उन्होंने कहा, हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां नकारात्मकता अक्सर सच्चाई से ज्यादा जोर से गूंजती है। हम कानूनी प्रक्रियाओं में सहयोग करते हैं, मैं यह भी दोहराना चाहता हूं कि हमारा शासन वैश्विक मानकों पर आधारित है। गौतम अदाणी ने कहा कि हमारे अनुपालन ढांचे से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। हमारे आंकड़े अपनी कहानी खुद बताते हैं। उन्होंने आगे कहा कि चुनौतियों से भरे वर्ष में भी, हमने रिकॉर्ड तोड़ राजस्व, अभूतपूर्व वृद्धि और ऐतिहासिक लाभप्रदता देखी।

## अदाणी एयरपोर्ट्स को मिला 1 अरब डॉलर का वित्तपोषण

अदाणी समूह की एविएशन शाखा ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निर्माण के लिए वैश्विक निवेशकों से एक अरब डॉलर का वित्तपोषण हासिल किया है। समूह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, लेन-देन का नेतृत्व अपोलो द्वारा प्रबंधित फंडों की ओर से किया गया, जिसमें प्रमुख संस्थागत निवेशकों और बीमा कंपनियों के एक समूह ने भाग लिया, जिसमें ब्लैकरॉक द्वारा प्रबंधित फंड, स्टैंडर्ड चार्टर्ड आदि शामिल थे। इस डील ने भारत के बुनियादी ढांचे के अवसर और अदाणी एयरपोर्ट्स के परिचालन प्लेटफॉर्म में वैश्विक विश्वास को दर्शाया है। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और भारत की सबसे बड़ी निजी हवाई अड्डा ऑपरेटर, अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने अपने मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) के लिए परियोजना वित्त संरचना के माध्यम से 1 अरब डॉलर जुटाए।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 24-06-2025 22:03 Page 1



# कुख्यात प्रिंस खान के नौ गुर्गे गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई कि कुछ अपराधकर्मी धनबाद में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए आये हुए है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु ऋत्विक श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए कुल 09 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से कुल 05 अवैध हथियार, 27 जिंदा कारतूस, 04 मोटरसाईकिल एवं 06 मोबाईल बरामद किया गया है उल्लेखनीय है कि पकड़ाये अभियुक्तों से गहन पूछताछ में धनबाद थाना कांड सं०-441/2024 के मृतक शहाबुद्दीन के हत्या का भी उद्भेदन हुआ है। उक्त हत्या में शामिल कुल 02 अपराधकर्मी भी गिरफ्तार हुए है धनबाद पुलिस को दोहरी सफलता मिली है एक तो अपराधियों की गिरफ्तारी से किसी बड़े कांड को पुलिस ने टाल दिया है दूसरा फिर से सर उठा रहे प्रिंस खान गैंग के 9 लोगों गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है कि गिरफ्तार लोगों में केवल तीन धनबाद के रहने वाले हैं जबकि दो सरायकेला निवासी है तीन चाईबासा के हैं और एक जमशेदपुर का रहने वाला है इन लोगों का मकसद धनबाद में किसी बड़े कांड को अंजाम देना था साथ ही साथ प्रिंस खान गैंग के लिए धनबाद में दहशत पैदा करना था। लेकिन पुलिस एक्शन ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया है।धनबाद पुलिस कई दिनों से क्रिमिनल्स के पीछे पड़ी हुई थी।धनबाद पुलिस कई दिनों से अपराधी के पीछे पड़ी हुई थी नगर एसपी ऋतविक श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी की अगुवाई में बनी टीम लगातार छापामारी कर रही थी।अलग-अलग जगह से अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है जिन अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है उनमें पश्चिमी सिंहभूम का मोहम्मद हाशिम,पश्चिम सिंहभूम का हैप्पी मोहब्बत गबरू, पूर्वी सिंधु का अजय सरायकेला खरसावां का बबलू बैंक बोर्ड का ही तनवीर आलम भुली ओपी सैफ अली सरायकेला खरसावां का पिंटू लोहार सरायकेला खरसावां का मोहम्मद अहसान अंसारी शामिल है।

एसएसपी प्रभात कुमार ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर दावा किया कि पकड़े गए क्रिमिनल से पूछा जानकारी मिली है कि यह सभी अपराधी प्रिंस खान गिरोह से जुड़े हुए थे। इन लोगों ने गेंग के तरीके के बारे में भी पुलिस को बताया है कैसे गिरोह के लोग पैसा वसूलते हैं ,कैसे धमकी देते हैं पैसे को कैसे ठिकाने लगते हैं यह सब जानकारी पुलिस के हाथ लग गई है पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि कौन-कौन से लोग प्रिंस खान गैंग पैसा पहुंचाते हैं ,उन सभी अपराधी पुलिस के नजर में है।अपराधियों से मुझे जानकारी पर काम करने के लिए एक पुलिस की टीम बनाई गई है जो जांच पड़ताल में जुटी हुई है छापामारी दल,नौशाद आलम, पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था), कुमार सत्यम अनु०पु०पा० सिदरी, शंकर कामती, पुलिस उपाधीशाक (मु० 1). राम नारायण ठाकुर, थाना प्रभारी धनबाद विष्णु राउत, थाना प्रभारी, गोविन्दपुर, राजेश सिन्हा, थाना प्रभारी जोडापोखर, रजनीकान्त, थाना प्रभारी बरवाअड्डा ,अभिनव कुमार, थाना प्रभारी भूली ओपी, विवेक चौधरी, थाना प्रभारी तेतुलमारी रवि कुमार, थाना प्रभारी पूर्वी टुंडी, पिंकू प्रसाद, थाना प्रभारी लोयाबाद, पवन कुमार, थाना प्रभारी जोगता देवानन्द, थाना प्रभारी महुदा, साधन कुमार, थाना प्रभारी बरोरा सभी उपस्थित थे।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हजारीबाग के निदेशानुसार मंगलवार को समाहरणालय सभागार में खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता श्री संतोष सिंह ने की। बैठक में जिले में अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों की गहन समीक्षा की गई और आगामी कार्रवाई की रणनीति तैयार की गई।

अपर समाहर्ता ने जिले के सभी चेक पोस्टों को सतत क्रियाशील और प्रभावी बनाए रखने हेतु निर्देश जारी किए। साथ ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बिहार से अवैध रूप से बालू लाने वाले वाहनों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया।

अपर समाहर्ता ने बैठक में उपस्थित सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन पर हर हाल में लगाम लगाई जाए और दोषियों के विरुद्ध नियमित और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# भाजपा का प्रखंड स्तरीय धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को पूरे राज्य भर में प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में हजारीबाग के सदर प्रखंड कार्यालय के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार धरना-प्रदर्शन कर राज्य सरकार की विफलताओं के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित रहे। धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी और सरकार विरोधी नारे गूंजते रहे।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और मुख्यमंत्री केवल घोषणाओं तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर धान का मूल्य नहीं मिल रहा, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, और अस्पतालों से लेकर स्कूलों तक व्यवस्था चरमरा चुकी है।

भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर असफल रही है, तीन साल के कार्यकाल में केवल वादों की बौछार हुई, धरातल पर कुछ नहीं उतरा। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और हर योजना में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा जनता की आवाज को और दबने नहीं देगी।

धरने के अंत में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें कानून व्यवस्था की बहाली, किसानों को बकाया भुगतान, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता, प्रमाण पत्र प्रक्रिया को सरल बनाने समेत कई जनहित मुद्दों को उठाया गया।

कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, संगठित और प्रभावशाली रहा। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव, रणधीर पांडे, विवेक बरियार, कृष्णा मेहता, साक्षी राणा, महेंद्र बिहारी, फुलवा कच्छप, गुड़िया कुमारी, सैयद तनवीर, राजकरण पांडे, चौधरी प्रसाद साहू, अणेश्वर प्रसाद, कालेश्वर रजक, शैलेन्द्र यादव, अनमोल साव, प्रमोद कुमार सिंह, चंदन सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन सत्ता के लिए नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है, और पार्टी हर स्तर पर जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी।

# भाजपा ने राज्य सरकार पर बोला हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

चौपारण (हजारीबाग)। प्रखंड में झारखंड में बदहाल कानून व्यवस्था और सरकारी योजनाओं में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार विरोध दर्ज कराते हुए प्रखण्ड कार्यालय में उपायुक्त हजारीबाग के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने राज्य सरकार पर सीधा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पूरे राज्य में अराजकता का माहौल है और आमजन भय और असुरक्षा में जीने को विवश हैं।

ज्ञापन के माध्यम से भाजपा ने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार और भ्रष्टाचार की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। भ्रष्ट अधिकारियों और बिचौलियों के गठजोड़ के कारण योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच पा रहा है।पार्टी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि आयुष्मान भारत योजना लगभग बंद पड़ी है और अस्पतालों में न डॉक्टर हैं, न दवाएं, न ऑक्सीजन और न एम्बुलेंस की सुविधा। वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशन महीनों से रुकी हुई है, जिससे हजारों लाभार्थी संकट में हैं।

ज्ञापन में सरकार पर जातिवाद और नियुक्तियों में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,जीप सदस्य आरती कौशल, रामस्वरूप पासवान, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, महामंत्री आशीष सिंह, अरविंद कुमार सिंह, कृष्णा साव, युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकुंद साव, विकास यादव, जानकी यादव, सुनील शेखर, पप्पू रजक, विजय यादव, बंटी गुप्ता व अशोक केशरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 10 अगस्त तक किसानों के बीच बीजों का वितरण कराएं सुनिश्चित : उपायुक्त

### उपायुक्त ने की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग सहित अन्य संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। वेश्म में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की। संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत हुईं। संबंधित पदाधिकारियों को किसान व पशुपालकों से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने खरीफ सीजन अंतर्गत वितरण किये जाने वाले धान, मक्का, अरहर सहित अन्य बीजों की जानकारी ली। उन्होंने सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को इस कार्य में सक्रिय करने व आगामी 10 अगस्त तक बीज वितरण कार्य को पूर्ण कराने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके अलावे समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला के



तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति की जानकारी ली।

मत्स्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने मत्स्य पालन की दिशा में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मत्स्य के अंतर्गत वेद व्यास आवास योजना, तालाब जलाशय, समेकित मत्स्य पालन व पोर्टेबल हैचरी के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकरी ली। इसके साथ ही बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछली पालन की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। इससे पलामू में मछली व मछली बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। साथ ही पलामू को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पलामू में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए नर्सरी को विकसित करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने प्रमोशन ऑफ अर्बन फार्मिंग व मधुमक्खी पालन सहित कई योजनाओं की जानकारी ली।

गव्य विकास की ओर से संचालित योजनाओं में प्रगति लाने व समय-समय पर गव्य विकास की ओर से संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग के तहत किये जा रहे पशुओं के वैक्सीनेशन की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप सभी पशुओं का वैक्सीनेशन पूर्ण कराने की बात कही। इसी तरह भूमि संरक्षण अंतर्गत तालाब जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक, डीप बोरिंग आदि की भी समीक्षा की। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

# केरेडारी चौक पर किया विधायक का पुतला दहन

### टाइगर जयराम महतो के समर्थन में जुटे कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केरेडारी (हजारीबाग)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले मंगलवार शाम केरेडारी मुख्य चौक पर मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो का पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन खछड्ट सुप्रीमो एवं डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो के खिलाफ कथित अभद्र भाषा के प्रयोग के विरोध में आयोजित किया गया।

इस विरोध कार्यक्रम में पार्टी के प्रखंड, जिला, केंद्रीय एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर नारेबाजी की और विधायक तिवारी महतो से सार्वजनिक माफी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि टाइगर जयराम महतो सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि जनता की आवाज हैं, और उनके सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



प्रखंड कमिटी की ओर से जारी आह्वान पर सभी पदाधिकारी शाम 6 बजे ससमय केरेडारी चौक पर जुटे और पुतला दहन कर रोष प्रकट किया। कार्यकताओं ने कहा कि अगर इस तरह की भाषा और व्यवहार दोबारा दोहराया गया तो संगठन और भी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन संगठन ने चेतावनी दी कि खछड्ट अपने नेताओं के सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा सड़क पर उतरने को तैयार है।

### पप्पू पांडेय हत्याकांड को लेकर ब्राह्मण महासंघ का आक्रोश

# दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को ले थाना पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटकमसांडी (हजारीबाग)।** पप्पू पांडेय हत्याकांड को लेकर अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी कटकमसांडी थाना पहुंचे, जहां उन्होंने थाना प्रभारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

ज्ञात हो कि 30 मई 2025 को हेसाकुदर गांव के निवासी चितरंजन पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय की हत्या कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कर दी गई थी। इस घटना से पूरे इलाके में ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है।

थाना पहुंचने से पहले महासंघ के प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली।

इसके पश्चात थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष सुनील पांडेय ने कहा कि यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो महासंघ चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि ह्लझारखंड में ब्राह्मण समाज के लोगों की हत्या और उन पर झूठे केस थोपे जाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुनील पांडेय ने कोडरमा के इंद्रजीत उर्फ टुनटुन पांडेय हत्या कांड का हवाला देते हुए कहा कि एक सोची-समझी साजिश के तहत ब्राह्मणों को निशाना बनाया जा रहा है, ऐसे में पूरे राज्य के ब्राह्मणों को एकजुट रहने की आवश्यकता है।

इस मौके पर महासंघ के प्रदेश महासचिव बीरेंद्र शास्त्री, प्रदेश प्रवक्ता आचार्य पुरेन्द्र पांडेय, प्रदेश संगठन मंत्री ओमप्रकाश पांडेय, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो. ओमकार नाथ शर्मा, संरक्षक नकुल पांडेय, जिला अध्यक्ष प्रवेश पांडेय, युवा अध्यक्ष पवन जिगर पांडेय, चंद्रकांत पांडेय, कृपासागर पांडेय, सुमन पांडेय (गिरिडीह), रौशन पांडेय, संदीप पांडेय, मिथलेश पांडेय, महेश पाठक, गणेश पांडेय सुलमी, युगल किशोर पांडेय, संतोष पांडेय, यशवंत पांडेय, श्रुति पांडेय, सूरज पांडेय, प्रखंड सचिव मिथलेश पांडेय (कटकमसांडी) सहित सैकड़ों ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे। महासंघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि न्याय में देरी हुई, तो यह मामला प्रदेशव्यापी आंदोलन का रूप ले सकता है। फिलहाल थाना प्रभारी ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## धरना में विधायक हुए शामिल

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एनडीए कार्यकताओं ने मंगलवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी भी शामिल हुए।

धरने में मौजूद लोगों ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और विरोध जताया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि केरेडारी प्रखंड में विकास योजनाओं में भारी अनियमितता हो रही है, जिससे आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो एनडीए चरणबद्ध आंदोलन चलाएगा। इस मौके पर बैजनाथ तिवारी, उपेंद्र सिंह, राजू साव, बालगोविंद सोनी, प्रीतम साव, नागेश्वर महतो, पंकज साह सहित सैकड़ों की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की और पारदर्शी प्रशासन की मांग की।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत जिले में चल रहा जन-जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ।** राज्य सरकार के निदेशानुसार जनकल्याण एवं समाज के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए हजारीबाग जिले में ₹नशा छोड़ें, जीवन से नाता जोड़ें₹ थीम पर आधारित व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में जिला प्रशासन के साथ शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, युवा कार्य एवं खेल विभाग सहित अन्य विभागों की सक्रिय सहभागिता से समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

मंगलवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के समन्वय में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायत स्तर पर नुक्कड़ नाटक, एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जागरूकता वीडियो, शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में कलाकारों द्वारा मादक द्रव्यों के सेवन से उत्पन्न सामाजिक विघटन,




पारिवारिक कलह, आर्थिक अस्थिरता एवं शारीरिक-मानसिक क्षति जैसे दुष्परिणामों को सजीव रूप से प्रस्तुत किया गया।

शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों एवं उपचार विकल्पों पर परामर्श दिया गया। महिला एवं समाज कल्याण विभाग के द्वारा भी जागरूक करने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित कर जागरूकता का दायरा और व्यापक किया गया। इसी संदर्भ में उप विकास आयुक्त ने इचाक प्रखंड में लोगों को नशा मुक्त भारत बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम स्थलों पर ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। सभी वर्गों ने इस अभियान की सराहना करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ ने मनायी वर्षगांठ

### दहेज प्रथा उन्मूलन का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड स्थित विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय परिसर में दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ की आठवीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम और जागरूकता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन गांडेय विधायक जयप्रकाश वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में दहेज प्रथा को सामाजिक कैंसर बताते हुए इसे जड़ से खत्म करने की अपील की।

संस्था के संस्थापक जितेंद्र यादव ने बताया कि वर्ष 2017 से संस्था लगातार देशभर में दहेज उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान चला रही है और अब तक 171 वर-वधु जोड़ों का बिना दहेज विवाह सम्पन्न कराया गया है। इस अवसर पर आज के कार्यक्रम में 8 नए दहेज मुक्त जोड़ों को सम्मान पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने दहेज मुक्त विवाह की शपथ ली। केंद्रीय कोषाध्यक्ष पूजा महतो ने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना इस लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है। शिक्षा ही दहेज प्रथा के समूल नाश का मार्ग प्रशस्त करेगी।

कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने हेतु अचलजामो प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दहेज प्रथा की विभीषिका को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही संगीत, नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी सामाजिक संदेश दिया गया।

इस कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी और आमजन उपस्थित थे।



प्रमुख उपस्थित लोगों में जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, रीता देवी, शांति देवी, कुमकुम देवी, विधायक एवं सांसद प्रतिनिधि घनश्याम यादव, नागेश्वर महतो, संस्था पदाधिकारी मोतीलाल शिवलाल पंडित (राष्ट्रीय अध्यक्ष), सुरेंद्र प्रसाद वर्मा (राष्ट्रीय सचिव), अमरदीप कुशवाहा (प्रदेश अध्यक्ष), स्वरूप मिस्त्री (हजारीबाग जिला अध्यक्ष), सहित कई अन्य समाजसेवी और विशिष्ट अतिथिः राजेश कुशवाहा, सुरेश राम, मनोज झारखंडी (खोरठा संगीतकार), संतोष कुमार (अधिवक्ता), मुकेश महतो (इंजीनियर) आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तम महतो ने किया, जबकि विष्णुगढ़ थाना प्रशासन की उपस्थिति ने सुरक्षा और व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। संस्था ने इस कार्यक्रम के माध्यम से दहेज प्रथा के खिलाफ जनजागरण को एक नई दिशा दी, और आने वाले वर्षों में इसे और व्यापक स्तर पर फैलाने का संकल्प भी लिया।

## ब्राउन शुगर बनाने के आरोप में गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेव नगर थाना पुलिस ने सासाराम की भाभी (रूबी देवी) को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ के बाद सोमवार को जेल भेज दिया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पूछताछ में रूबी देवी ने बताया कि वह घर में ही ब्राउन शुगर तैयार करती थी। इसके अलावा झारखंड के कई जिलों से ब्राउन शुगर मंगवा कर सप्लाई करती थी।

# नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवनाथ अग्रवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भाजपा के वरिष्ठ व वयोवृद्ध नेता सह झारखंड अधिवक्ता परिषद के प्रथम अध्यक्ष शिवनाथ अग्रवाल का निधन निधन मंगलवार को प्रातः लगभग 7.30 बजे रांची से मेदिनीनगर के बीच चन्दवा के पास हो गया। वे कुछ दिनों से रांची के राज अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष में वेन्टीलेटर पर थे। सोमवार को ही डाक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया था । मृत्यु के समय उनके सभी परिजन साथ में थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शिवनाथ अग्रवाल भाजपा के स्थापना काल से जुड़े थे। वे संघ के मजबूत स्तंभ थे। वे भाजपा से पांकी विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके थे। उनका पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई, पूर्व गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी, पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री मुरली मनोहर जोशी जैसे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से गहरे संबंध थे। वे तुलसी मानस मंदिर से जुड़कर धार्मिक कार्यों को संपन्न कराते थे। उनके निधन पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार मिश्र ने दुख व्यक्त किया है। इधर अग्रवाल समाज ने भी उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। हीरामणि देवी सेवा टीम के अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल व कंचन अग्रवाल ने शिवनाथ अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कहा कि शिवनाथ अग्रवाल समाज के आधार स्तंभ थे। उनके जाने से समाज को बड़ी क्षति हुई है। इसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। कहा कि शिवनाथ अग्रवाल एक सुलझे हुए व्यक्ति थे। धार्मिक प्रवृत्ति के होने के नाते धर्म के कार्यों में बड़ी रुचि लेते थे। यही कारण था कि वे प्रत्येक वर्ष साहित्य समाज चौक स्थित तुलसी मानस मंदिर प्रांगण में नवाह पारायण यज्ञ कराते थे।

**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी संख्या-1**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा संख्या: 86_2025-26 (खुली निविदा),** जिसके बंद होने की तारीख/समय 09.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे निर्धारित है, के सम्बन्ध में संशोधनी संख्या-1। उपर्युक्त निविदा के लिए निम्नलिखित संशोधनी एवं संयोजनी जारी की गई हैं : (1) पूरा करने की अवधि 12 महीना के बदले **18 महीना** पढ़ें। (2) **जोड़े गए नए मद:-** दस्तावेज का विवरण : विशेष शर्त और फ़ाइल का नाम: specialcondition-girderbridge-25.pdf और (3) **हटाए गए मद:-** फ़ाइल का नाम: specialcondition-girder.pdf और दस्तावेज़ का विवरण:विशेष शर्त। अन्य सभी निविदा शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(HWH-155/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/682, दिनांक: 23.6.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3419। कार्य का नाम:** हावड़ा-झील साइडिंग कोचिंग डिपो में ट्रेन सेट रखरखाव सुविधा की स्थापना के सम्बन्ध में विद्युतीय साधारण कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,70,41,143। **बोली प्रतिभूति/जमा बयाना राशि:** ₹ 4,35,200। **पूरा करने की अवधि:** 270 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-158/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## वेस्टइंडीज ने 12 साल बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीती टी20 सीरीज



**बारबाडोस, एजेंसी।** कप्तान हेली मैथ्यूज ने निर्णायक मैच में बेहतरीन व्यक्तिगत प्रदर्शन करके अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया जिससे वेस्टइंडीज ने केव हिल में तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराकर 12 साल का सूखा खत्म करते हुए सीरीज जीती। मैथ्यूज (50 गेंदों पर 65 रन) ने शानदार अर्धशतक बनाया और वेस्टइंडीज की रन चेज को गति दी जिसमें शेमेन कैम्पबेल (38 गेंदों पर 42 रन) ने बेहतरीन जोड़ीदार साबित हुए। इससे कैरेबियाई टीम ने 9 गेंद शेष रहते दक्षिण अफ्रीका के 147/6 के स्कोर को हासिल कर लिया। इसकी मदद से वेस्टइंडीज ने प्रोटियाज पर 2-1 से सीरीज जीत दर्ज की, जो 2013 की शुरुआत के बाद पहली बार था जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को द्विपक्षीय टी20 सीरीज में हराया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने मियाने स्मिथ के पहले टी20 अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लेकिन जवाब में मैथ्यूज ने शानदार खेल दिखाया और 9 चौके और एक छक्का लगाकर वेस्टइंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मैथ्यूज 16वें ओवर में 65 रन पर सुने लुस का शिकार बनीं, जिससे दक्षिण अफ्रीका को कुछ उम्मीद बंधी, लेकिन चिनेल हेनरी (नाबाद 20) ने अपना अनुभव दिखाते हुए मेजबान टीम को जीत दिलाई। सीरीज हारने से निराश होने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने कहा कि वेस्टइंडीज दौरे से उनकी टीम को कई सकारात्मक चीजें सीखने को मिलीं। उन्होंने कहा, आज के परिणाम से निराश हूं, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे लगा कि हमने काफी रन बनाए हैं। लेकिन हमने अपनी गेंदबाजी लाइन सही नहीं की, उन्होंने विकेट के चौकोर हिस्से पर बहुत सारे रन बनाए और हमने कुछ छोटी-छोटी चीजें गलत कीं। लेकिन हेले ने इतना अच्छा खेला कि उसे आउट करना मुश्किल है। वोल्वार्ड्ट ने कहा, कुल मिलाकर इस दौरे में मुझे लगा कि हमने कुछ अच्छी युवा प्रतिभाएं खोज निकाली हैं, जिन्होंने अपना योगदान दिया और टीम के लिए अच्छा योगदान दिया।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोषी का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोषी का 23 जून को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने उनके निधन की पुष्टि की है। दिलीप दोषी के नाम प्रथम श्रेणी में 898 विकेट दर्ज हैं। उन्होंने 43 बार पारी में पांच



विकेट झटके हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में उन्होंने 75 शिकार किए। रणजी क्रिकेट में कई सालों तक बंगाल के अहम खिलाड़ी रहने के रहने के अलावा दिलीप सौराष्ट्र का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 32 साल की उम्र में इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले दिलीप दोषी ने भारत की ओर से 33 टेस्ट खेले, जिसमें 30.71 की औसत के साथ 114 विकेट अपने नाम किए। टेस्ट करियर में दिलीप दोषी के नाम छह बार पांच या उससे अधिक विकेट दर्ज हैं। वनडे फॉर्मेट की बात करें, तो दिलीप दोषी ने इसमें 15 मैच खेले, जिसमें 22 शिकार किए। साल 1981 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान दिलीप दोषी के पैर में फ्रैक्चर था, लेकिन इसके बावजूद वह मुकाबला खेले। मेलबर्न के ट्रैक पर दिलीप दोषी ने कुल पांच विकेट अपने नाम किए, जिसकी मदद से टीम इंडिया ने 59 रन से जीत दर्ज की। दिलीप दोषी के निधन पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर काफी इमोशनल हो गए। उन्होंने एक्स पर दिलीप दोषी के साथ मुलाकात को याद करते हुए लिखा, मैं दिलीप भाई से पहली बार साल 1990 में यूके में मिला था। उस दौरे पर उन्होंने नेट्स में मेरे लिए गेंदबाजी की थी। वह सच में मुझसे बहुत प्यार करते थे। दिलीप भाई जैसे गर्मजोशी वाले शख्स की बहुत याद आएगी। मैं उन क्रिकेट से जुड़ी बातों को बहुत याद करूंगा, जो हम हमेशा किया करते थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। ओम शांति।

### कपिल देव ने की इन क्रिकेटरों की बेइज्जती! कहा-

# वो जानते हैं 30 कैमरे लगे हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनने का स्वाद चखाने वाले कप्तान कपिल देव ने आज के क्रिकेटरों की जमकर बेइज्जती की है. उन्होंने एक सवाल के जवाब में उनकी जमकर आलोचना की. हालांकि, सवाल कपिल देव से आज के दौर में उनके खेल के तरीके से जुड़ा था. मगर उन्होंने जो कहा वो आज के दौर के क्रिकेटरों के लिए बेइज्जती से कम नहीं रहा. कपिल देव ने क्या कुछ कहा आज के क्रिकेटरों को लेकर आइए जानते हैं.

दरअसल, एक प्रोग्राम के दौरान कपिल देव से पूछा गया कि वो अगर आज के समय में क्रिकेट खेल रहे होते, तो क्या फर्क होता. उनका तरीका क्या होता? इस पर कपिल देव ने कहा कि तब के और आज के क्रिकेट जेनरेशन में वो एक ही फर्क देखते हैं और वो ये कि आज के क्रिकेट कमाल के एक्टर हैं. कपिल देव ने अपने इस बयान को उदाहरण देकर समझाया भी.

### 'पता है 30 कैमरे लगे हैं तो करते हैं दिखावा'

कपिल देव के मुताबिक आज के क्रिकेट गजब के एक्टर हैं. वो जानते हैं कि मैदान पर लगे 30 कैमरों का फोकस सीधा उन पर है. ऐसे में वो जो भी करेंगे वो रिकॉर्ड होगा. कपिल ने इसके पीछे का एक उदाहरण भी दिया. उन्होंने कहा कि हमने सीखा था कि आउट होने के बाद अपना हेड डाउन कर ड्रेसिंग रूम में बैठ जाओ. लेकिन आज के क्रिकेटर जब आउट होते हैं तो अपने बल्ले को जमीन पर पटकते दिखते हैं. सवाल है क्यों? जब पता है कि आउट हो चुके हैं तो फिर बल्ला पटकने से क्या होगा?कपिल देव ने कहा कि आप आउट हुए क्योंकि आपने स्टुपिड शॉट खेला. अब उस पर वैसे रिएक्ट क्यों करना? कपिल देव की कप्तानी में भारत ने साल 1983 में वेस्टइंडीज के वर्चस्व को खत्म करते हुए वनडे का अपना पहला वर्ल्ड कप जीता था.

## कमल चावला एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमल चावला और पारस गुप्ता ने एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर



फाइनल में जगह बनाई है। गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था। बाद में राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने भी अंतिम 16 में जगह बनाई। ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में गुप्ता ने कतर के मोहाना अल ओबैदली को 4-3 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय पुष्पेंद्र सिंह नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे।



### इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट

# ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक जड़कर लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

**लीड्स, एजेंसी।** भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट 2025 की दोनों पारियों में शतक जड़कर भारतीय क्रिकेट इतिहास में खास जगह बना ली है. पहली पारी में पंत ने शानदार 134 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में उनके बल्ले से 118 रन आए. यह कारनामा करने वाले पंत भारत के सातवें बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है. उनसे पहले यह उपलब्धि विजय हज़ारे, सुनील गावस्कर (3 बार), राहुल द्रविड़ (2 बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा ने हासिल की थी. हालांकि पंत ने इस सूची में एक खास रिकॉर्ड भी जोड़ा है. वह इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं.इतना ही नहीं, पंत एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दुनिया के केवल दूसरे नामित विकेटकीपर हैं. इससे पहले यह रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के नाम था, जिन्होंने 2001 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 142 और नाबाद 199 रन बनाए थे.पंत की यह पारी न सिर्फ भारत को मैच में बनाए रखने के लिए अहम रही, बल्कि उनके करियर के लिहाज़ से भी मील का पत्थर साबित हुई.

## हॉकी प्लेयर गैरेट रो ने अचानक किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी अमेरिका और यूरोप हॉकी प्लेयर गैरेट रो ने 15 साल के सफल करियर को अलविदा कह दिया, उन्होंने आधिकारिक तौर पर पेशेवर हॉकी से संन्यास ले लिया है. वर्जीनिया के मूल निवासी 36 वर्षीय गैरेट ने 2024-25 में हर्षे बियर के साथ अपना अंतिम सीज़न पूरा किया, जिसमें 38 खेलों में 18 अंक बनाए और प्लेऑफ़ में दो असिस्ट जोड़े.

गैरेट रो मूल रूप से लॉस एंजिल्स किंग्स द्वारा 2008 एनएचएल ड्राफ्ट के 7वें दौर में चुने गए थे. उन्होंने कभी एनएचएल में भाग नहीं लिया, लेकिन शीर्ष यूरोपीय लीग में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला. उत्तरी अमेरिका में, उन्होंने हर्षे बियर और एडिरोंडैक फैंटम्स दोनों के लिए खेला, लेकिन उनका नाम यूरोप में खेलकर बड़ा हुआ. रो ने अपने पेशेवर करियर का ज्यादातर समय ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्वीडन और स्विटजरलैंड में खेलते हुए विदेशों में बिताया.

# 25 जून जब श्रीकांत ने किया उलटफेर



### ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज में जीता खिताब

- 25 जून का दिन भारतीय बैडमिंटन जगत के इतिहास में सुनहरे दिनों के रूप में दर्ज है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 25 जून का दिन भारतीय बैडमिंटन जगत के इतिहास में सुनहरे दिनों के रूप में दर्ज है। यह वही दिन है, जब किदांबी श्रीकांत ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में उलटफेर करते हुए सुपर सीरीज जीती थी। साल 2017 को रविवार के दिन लोग टीवी के सामने बैठे थे। फैंस को उम्मीद थी कि उन्हें उस दिन किदांबी श्रीकांत से कुछ उलटफेर देखने को मिल सकता है, जिसने 18 जून को इंडोनेशिया ओपन का खिताब जीता था। श्रीकांत ने दूसरे दौर में उलटफेर करते हुए साउथ कोरिया के सोन वान हो को 15-21, 21-13, 21-13 से शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई। इसके बाद हमवतन बी साई प्रणीत को 25,23, 21-17 से मात देकर श्रीकांत सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने चीन के शी युकी को 21-10, 21-14 से मात देकर लगातार तीसरी बार सुपर सीरीज के फाइनल में जगह बना ली।

### श्रीकांत लगातार दो सुपर सीरीज खिताब जीतने वाले भारतीय पुरुष शटलर बने

फाइनल 25 जून को खेला गया। इस खिताबी मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने चीन के रियो ओलंपिक चैंपियन चेन लांग के खिलाफ 22-20, 21-16 से जीत दर्ज की। इसी के साथ श्रीकांत लगातार दो सुपर सीरीज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बन गए। इस फाइनल मुकाबले से पहले श्रीकांत चीन के इस सुपरस्टार शटलर से पांच बार भिड़ चुके थे,लेकिन हर बार उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा था, लेकिन ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में आखिरकार श्रीकांत ने चीन की इस दीवार को ढहा दिया। श्रीकांत दाईं एडी में हेयरलाइन फ्रैक्चर के चलते तीन महीनों तक बैडमिंटन कोर्ट से बाहर रहे थे। उनकी इस शानदार वापसी में कोच होंडोया का बड़ा हाथ था। श्रीकांत का यह चौथा सुपर सीरीज खिताब था। इससे पहले श्रीकांत 2014 में चाइना ओपन, 2015 में इंडिया सुपर ओपन और कुछ दिन पहले ही इंडोनेशिया ओपन जीत चुके थे। ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद किदांबी श्रीकांत ने 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2022 कॉमनवेल्थ में मेडल जीते। 2021 वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर जीतने वाले किदांबी ने अगले साल थॉमस कप जीता।किदांबी श्रीकांत को साल 2015 में अर्जुन पुरस्कार, जबकि साल 2018 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## RCB के स्टार प्लेयर ने थामा राजस्थान की टीम का साथ

नई दिल्ली, एजेंसी। आमतौर पर भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों को विदेशी लीगों में बहुत कम खेलते हुए देखा जाता है. अब भारतीय महिला टीम की स्टार स्पिनर श्रेयंका पाटिल, कैरेबियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स की टीम बारबाडोस रॉयल्स के लिए खेलती हुई नजर आएंगी. श्रेयंका पिछले लगातार चोटों से जूझती रही हैं, इसलिए पिछले सीजन महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग में भाग नहीं ले पाई थीं. वहीं 2023 सीजन में उन्होंने गुयाना वॉरियर्स की टीम को फाइनल तक का सफर तय करने में मदद की थी.कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 में श्रेयंका पाटिल बारबाडोस रॉयल्स के स्क्वाड में शामिल हुईं चौथी विदेशी खिलाड़ी बनी हैं. चमारी अटापट्टू और हेली मैथ्यूज के रूप में 2 अन्य विदेशी खिलाड़ी बारबाडोस की टीम के लिए ओपनिंग करना जारी रखेंगी. बारबाडोस रॉयल्स की बॉलिंग यूनिट काफी हद तक पिछले सीजन के समान ही दिख रही है, लेकिन श्रेयंका पाटिल के आने से उसका गेंदबाजी लाइन-अप जरूर मजबूत हुआ है.भारत की स्टार स्पिन गेंदबाज श्रेयंका पाटिल ने डब्ल्यूपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ऐतिहासिक ट्रॉफी जीत में अहम योगदान दिया था. उस जीत के बाद वो टीम इंडिया के लिए बहुत कम मैच खेल पाई हैं और अब डब्ल्यूसीपीएल में वापसी कर मैदान पर अपनी छाप छोड़ना चाहेंगी. श्रेयंका पाटिल के अलावा शिखा पांडे और सलोनी डंगोरे वे दो भारतीय खिलाड़ी होंगी, जो महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 में खेल रही होंगी. पांडे और सलोनी, दोनों त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगी. महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 6 सितंबर से होगी और टूर्नामेंट का समापन 17 सितंबर को होगा. श्रेयंका पाटिल, बारबाडोस रॉयल्स के लिए खेलने वाली हैं, जो पिछली दोनों बार से डब्ल्यूसीपीएल का खिताब जीतती आ रही है. बता दें कि बारबाडोस रॉयल्स की टीम अभी तक तीनों बार डब्ल्यूसीपीएल के फाइनल में पहुंची है.



# इंटर मियामी और पाल्मेरास ने ड्रा खेला, दोनों टीमें नॉकआउट के लिए क्वालीफाई



**मियामी, एजेंसी।** इंटर मियामी और पाल्मेरास ने मंगलवार (आईएसटी) को 2-2 से ड्रॉ खेला और इसके साथ ही दोनों टीमें फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर गईं। पाल्मेरास ने लियोनेल मेसी के लिए एक बेहतरीन जन्मदिन का तोहफा छीन लिया। इंटर मियामी ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में 79 मिनट तक बढ़त बनाए रखी, इससे पहले ब्राजीलियाई टीम ने लगातार दो गोल करके ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया।

लुइस सुआरेज द्वारा मिडफील्ड में एक लंबी गेंद को आगे की ओर धकेलने के बाद हेरॉन्स ने बढ़त हासिल कर ली। युवा अर्जेंटीनाई खिलाड़ी पाल्मेरास के डिफेंडरों को चकमा देते हुए वेवर्टन को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया। सुआरेज ने दूसरे हाफ में समय को पीछे की ओर मोड़ दिया, कई डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त को दोगुना कर दिया। लेकिन मैच खत्म होने में दस मिनट बाकी थे, स्थानापन्न पॉलिन्हो और एलन ने मिलकर पेनल्टी एरिया में प्रवेश किया। पॉलिन्हो ने पाल्मेरास के प्रशंसकों के सामने गोल दागा, जिससे अंतिम चरण में एक रोमांचक मोड़ आया। समय समाप्त होने के साथ ही पाल्मेरास ने बॉक्स में गेंद फेंकी, जिसे ठीक से क्लीयर नहीं किया गया और स्थानापन्न मौरिसियो के पास गिरी, जिन्होंने बॉक्स के किनारे से गोल दागा, जिससे यात्रा कर रहे प्रशंसक खुशी से झूम उठे। यह हमारे लिए एक शानदार मैच था, दक्षिण अमेरिका की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना मुश्किल है। शायद अंत में मैच हमारे हाथ में था, इसलिए यह अजीब लग रहा था, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अगर कोई मुझसे कहता कि हम इस तरह की टीमों के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन करने जा रहे हैं, तो मैं इस पर हस्ताक्षर कर देता। इंटर मियामी के मुख्य कोच जेवियर मास्चेरानो ने कहा, यह एमएलएस के लिए एक ऐतिहासिक रात है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ 16 टीमों में शामिल हैं और सभी एमएलएस को इंटर मियामी पर गर्व होना चाहिए।

इंटर मियामी रविवार को अटलांटा में ग्रुप बी विजेता और यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन का सामना करेगा। पाल्मेरास शनिवार को फिलाडेल्फिया में साथी ब्राजीलियाई टीम और कॉनमेबोल कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियन बोटाफोगो से भिड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में विमानों का फ्यूल चुराने वाला गैंग दबोचा, रोज 5000 लीटर एटीएफ कर रहे थे चोरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की तस्करी करने वाले बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। यह गैंग पिछले तीन वर्षों से रोजाना करीब 5 हजार लीटर एटीएफ चोरी कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें गोदाम मालिक, ट्रांसपोर्टर, टैंकर चालक और अवैध ईंधन खरीदने वाले शामिल हैं। पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मुंडका इलाके में स्थित एक गोदाम में छापेमारी कर 72 हजार लीटर एटीएफ, तीन तेल टैंकर, दो पिकअप ट्रक, छह जाली डिप रॉड, डुप्लीकेट चाबियां और करीब 1.05 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। स्याही और पेंट उद्योग में होता है इस्तेमाल : यह गैंग पिछले तीन वर्षों से रोजाना करीब 5 हजार लीटर एटीएफ चोरी कर रहा था, जिससे हर महीने करीब 1.5 लाख लीटर ईंधन की चोरी हो रही थी। पुलिस के मुताबिक, इस अवैध धंधे से हर महीने करीब 1.62 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा था। चोरी का एटीएफ खुले बाजार में मिनरल टर्पेन्टाइन ऑयल (एमटीओ) के नाम पर बेचा जाता था, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर स्याही और पेंट उद्योग में होता है।गिरफ्तार आरोपियों में मास्टरमाइंड गया प्रसाद यादव शामिल है, जो पूर्व टैंकर चालक है। वह एटीएफ 30 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदता और 50 रुपये लीटर में बेचता था। अन्य आरोपी राजकुमार चौधरी 40 रुपये लीटर में खरीदकर 43-50 रुपये लीटर में बेचता था। अशपाल सिंह भुल्लर ट्रक मालिक है, जबकि राम भरोसे यादव, अंजय रॉय और सुबोध कुमार यादव ट्रक चालक हैं, जिन्हें प्रति ट्रिप 1500 रुपये मिलते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर डिलीवरी के लिए एटीएफ को बहादुरगढ़ स्थित एचपीसीएल असौदा डिपो से लोड किया जाता था। आरोपी ड्राइवर, ट्रांसपोर्टर और गोदाम मालिक की मिलीभगत से जीपीएस सिस्टम में छेड़छाड़ कर टैंकरों को मुंडका गोदाम ले जाते थे। डुप्लीकेट चाबियों से टैंकर के ताले खोले जाते और जाली डिप रॉड का इस्तेमाल कर वैध डिलीवरी का फर्जी रिकॉर्ड दिखाया जाता।

### दिल्ली के मोती नगर में बैंक्वेट हॉल में भीषण आग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मोती नगर के पास एक बैंक्वेट हॉल में सोमवार रात को भीषण आग लग गई। इसके बाद दमकल की कम से कम 24 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि एक के फंसे होने की आशंका के चलते बचाव अभियान जारी है। डीएफएस अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग को रात आठ बजकर 47 मिनट पर इस संबंध में सूचना मिली। शुरुआत में दमकल की 18 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन स्थिति को देखते हुए बाद में छह और गाड़ियां भेजी गईं। अधिकारी ने बताया- हमें डीएलएफ मोती नगर के सामने स्थित गोल्डन बैंक्वेट हॉल में आग लगने के संबंध में रात 8:47 बजे पर सूचना मिली। दमकल की कुल 24 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के उप प्रमुख एसके दुआ ने कहा- आग मध्यम श्रेणी की थी। आग पर अभी पूरी तरह काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आशंका है कि कोई फंसा हुआ है, इसलिए बचाव अभियान जारी है। इस घटना के वीडियो फुटेज में घटनास्थल पर आसमान में धुएं का घना गुबार उठता दिख रहा है, जबकि बैंक्वेट हॉल का बड़ा हिस्सा आग की लपटों से घिरा हुआ है। खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर एहतियात के तौर पर एंबुलेंस और पुलिस की टीम तैनात हैं। अधिकारियों ने लोगों को दूर रखने के लिए घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है। यही नहीं आसपास के ट्रैफिक को दूसरे मार्ग की तरफ मोड़ दिया है। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। डीएफएस ने कहा कि आग पर काबू पाने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

# दिल्ली के पेट्रोल पंप डीलर्स स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंतित

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन (डीपीडीए) ने राजधानी में 1 जुलाई से अपनी उम्र पूरी कर चुके वाहनों (ईएलवी) को पेट्रोल-डीजल नहीं देने के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के आदेश पर चिंता जताई है। डीपीडीए ने इस संबंध में परिवहन मंत्रालय को पत्र लिखकर प्रवर्तन पर स्पष्टता, कर्मचारियों की सुरक्षा तथा पेट्रोल डीलरों पर दंडात्मक प्रावधानों को वापस लेने की मांग की है। सीएक्यूएम के अनुसार, 10 साल से अधिक पुरानी डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों को ईएलवी माना जाता है।

सीएक्यूएम की तरफ से मार्च में जारी निर्देश के तहत 1 जुलाई से दिल्ली में पेट्रोल पंपों पर उम्र पूरी कर चुके वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक लगा दी गई है। यह नियम 1 नवंबर से एनसीआर में आने वाले पांच जिलों - गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत में लागू होगा। वहीं एनसीआर के बाकी हिस्सों में 1 अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा।

एसोसिएशन ने कहा कि यह निर्देश आवश्यक वस्तु अधिनियम के विपरीत है, जिसके तहत ग्राहकों को ईंधन देने से मना नहीं किया जा सकता।

पत्र में कहा गया है, पेट्रोल पंप कर्मचारी प्रवर्तन अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए सुसज्जित नहीं हैं। ऐसा करने से टकराव हो सकता है। इसमें गाजियाबाद में 2014 की एक घटना का हवाला दिया गया है, जिसमें हेलमेट अनिवार्य होने के बावजूद पेट्रोल देने से मना करने पर पेट्रोल पंप कर्मचारी को गोली मार दी गई थी। डीपीडीए ने निर्देश को सुरक्षित रूप से लागू करने के लिए पेट्रोल पंपों



पर पुलिस या सिविल डिफेंस कर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

पत्र में कहा गया है, अनुपालन न करने पर डीलरों या पेट्रोल पंप कर्मियों को गिरफ्तार करने सहित दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान न तो व्यावहारिक है और न ही स्वीकार्य है। इस तरह के उपायों से न केवल आवश्यक सेवाएं बाधित होंगी, बल्कि यह योजना भी बेकार हो जाएगी। एसोसिएशन ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) नहीं होने का भी जिक्र किया और इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि एनसीआर में कार्यान्वयन में देरी से ईएलवी को सड़कों से हटाने के बजाय बिक्री आसपास के शहरों में शिफ्ट हो जाएगी। एसोसिएशन ने एनसीआर में एक समान नीति के लागू करने की मांग की।

डीपीडीए ने इस बात पर जोर दिया कि मोटर वाहन अधिनियम को लागू करने का काम दिल्ली पुलिस और परिवहन विभाग का है, पेट्रोल पंप कर्मचारियों का नहीं। उन्होंने अपनी मांगों पर चर्चा करने के लिए 1 जुलाई से पहले मंत्रालय के साथ एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। एचटी ने इस पर प्रतिक्रिया के लिए सीएक्यूएम से संपर्क किया, लेकिन खबर छपने तक कोई जवाब नहीं मिला।

### कर्मचारियों को वेतन न देना अवमानना, एमसीडी अफसरों पर भड़का दिल्ली हाईकोर्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट की सख्ती के बावजूद सिविक एजेंसी पर कोई असर होता नहीं दिख रहा है। हरदयाल म्यूनिसिपल हेरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी के कर्मचारी बगैर वेतन कई साल से यहां काम कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और लाइब्रेरी सचिव के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को पुन: शुरू करने को कहा है।

जस्टिस अनीश दयाल की बेंच ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अतिरिक्त उपायुक्त की ओर से 18 दिसंबर, 2024 को दिए गए आश्वासन का पालन नहीं करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। बेंच ने कहा कि निगम के अधिकारी अपने ही बयानों पर खरे नहीं उतरे हैं।

निगम के अतिरिक्त उपायुक्त आश्वासन देकर गए थे कि वह तीन साल से बगैर वेतन के काम कर रहे हरदयाल म्यूनिसिपल हेरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी के सभी कर्मचारियों का 31 मार्च 2025 तक का वेतन और अन्य भत्ते 15 अप्रैल 2025 तक जारी कर दिए जाएंगे, लेकिन जून 2025 आने पर भी कर्मचारियों को उनका पूरा वेतन नहीं दिया गया है। बेंच ने लाइब्रेरी सचिव को 14 अगस्त को अदालत में तलब किया है। साथ ही एमसीडी को हिदायत दी है कि यदि अगली सुनवाई 14 अगस्त से पहले कर्मचारियों को पूरा वेतन नहीं मिला तो अवमानना की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। इस मामले में एमसीडी की ओर से स्थायी वकील तुषार सानू ने बताया कि 11.93 करोड़ रुपये की राशि वेतन के लिए स्वीकृत की गई है, जिसमें से दो करोड़ रुपये लाइब्रेरी सचिव को जारी किए जा चुके हैं। लेकिन याचिकाकर्ता के वकील अनुज अग्रवाल ने बताया कि कर्मचारियों को केवल 31 मार्च 2023 तक का वेतन मिला है, और अब भी दो साल तीन महीने की राशि बकाया है। अदालत के सख्त रुख के बाद अब सबकी नजरें 14 अगस्त की सुनवाई पर टिकी हैं।

## दिल्ली में करने वाले थे टारगेट किलिंग, खालिस्तानियों की बड़ी साजिश नाकाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने खालिस्तान टाइगर फोर्स के सरगना अर्श डल्ला के एक खौफनाक हत्या के प्लान को नाकाम कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में एक टारगेटेड हत्या के लिए लाए गए हथियारों की खेप पकड़ी और गैंग के एक अहम सदस्य को गिरफ्तार किया। स्पेशल टास्क फोर्स, जिसका नेतृत्व एसीपी दलीप और इंस्पेक्टर शिव कुमार कर रहे थे, ने ओखला के ईएसआई अस्पताल के पास बस स्टैंड पर छापा मारा। इस ऑपरेशन में एकमजोत सिंह संधू को पकड़ा गया, जिसके पास से चार सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल (दो .30 बोर और दो .32 बोर) और तीन अतिरिक्त मैगजीन बरामद हुईं। यह जानकारी डीसीपी साउथईस्ट ऐश्वर्या शर्मा ने दी।

जांच से पता चला कि पंजाब के मनसा का रहने वाला संधू मध्य प्रदेश के सप्लायरों से हथियार खरीदकर पंजाब में अर्श डल्ला के करीबी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा भिखी को



पहुंचा रहा था। केटीएफ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बीच गहरी दुश्मनी है, जिसके चलते दिल्ली, पंजाब और अन्य राज्यों में कई हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस संधू से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों और हथियार तस्करी के नेटवर्क का पता लगा रही है।

हरदीप निज्जर की हत्या के बाद अर्श डल्ला ने केटीएफ की कमान संभाली। दिसंबर 2022 में दिल्ली में एक हिंदू व्यक्ति की हत्या की साजिश रचने के बाद से वह भारत की 'मोस्ट वॉन्टेड' लिस्ट में है। जुलाई 2020 में कनाडा भागने वाला डल्ला हत्या, उगाही और टारगेटेड किलिंग जैसे अपराधों में वांछित है। उसके खिलाफ 20 से ज्यादा स्नढ्ढक्र दर्ज हैं। 2020 और 2021 में डेरा सच्चा सौदा के दो अनुयायियों की हत्या में उसकी भूमिका सामने आई थी। जनवरी 2023 में गृह मंत्रालय ने उसे आतंकवादी घोषित किया। संधू की गिरफ्तारी के साथ दिल्ली पुलिस केटीएफ के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने में जुटी है। पूछताछ के जरिए गैंग के अन्य ठिकानों और हथियारों की तस्करी के रास्तों का खुलासा किया जा रहा है। यह ऑपरेशन दिल्ली में एक बड़ी वारदात को रोकने में कामयाब रहा।

### दिल्ली-एनसीआर में दो दिन तेज बारिश , बचा हुआ जून देगा खूब सुकून

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में मौसम अभी कूल-कूल रहने वाला है। बचा हुआ जून गर्मी से खूब सुकून देगा। मौसम विभाग की ओर से जारी अनुमान के मुताबिक अगले एक सप्ताह में दिल्ली-एनसीआर में बादल और बारिश का सिलसिला जारी रहेगा और अधिकतम तापमान 35-36 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। दिल्ली-एनसीआर में 24 से 48 घंटे के भीतर मॉनसून की एंट्री होने वाली है। मंगलवार और बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भारी बारिश और तेज हवा चलने का अनुमान है। दो दिनों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 24 और 25 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे। हल्की से तेज बारिश हो सकती है। बादलों की गरज और बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। इस दौरान 25 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर में मॉनसून भी दस्तक दे सकता है। इस बार दिल्ली में मॉनसून काफी जल्दी एंट्री ले रहा है। दिल्ली के साथ नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में भी मौसम अभी मेहरबान रहने वाला है।

## हरियाणा बड़े के बदमाश का दिल्ली पुलिस ने किया खात्मा, भीषण एनकाउंटर में मारा गया रोमिल वोहरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के कुख्यात बदमाश रोमिल वोहरा का वही हश्र हुआ जो उसके जैसे अपराधियों का अक्सर होता है। महज 20 साल की उम्र में अपराध की दुनिया का बड़ा नाम बन चुका रोमिल मंगलवार सुबह एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया। रोमिल पुलिस के लिए कितना बड़ा सिरदर्द बन चुका था इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि हरियाणा में उस पर 3 लाख रुपये से अधिक का इनाम घोषित किया जा चुका था।

पिछले कुछ महीनों में रोमिल ने अति कर दी थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि हरियाणा में लगातार हो रहे निर्मम हत्याकांडों में अपराधी रोमिल वोहरा शामिल था। हरियाणा के यमुनानगर का निवासी रोमिल कई मामलों में वांछित था। उसने कुरुक्षेत्र में सनसनीखेज शांतनु हत्याकांड और यमुनानगर में एक जघन्य तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। अलग-अलग मामलों में उसके ऊपर हरियाणा पुलिस और सरकार की ओर से 3.10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया जा चुका था। हर थाने में उसका पोस्टर भी चिपकाया गया था। पुलिस ने कई बार पोस्टर जारी करके सूचना देने वाले को इनामी राशि देने की घोषणा की थी। अपराधी रोमिल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दर्ज एक आर्म्स एक्ट के मुकदमे में भी वांछित चल रहा था। हरयाणा में हुई हत्याओं की जिम्मेदारी बैंकाक से प्रत्यर्पित गैंगस्टर वीरेंदर प्रताप उर्फ काला राणा और उसके विदेश बैठे भाई सूर्य प्रताप उर्फ नोनी राणा ने ली थी। रोमिल राणा गैंग का कुख्यात शूटर था। वह इन दिनों गैंग का प्रमुख चेहरा बन गया था। लगातार सनसनीखेज वारदातों को अंजाम देकर वह लगातार गैंग में ऊपर चढ़ रहा था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 23 जून की देर रात हरियाणा पुलिस की एसटीएफ से सूचना मिली कि रोमिल दिल्ली में किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने जा रहा है। इस पर हरियाणा एसटीएफ और स्पेशल सेल की एक जॉइंट टीम ने ऐक्शन लिया। 24 जून की सुबह दक्षिणी दिल्ली में किशनगढ़ थानाक्षेत्र में रोमिल को घेर लिया गया। हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर के समीप पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अपराधी रोमिल की मुठभेड़ हुई, जिसमें दिल्ली और हरयाणा पुलिस के एक-एक एसआई घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में रोमिल को भी गोलियां लगीं।

## 3 देशों ने ईरान को अमेरिका-इजराइल के खिलाफ खूब भड़काया, कहा-हमलों का परमाणु हथियारों से दो जवाब

**मोस्का, बीजिंग, एजेंसी।**
ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम से ठीक पहले रूस, चीन और पाकिस्तान ने ईरान को खूब भड़काने का काम किया और खुलकर समर्थन करते हुए कहा है कि तेहरान को परमाणु हथियार रखने का अधिकार है ताकि वह अमेरिका और इजराइल की सैन्य आक्रामकता से अपना बचाव कर सके। अमेरिका द्वारा ईरानी परमाणु ठिकानों पर की गई बमबारी के बाद रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने एक साक्षात्कार में कहा, कुछ देशों को अब ईरान को अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए, जिसमें परमाणु विकल्प भी शामिल हो सकता है। हालांकि बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि रूस परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन नहीं करेगा। तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह वैश्विक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय



कानून के खिलाफ है। चीन की मांग है कि क्षेत्र में तुरंत युद्धविराम लागू हो और कूटनीतिक वार्ता शुरू की जाए। पाकिस्तान ने ब्रिक्स के बंद सत्र में ईरान को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए उचित विकल्प चुनने का समर्थन दिया। इस्लामाबाद ने कहा कि यदि क्षेत्र में परमाणु संतुलन जरूरी है, तो इसे केवल एक पक्ष के पास नहीं रहना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में इन बयानों को लेकर तीखी बहस हुई। यूरोपीय देशों ने चिंता जताई कि इससे परमाणु हथियारों की दौड़ तेज हो सकती है।अमेरिका और इजराइल ने इन बयानों की निंदा करते हुए इसे उकसाने वाला और गंभीर सुरक्षा खतरे को जन्म देने वाला बताया।

2025 में ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान स्थित परमाणु केंद्रों पर बंकर बस्टर बमों से हमला किया गया, जिससे तेहरान को भारी नुकसान हुआ। इस हमले के बाद ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर हमला दोबारा होता है, तो वह अमेरिका और उसके सहयोगियों के सैन्य ठिकानों को वैध लक्ष्य मानेगा। अब रूस, चीन और पाकिस्तान जैसे वैश्विक खिलाड़ी ईरान को सुरक्षा के लिए परमाणु विकल्प का समर्थन दे रहे हैं।रूस, चीन और पाकिस्तान के इस रुख से साफ है कि ईरान का परमाणु मुद्दा अब केवल एक देश की सीमा नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीतिक ध्रुवीकरण का विषय बन चुका है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अमेरिका और यूरोप इस पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं और क्या कूटनीति इस विस्फोटक परिस्थिति को संभाल पाएगी।

## अगर अमेरिका को अड्डा मिला तो रिश्ते खत्म - चीन की पाकिस्तान को सख्त चेतावनी से दक्षिण एशिया में हलचल

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन ने हाल ही में पाकिस्तान को एक सख्त संदेश देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अगर इस्लामाबाद ने अमेरिका को अपनी धरती पर सैन्य अड्डा स्थापित करने की अनुमति दी, तो बीजिंग उसके साथ अपने सभी संबंध खत्म कर सकता है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका और पाकिस्तान के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ने की खबरें चर्चा में हैं। चीन ने इसे न केवल अपनी सुरक्षा के लिए खतरा माना है बल्कि अपनी आर्थिक और रणनीतिक योजनाओं पर सीधा हमला भी बताया है। हाल के वर्षों में पाकिस्तान और अमेरिका के संबंधों में कुछ नरमी देखी गई थी, लेकिन अब खबरें सामने आ रही हैं कि दोनों देशों के बीच फिर से सुरक्षा और सैन्य सहयोग बढ़ाने की कोशिशें हो रही हैं। चीन इस संभावित गठबंधन को अपने हितों के खिलाफ मानता है, खासकर क्योंकि वह पहले ही अपने महत्वाकांक्षी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर अरबों डॉलर का निवेश कर चुका है। चीन के लिए यह गलियारा न केवल व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक रूप से भी बेहद अहम है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का एक बड़ा हिस्सा छ्क्क्ष्ट है जो पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से होकर गुजरता है। यदि पाकिस्तान ने अमेरिकी सैन्य अड्डों को अनुमति दी तो चीन को आशंका है कि अमेरिका उसकी क्चक्रढ्ढ परियोजनाओं की जासूसी कर सकता है या उन पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रभाव डाल सकता है। चीन ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी हालत में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# ईरान के ताबड़तोड़ मिसाइल हमले में 4 इजरायली मरे, 20 घायल , बंद करना पड़ा हवाई क्षेत्र

**तेल अवीव, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीजफायर वाले दावे को ईरान ने ताबड़तोड़ मिसाइल हमलों से ध्वस्त कर दिया। मंगलवार सुबह ईरान ने इजरायल के बीरशेबा शहर में एक रिहायशी इमारत पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसमें चार इजरायली नागरिकों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। हमले के बाद इजरायल में हड़कंप मच गया और देश भर में सायरन बजने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इजरायल को अपना हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा।

**ट्रम्प ने सीजफायर का दावा किया**

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार तड़के 3:30 बजे ईरान और इजराइल के बीच सीजफायर का दावा किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि इजराइल और ईरान के बीच सीजफायर अब से 6 घंटे बाद लागू होगा। पहले 12 घंटे के लिए ईरान हथियार डालेगा। फिर अगले 12 घंटे के लिए इजराइल हमला नहीं करेगा और जंग आधिकारिक रूप से खत्म हो जाएगी। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजराइली सेना के प्रवक्ता ने सीजफायर को लेकर ट्रम्प के बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

**ईरान ने 6 बार इजराइल पर हमला किया**

ट्रम्प के सीजफायर के ऐलान के बाद से ईरान के विदेश मंत्री ने इसे खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि इजराइल के साथ अभी कोई अंतिम युद्धविराम समझौता नहीं हुआ है। अगर इजराइल, हमले रोक देता है, तो ईरान भी हमले नहीं करेगा। कुछ ही देर बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बार बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी। मेडिकल टीम ने बताया कि हमले में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं। इजरायल के



बीरशेबा शहर में ईरान के एक मिसाइल हमले से प्रभावित इमारत से दमकलकर्मियों ने चार लोगों के शव बरामद किए हैं। आपात सेवा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ईरान ने दक्षिणी इजरायल के सबसे बड़े शहर को सीधे सीधे निशाना बनाकर यह मिसाइल हमला किया था। कुछ दिन पहले ईरान के हमले में इसी शहर के अस्पताल को भारी नुकसान पहुंचा था। खोज और बचाव दल ने कहा कि उन्होंने बीरशेबा में एक इमारत से चार शवों को बरामद किया और अन्य लोगों की तलाश जारी है।

इजरायल विमानपत्तन प्राधिकरण ने कहा कि ईरान के हमलों के कारण उन्हें देश के हवाई क्षेत्र को उन सभी यात्री विमानों के लिए बंद करना पड़ा है, जो मंगलवार को इजराइल के हवाई अड्डों पर उतरने या उनसे से प्रस्थान करने वाले थे। इनमें आपातकालीन उड़ानें भी शामिल हैं। इजरायल के मीडिया के अनुसार, कुछ उड़ानों को भूमध्य सागर के ऊपर चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल के हवाई अड्डे बंद हैं, लेकिन पिछले कुछ दिन में कुछ आपातकालीन उड़ानें आनी-जानी शुरू हो गई थीं। ट्रंप ने सोमवार देर रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन से चल रही जंग को रोकने के लिए दोनों देशों ने चरणबद्ध युद्धविराम पर सहमति जता दी है। उन्होंने कहा था कि मंगलवार आधी रात से सीजफायर शुरू हो जाएगा, जिसमें पहले ईरान और फिर इजरायल हमले रोकेंगे। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ट्रंप के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है। अराघची ने शर्त रखी कि अगर इजरायल सुबह 4 बजे तक हमले बंद करता है, तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा।

लेकिन, ट्रंप के ऐलान के कुछ घंटों बाद ही ईरान ने इजरायल पर छह बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिसने मध्य पूर्व में शांति की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने बताया कि मिसाइलों को रोकने के लिए उनके रक्षा तंत्र सक्रिय थे, लेकिन बीरशेबा में एक मिसाइल ने भारी नुकसान पहुंचाया। हमले के बाद तेल अवीव और यरुशलम में भी धमाकों की आवाजें सुनी गईं।

दूसरी ओर, ईरान ने कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद पर भी 19 मिसाइलें दागीं, हालांकि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ क्योंकि ईरान ने पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। कतर, कुवैत और अन्य खाड़ी देशों ने हमले के बाद अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए, हालांकि बाद में कतर ने इसे फिर से खोल लिया। ईरान के सरकारी मीडिया ने दावा किया कि उनके हमलों ने इजरायल को सीजफायर के लिए मजबूर किया, जबकि इजरायल ने अभी तक ट्रंप के दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले दावा किया था कि ईरान ने ट्रंप की हत्या की साजिश रची थी, जिसे ट्रंप ने भी गंभीरता से लिया। मध्य पूर्व में तनाव चरम पर है।

# मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान को जन आंदोलन बनाएं : उपायुक्त

041

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रहे राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का समापन कार्यक्रम जिला में 26 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त के आवासीय कार्यालय सह गोपनीय शाखा में एक बैठक का आयोजन संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, जिला नजारत उपसमाहर्ता वंदना शेजवलकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी मो शफीक आलम सहित अन्य उपस्थित थे।



**अभियान के समापन समारोह को भव्य और गरिमामयी बनाएं-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने 10 से 26 जून तक चल रहे हैं कार्यक्रमों के समापन समारोह को भव्य एवं गरिमामई बनाने हेतु निर्देशित किया ताकि पूरे अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। इस बाबत निर्णय लिया गया कि अमृत पार्क फेज 5 नियर गरगा पुल के समीप से लेकर सुभाष चौक तक कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी विशेष कर 11वी एवं 12वी के बच्चे एवं कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को भी जोड़ा जाएगा। यह आंदोलन निषेध मादक पदार्थों के विरुद्ध एक वृहद जागरूकता अभियान के संदर्भ में चलाया जा रहा है।

**उपायुक्त ने किया जिलेवासियों से अपील-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने आमजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़कर निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध इसे जन आंदोलन में जोड़ने में अपनी महती भूमिका निभाए। उपायुक्त ने आगामी दिनांक 26 जून 2 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के निमित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी है। यह कार्यक्रम जिला स्तर के साथ-साथ अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी आयोजित की जाएगी। ताकि संपूर्ण जिला में एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे भी भाग लेंगे। जेएसएलपीएस की महिला समूह भी इसमें शिरकत करेंगी।

**कार्यक्रमो का आयोजन पंचायत से लेकर जिला स्तर तक किये जायेंगे-**

जिला स्तर पर जहां यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय में आयोजित किए जाएंगे वहीं अनुमंडल स्तर पर अनुमंडल मुख्यालय, प्रखंड स्तर पर प्रखंड मुख्यालय एवं पंचायत स्तर पर पंचायत सचिवालय में आयोजित किए जाएंगे। जनप्रतिनिधियों से भी इसमें सहयोग की अपील की गई है ताकि यह जागरूकता जन-जन तक, घर-घर तक पहुंच सके और हमारी युवा पीढ़ी निषिद्ध मादक पदार्थों के चंगुल में फंसने से बच सकें।

# उप विकास आयुक्त के जनता दरबार में उमड़े फरियादी, सुनी समस्याएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से काफी संख्या में फरियादी अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याओं को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने जनहित से जुड़े सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही कई आवश्यक निर्देश जारी किए और संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निष्पादन का आदेश दिया। जनता दरबार में ज्यादातर मामले जमीन से जुड़ी थी, जिसमें कई लोगों ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इस पर डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध रूप से जमीन कब्जा करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति दूसरों की भूमि पर जबरन कब्जा करता है या विवाद उत्पन्न करता है, तो उसके विरुद्ध झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने जिले के सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवादों के मामलों में तत्परता से जांच करें और दोषियों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें।



**50 से ज्यादा मामलों पर की सुनवाई, दिया निर्देश**

आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर डीडीसी ने क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 50 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए एक सप्ताह में निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, डीपीएलआर, राजस्व, चास अंचल, जिला ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

**विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने किया मुलाकात**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त से मंगलवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों/पंचायत प्रतिनिधियों ने मुलाकात किया। उनके पदस्थापन को लेकर उन्हें बधाई दी। साथ ही, अपनी समस्याओं को भी डीडीसी के समक्ष रखा। मौके पर डीपीएलआर मेनका, जन शिकायत के प्रभारी पदाधिकारी पियूष, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा समेत अन्य उपस्थित थे।

# मादक पदार्थों के प्रति जागरूकता हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा बाल विकास परियोजना, जरीडीह एवं पेटरवार के तत्वावधान में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जरीडीह एवं पेटरवार के सेविका एवं सहायिका द्वारा चित्रांकन प्रतियोगिता और शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में जरीडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में चित्रांकन प्रतियोगिता एवं सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों, किशोरियों एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को जन-जन तक पहुँचाया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में पेटरवार प्रखंड के चंदों पंचायत में भी चित्रांकन प्रतियोगिता के माध्यम से संदेश दिया गया। सेविका, सहायिका, किशोरियों एवं युवाओं द्वारा चित्रकला के माध्यम से यह बताया गया कि मादक पदार्थों की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज को कैसे प्रभावित करती है और इससे कैसे बचा जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेषकर किशोर-किशोरियों, महिलाओं एवं युवा वर्ग को नशे के खिलाफ जागरूक करना तथा उन्हें एक स्वस्थ, नशामुक्त जीवन की दिशा में प्रेरित करना है।



**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया जागरूकता का संदेश-**

सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा भी प्रशिक्षित कलाकारों ने नाट्य प्रस्तुति के जरिए यह बताया कि मादक पदार्थों की लत कैसे व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। नाटकों के माध्यम से केवल व्यक्ति विशेष को बोल कि पूरे परिवार और समाज को नुकसान पहुंचता है इस जावा का अभियान का उद्देश्य था कि किशोर किशोर किशोरी महिलाओं और युवाओं को नशे की ओर से जाने से रोका जाए और उन्हें एक स्वस्थ, आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जाए। वहीं, जिले के विभिन्न प्रखंडों में एलईडी जागरूकता वैन के माध्यम से भी " नशे को ना, जिंदगी को हा " थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं जिला खेल विभाग बोकारो द्वारा खिलाड़ियों में माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# सड़क सुरक्षा के तहत गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस में जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क सुरक्षा के तहत आज गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस कांड्रा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर कॉलेज कैंपस के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी गण सहित अन्य लोगों उपस्थित थे। जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन हेतु दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग से बचने एवं शराब पीकर गाड़ी नही चलाने का निर्देश तथा कोई भी वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नही करने हेतु बताया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों पुलिस उपाधीक्षक यातायात विद्या शंकर एवं पुलिस इंस्पेक्टर यातायात नीतीश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पुलिस उपाधीक्षक यातायात विद्या शंकर ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसमें हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि हम सुरक्षित यात्रा करेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा करने के लिए प्रेरित करेंगे।



**लोग जागरुक होकर यातायात नियमों का करें पालन-**

पुलिस उपाधीक्षक यातायात विद्या शंकर ने कहा कि आप सभी अपने अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय के लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताएं। ताकि लोग जागरुक होकर यातायात नियमों का पालन करें तथा दुर्घटना में कमी हो। उन्होंने आगे कहा कि सडक सुरक्षा के तरह के जन-जागरूकता संबंधी कार्यकम लगातार किये जायेगे तथा लोगों को यातायात नियमों का पालना करने एवं सड़क पर स्वयं को सुरक्षित रखने तथा दूसरों को सुरक्षित करने हेतु प्रेरित कर जागरूक करने का कार्यक्रम किया जाएगा। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी किया जाएगा । पुलिस इंस्पेक्टर यातायात नीतीश कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अलग-अलग कार्यक्रम किया जाएगा। इसी कार्यक्रम के तहत भी अन्य दूसरे जगहों पर कार्यक्रम किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना पर जागरूकता बैठक का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी संस्था के सभागार में मंगलवार को रांची महिला सुरक्षा समिति की ओर से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की जागरूकता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बोकारो जिले के अलग अलग प्रखंड क्षेत्र के लगभग डेढ़ दर्जन संस्थाओं के प्रतिनिधि समेत पंचायत प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर संस्था की अनिमा बा एवं सहयोगिनी संस्था की सचिव कल्याणी सागर मुख्य रूप से उपस्थित थीं। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते रांची महिला सुरक्षा समिति के निदेशक विशाल रघुवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करनेवाले परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई एक सरकारी योजना है। इस योजना के तहत, सरकार गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह पर 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जो सीधे बेटी के बैंक खाते में जमा की जाती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकना और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना इस योजना का उद्देश्य है। इस दौरान बैठक में इस योजना के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि योजना के तहत आवेदन करने के लिए, परिवार का नाम अंत्योदय या किसी भी तरह के राशन कार्ड धारकों की सूची में होना चाहिए। इसके लिए विवाह निबंधन प्रमाण-पत्र एवं कन्या का आधार कार्ड जरूरी है।




उन्होंने बताया कि विधवा होने के बाद अगर पुनर्विवाह का मामला हो तो राज्य सरकार लाभुक को प्रोत्साहन के रूप में दो लाख की आर्थिक मदद करती है। बशर्ते वह राज्य सरकार की किसी योजना का लाभुक न हो। साथ ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में वर और वधू की न्यूनतम कानूनी आयु विवाह योग्य होनी चाहिए। लड़की की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी राज्य या केन्द्र सरकार की सेवा में कार्यरत नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अनाथ लड़कियां जो बीपीएल श्रेणी से संबंधित नहीं हैं, वे भी इस योजना के पात्र हैं और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों के बीच समूह चर्चा एवं प्रस्तुति की गयी। मौके पर गौतम सागर, टीका प्रसाद, श्याम कुमार भारती, गुलाब चंद्र, बासुदेव शर्मा, मुखिया चंद्रशेखर नायक, विजय कुमार, अनवरी बानो, आरती जायसवाल, कुमारी किरण, प्रकाश कुमार, सोनी कुमारी, रवि कुमार राय, संगीता देवी, नीतू कुमारी, मंजू देवी, सुरजमनी देवी, अनिल हेंब्रम, अनिल हेंब्रम, विनीता देवी व अन्य लोग मौजूद थे।

# अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई कर व्यवसायियों के भय को दूर करे बोकारो पुलिस : कुमार अमित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास के आस्था ज्वेलर्स में हुई भीषण डकैती कांड के अपराधियों की शीघ्र गिरफ़्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की माँग को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित बोकारो एसपी हरविंदर सिंह से मिले। कुमार अमित ने एस.पी से कहा कि शहर में सरेआम हुई इस घटना से जिला के व्यवसायी दहशत में हैं। बोकारो वासियों में भी इसे लेकर गहरा आक्रोश है। बोकारो पुलिस शीघ्र इस कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ़्तारी कर डकैती का सामान बरामद करवाए जिससे जनता में कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रह सके। पुलिस इन अपराधियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करे जिससे अन्य अपराधियों में भी पुलिस का खौफ हो सके। कुमार अमित ने कहा कि बोकारो में सरेआम ऐसी घटना अपराधियों का बढ़ा मनोबल का हीं परिणाम है। ज़िला मे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बोकारो पुलिस को पेट्रोलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सभी तरह के अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा नेता ने एस.पी. से बोकारो पुलिस के द्वारा आए दिन वाहन चेकिंग के नाम पर आम लोगों को अनावश्यक परेशान न करने की भी माँग की। बोकारो एस.पी ने भी ज़िला में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई को करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर चास थाना प्रभारी सुषमा देवी के अलावे भाजपा नेता शिवशंकर राय, लालबाबू, करण गोराई, चंद्रप्रकाश एवं विशाल तिवारी भी उपस्थित थे।



# बीएसएल द्वारा दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से 24 जून को आशालता विकलांग विकास केंद्र में आयोजित एक विशेष शिविर में 42 दिव्यांग लाभार्थियों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राईसाइकिलें प्रदान की गई. इस मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी.आर. मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आनंद कुमार, आशालता केंद्र के निदेशक बी.एस जयसवाल, एलिम्को के प्रतिनिधि, महाप्रबंधक (सीएसआर) बी. बनर्जी, वरीय प्रबंधक (सीएसआर) एन.के. त्रिपाठी सहित बीएसएल, आशालता केंद्र एवं एलिम्को के अधिकारी, कर्मचारी, लाभार्थी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे. बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल के वितरण के मौके पर कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र न केवल इस्पात निर्माण में अग्रणी है, बल्कि जरूरतमंद वर्गों के उत्थान एवं सशक्तीकरण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने कहा कि बैटरी चालित ट्राईसाइकिल दिव्यांगजनों को गतिशीलता एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करेगी, और इस प्रकार उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास में भी मदद मिलेगी. आशालता केंद्र के निदेशक श्री बी.एस. जयसवाल ने आशा लता केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी. शिविर के दौरान निदेशक प्रभारी श्री तिवारी एवं अधिशासी निदेशकों द्वारा बोकारो एवं आस-पास के क्षेत्रों से चिन्हित लाभार्थियों को ट्राईसाइकिलें वितरित की गई. लाभार्थियों ने भी बीएसएल द्वारा किए गए इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रमका संचालन श्री सच्चिदानंद सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बी. बनर्जी द्वारा किया गया.

**महिला समिति द्वारा छात्र -छात्राओं के बीच पुस्तक, बैग और स्कूल ड्रेस का वितरण**

महिला समिति बोकारो द्वारा संचालित विद्यालय बाल मंदिर व सौरभ शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक, बैग और स्कूल ड्रेस का वितरण 24 जून को समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी की अगुवाई में किया गया. श्रीमती तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना है. उन्होंने कहा कि महिला समिति सदैव समाज के संसाधन विहीन वर्ग की मदद के लिए प्रयासरत रहती है. बोकारो इस्पात संयंत्र के सी.एस.आर विभाग की मदद से हर वर्ष इन विद्यालयों में यह वितरण संपन्न हो पाता है. इन विद्यालयों को सुचारू रूप से चलाने में समिति की सदस्याओं एवं शिक्षकगण का विशेष योगदान रहा है. कार्यक्रम श्रीमती अनिता तिवारी के नेतृत्व में तथा विद्यालय प्रभारी श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी के समन्वय में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती देवजानी मिश्रा तथा श्रीमती अल्का मनवटी, सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती अभिरुचि प्रिया, सुरभि प्रभारी श्रीमती अनीशा झा, सिलाई व सैनिटरी प्रभारी श्रीमती प्रीति राजेश, श्रीमती समिता मोहंती तथा विद्यालय प्रभारी श्रीमती आशा राज उपस्थित थीं. विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सबिता प्रमाणिक व श्रीमती रीता शर्मा तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं खुशबू, रंजू, लक्ष्मी, कंचन, मुस्कान बालमंदिर से तथा राहुल, सुमन पांडे, सुनंदा, सरिता, प्रियंका, मून सौरभ शिशु मंदिर से यहां की दैनिक गतिविधियों में अथक भागीदारी दर्ज कराई है. उन्होंने शिक्षा प्रदान करते हुए दोनों विद्यालयों को सुव्यवस्थित रखा है.

**बीएसएल में प्रबंध प्रशिक्षुओं के नए बैच ने दिया योगदान**

बोकारो स्टील प्लांट में चौदह (14) प्रबंध प्रशिक्षुओं के नए बैच ने अपना योगदान दिया है जिनके प्लांट/लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 24 जून को प्रारम्भ हुआ. इससे पहले प्रबंध प्रशिक्षुओं का सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम दिनाँक 07 जून से 18 जून तक भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित किया गया था. प्रबंध प्रशिक्षुओं के प्लांट/लोकल इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी तथा कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री पी के बैसाखिया उपस्थित थे. मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा ने अपने स्वागत अभिभाषण में प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया. कार्यक्रम की शुरूआत सुरक्षा शपथ से की गई. सभी प्रबंध प्रशिक्षुओं ने अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी के साथ सुरक्षा की शपथ ली. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री बनर्जी ने प्रशिक्षुओं के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट निरंतर नई उचाइयों को छू रहा है जिसे और आगे ले जाने में आप लोगों की भूमिका भी अपेक्षित है. श्री पी के बैसाखिया ने प्रशिक्षुओं से कहा कि उन्हें सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण की दृष्टिकोण से जीरो कार्बन इमीशन स्टील बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभानी है. धन्यवाद ज्ञापन देते हुए महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती देवाश्री रानी टोप्पो ने प्रशिक्षुओं का बोकारो स्टील प्लांट में स्वागत किया. कार्यक्रम के संचालन तथा सफल बनाने में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ का अहम योगदान रहा.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com